वाराणसी, गुरुवार 13 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 14, अंक 36, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

प्रेम और सौहार्द की भावनाओ को
विविध रंगो मे अभिव्यक्त करने वाले
महापर्व
होली
की आप सभी एवं आपके परिवार को
बधाई एवं
शुभकामनाएँ

योगेश्वर सिंह
समाजसेवक
लोकसभा क्षेत्र : सलेमपुर (७१)

संक्षेप

दीवार तोड़कर जबरन कब्जे का प्रयास, मुकदमा

बड़ागांव। तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा बलुआ में एक महिला की जमीन पर दबंगों द्वारा कथित रूप से अतिक्रमण करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता रंजना मिश्रा पत्नी ऋषभदेव मिश्रा, निवासी मौजा बौलिया, ने थाना बड़ागांव में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके स्वामित्व वाली भूमि, जो आराजी नंबर 886 (रकबा 0.109 हे.) में स्थित है, पर उन्होंने बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा कर रखा था। लेकिन विपक्षी लल्लू राम पुत्र स्व. देवन, उनकी पत्नी गीता देवी, व पुत्रगण इंदल व वीरू सहित अन्य लोगों ने उनकी बाउंड्री वाल तोड़कर उनकी जमीन पर अवैध रूप से निर्माण कार्य शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार, 28 फरवरी को जब उनके पति को इस घटना की जानकारी मिली, तो वह तत्काल मौके पर पहुंचीं। वहां उन्होंने देखा कि उनकी बाउंड्री वाल तोड़ी जा चुकी थी और विपक्षीगण नई नींव खोदकर निर्माण कार्य में जुटे थे। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई, तो आरोपियों ने उन्हें गाली-गलौज दी और हरिजन एक्ट लगाने की धमकी दी।

ट्रक की चपेट में आए दो युवक, एक की मौत

रोहनिया। मंगलवार रात्रि मोहनसराय चौकी के अंतर्गत शाहावाबाद स्थित पेट्रोल पंप के सामने हाईवे पर ट्रक की चपेट में आए दो बाइक सवारो में रोहनिया मनियारी पुर निवासी ओम प्रकाश पटेल व अनिल पटेल गंभीर रूप से घायल हो गए थे सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया था जहां से निजी अस्पताल ने उक्त दोनों को बीएचयू स्थित ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया था जहां पर दोनों का उपचार चल रहा था जिसमें बुधवार को इलाज के दौरान ओमकार पटेल उम्र 30 वर्ष की मौत हो गई मौत की खबर लगते ही घर परिवार में मातम छा गया माता मालती पत्नी रीता का रो रोकर बुरा हाल है मृतक ओमकार मजदूरी का कार्य करता था जिसको दो लड़के आलोक 8 वर्ष हार्दिक 6 वर्ष हैं मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था।

चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

वाराणसी। लंका पुलिस ने ए एन टी एफ की टीम के साथ छापेमारी करके राम जानकी मंदिर अस्सी नाला सियाराम डेरी के पीछे से आलोक राज चौबे निवासी ग्राम बरूना वार्ड नंबर एक बरुण बरु आर थाना औद्योगिक बक्सर बिहार के रहने वाले गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी के बैग की तलाशी लेने पर 1,534 किलोग्राम चरस बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 7,50 लाख रुपए बताया गया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि चरस को नेपाल से लाकर अपने साथी को बेच देता है।जिसको बेचकर अच्छा पैसा कमाता था। गिरफ्तार करने वाली टीम में सीओ राजकुमार त्रिपाठी सुरेन्द्र नाथ सिंह ए एन टी एफ लंका प्रभारी निरीक्षक शिवाकांत मिश्रा सहित टीम शामिल थी।

बहन के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

वाराणसी। कैन्ट के अर्दली बाजार निवासी एक व्यक्ति ने बड़ी बहन के खिलाफ कैन्ट में दो साल के अबोध बच्चे को लेकर गायब हो जाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया। बेटे के पिता अयूब शेख के अनुसार उसकी बड़ी बहन जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं है वह 10 मार्च रात उनके दो साल के बच्चे को लेकर चली गई है। बहुत खोजबीन के बाद जब दोनों का पता नही चला तो पिता अयूब ने बहन के खिलाफ तहरीर दी जिसपर कैन्ट पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में लगी है।

तहसील बार एसोसिएशन ने मनाया होली मिलन

पिंडरा। होलिका दहन के पूर्व संध्या पर पिंडरा तहसील के बार एसोसिएशन के द्वारा होली मिलन समारोह धूमधाम से मनाया गया इस समारोह में एसडीएम पिंडरा प्रतिभा मिश्रा, तहसीलदार विकास पांडे, एसडीएम न्यायिक प्रज्ञा सिंह सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे होली मिलन समारोह में लोग एक दूसरे को लाल गुलाल अबीर लगाकर गले लगाया और ठंड़ई व गुझिया का आनंद लिया इस मौके पर तहसील बार के अध्यक्ष कृपा शंकर पटेल, महामंत्री सुधीर सिंह, पूर्व अध्यक्ष जवाहरलाल वर्मा, शिवपूजन सिंह, राधे मोहन उपाध्याय ,हेमंत दुबे , सहित भारी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

धोखाधड़ी में मुकदमे का आदेश

वाराणसी। अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (तृतीय) पवन कुमार सिंह की अदालत ने साझीदारी में फर्म खोलने के नाम पर आठ लाख रुपये धोखाधड़ी करने के मामले में किसन सरकार के खिलाफ लंका थाने में मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार शीला त्रिपाठी अपने अधिवक्ता विकास सिंह व अनूप कुमार पांडेय की ओर से बीएनएसएस की धारा 173 (4) के तहत प्रार्थनापत्र दिया था। आरोप था कि वादिनी ने प्रफुल्ल नगर कालोनी लंका में वफल खाद्य पदार्थ के विक्रय के लिए एक दुकान खोली। जिसमे उसने बालाजी कालोनी भगवानपुर निवासी किसन सरकार को अपना साझेदार बनाया। इस दौरान दोनों के मध्य यह तय हुआ कि वादिनी पूँजी लगायेगी और सारा व्यपार किसन सरकार व आकाश देखेगा। इस दौरान आरोपितों ने वादिनी से विभिन्न तिथियों पर 8 लाख रुपये हड़प लिए और दुकान भी देखना बंद कर दिये।

एसीपी के खिलाफ अर्जी दाखिल

वाराणसी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट में विपक्षी से मिलकर उसके जमीन के कब्जा दिलाने के मामले सारनाथ एसीपी अतुल अंजान त्रिपाठी के खिलाफ अर्जी दाखिल की गई। इस मामले अर्जी को दर्ज रजिस्टर कर विपक्षी को साथ वरिष्ठ अधिकारी को अपना पक्ष रखने के नोटिस जारी किया है साथ ही इस अर्जी पर थाने से भी आख्या तलब की है। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 21 मार्च की तिथि नियत की है। तिलमापुर सारनाथ क्षेत्र के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्र ने अपने अधिवक्ता अलख नारायण सिंह के माध्यम से कोर्ट में आवेदन दिया। आवेदन में आरोप लगाया कि विपक्षी पुलिस अधिकारी होते हुए उसके जमीन को प्राथी के विरोधी के पक्ष में कब्जा दे रहे है और फर्जी मुकदमे में फसाने की धमकी की गई।

महिला अधिवक्ताओं ने उड़ाया गुलाल

वाराणसी। कचहरी के सेंट्रल बार एसोसिएशन में महिला अधिवक्ताओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया, जिसमें वकीलों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। इस मौके पर रंगों की बौछार, फूलों की होली और पारंपरिक गीत-संगीत से वातावरण पूरी तरह होलीमय हो गया। समारोह के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने होली के सांस्कृतिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को भाईचारे का संदेश दिया।

रोडवेज बस खाई में गिरी एक की मौत, 23 घायल

हादसा

घायलों को भिन्न अस्पतालों में कराया गया भर्ती

जनसंदेश न्यूज

चोलापुर। थाना क्षेत्र के चोलापुर बायपास नेशनल हाईवे पर वाराणसी जा रही रोडवेज की बस बुधवार की दोपहर अनियंत्रित होकर करीब 50 फीट खाई में जा गिरी जिसमें 24 वर्षीय विकास सिंह नामक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि 23 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए कुछ यात्रियों को मामूली चोटे आई हैं। हादसे में जान गंवाने वाला यात्री ग्राम नवरसिया थाना तरवा आजमगढ़ का निवासी है चोलापुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हादसा चोलापुर बाइपास नेशनल हाईवे वाराणसी आजमगढ़ पर घटी है, रोडवेज की बस आजमगढ़ से वाराणसी जा रही थी, जो अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई यात्रियों की चीख पुकार सुन आसपास के ग्रामीण की सूचना पर चोलापुर पुलिस और ग्रामीणों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चोलापुर भिजवाया गया। डॉक्टर ने गंभीर रूप से घायल जगदीश देवगांव तीर्थराज गाजीपुर को बीएचयू ट्रामा सेंटर व पांच और गंभीर रूप से घायल राजबली, राकेश, प्रमोद, अशोक, रामबरन को पंडित दीनदयाल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया और 16 यात्रियों को चोलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। भीषण सड़क हादसे की सूचना पर स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉक्टर आर बी यादव अपनी टीम के साथ यात्रियों के उपचार में लग गए। सड़क हादसे की सूचना पर एडीसीपी, सीपी और थाना प्रभारी चोलापुर मौके पर पहुंचकर घायल यात्रियों के स्वास्थ की जानकारी ली।

बुजुर्ग महिला की चेन छीनकर भागे बदमाश

जनसंदेश न्यूज

रामनगर। रामनगर थानांतर्गत जनकपुर न्यू कॉलोनी में घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला का पुश्तैनी लगभग पांच भर का चेन छिनकर बदमाश चंपत हो गये।

जानकारी के अनुसार पीएसी के पीछे बसे न्यू जनकपुर कालोनी निवासी स्व, राधेश्याम की पत्नी पार्वती देवी 65 वर्ष मंगलवार देर शाम घर के बाहर बैठी थी पता पूछने के बहाने बाइक सवार पहुंचे और महिला का चेन छिनकर भाग गए बताया जाता है कि घर के बाहर ही महिला का बेटा संजय पांडेय का पान गुटका संबंधित अन्य सामानों की दुकान है। और दुकान पर पर पहुंचे बाइक सवार युवकों ने कुछ सामान लेने के बाद चले गए। और दो बार दुकान की रेकी की जैसे ही दुकानदार युवक किसी काम से घर के अंदर गया तभी दुकान के बाहर बैठी महिला से पता पूछने के बहाने बाइक सवार दो युवक महिला के गले से लगभग पांच भर की सोने की चेन छीन कर भागने में सफल हो गए।चैन छीनने के बाद बाइक सवार दोनों युवक चांदमारी ग्राउंड की ओर भागे शोर सुनकर आस-पास कॉलोनी के काफी लोगों की भीड़ जुट गई। और पुलिस को सूचना दी तब तक कुछ युवकों ने दोनों बाइक सवार युवकों का पीछा किया लेकिन तब-तब युवक रफूचक्कर हो गये।

स्थानीय निवासी एडवोकेट अरुण ओझा ने बताया कि घटना की जानकारी दिए जाने के बावजूद पुलिस मौके पर 2 घंटे लेट से पहुंची। जिसको लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस की कार्यशैली पर नाराजगी जताई। मौके पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरा की मदद से युवकों का पता लगाने में जुटी रही।

होली पर केमिकल युक्त रंगों के प्रयोग से बचें : डॉ. अशोक राय

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.अशोक राय ने बताया कि होली हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्यौहार है, इसका महत्व हमारे जीवन में खुशियों और मीठास को जोड़कर एक खास स्थान रखता है।

बताया कि हर साल होली का आयोजन बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ किया जाता है। इस त्योहार में लोग एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाते हैं, पानी के रंग उड़ाते हैं, यह पर्व विभिन्न आदतों, परंपराओं और धार्मिक आराधना का प्रतीक है। होली का महत्व भी सभी को मिलकर मनाने की एक वजह बनता है और इसके माध्यम से विभिन्न समुदायों और सामाजिक वर्गों के बीच एकता और भाईचारा को स्थापित किया जाता है। होली एक रंगबिरंगा, आनंदमय और प्रेम का त्यौहार है, जो सभी को खुशी और आनंद का एहसास दिलाता है। बताया कि होली पर केमिकल युक्त रंगों के प्रयोग से बचें। कहा कि होली में केमिकल युक्त रंगों का प्रयोग घातक हो सकता हैं। होली खेलने के लिए लोग जिन रंगों का अधिकांशतः प्रयोग करते है वह ऐसे रसायनों से तैयार किये जाते है जो लोगों के लिए बेहद ही हानिकारक होते हैं। जिन लोगों को इस तरह के रंग लगाये जाते है उन्हें त्वचा रोग होने का सर्वाधिक खतरा रहता हैं। अगर ये रंग आंखों में चले जाए तो इनसे आंखों को भी क्षति पहुंच सकती है। कई बार सांस के जरिये ये रंग फेफड़ों में भी जमा हो जाते है जिसके कारण वहां भी संक्रमण हो सकता है। इसलिए सभी को केमिकल युक्त रंगों से होली खेलने से बचना चाहिए।

डीसीपी गोमती को सौंपा ज्ञापन, गिरफ्तारी की मांग

हरहुआ। बड़ागांव थाना अंतर्गत अहरक गांव में व्यापारी के उपर जानलेवा हमले में शामिल अपराधियों के गिरफ्तारी को लेकर डीसीपी गोमती जोन से बुधवार को प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल उ.प्र शिवकुमार गुप्ता के नेतृत्व में मिलकर व्यापारियों ने पत्रक देकर जोरदार मांग की। अहरक गांव के स्वर्णकार व्यापारी सियाराम वर्मा व विकास वर्मा के उपर कुछ अज्ञात बदमासों ने गोलीबारी कर 9 मार्च को लूट का अंजाम दिया, जिसमें पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस अपराध गति विधि को देखकर आसपास के व्यापारियों में भय का माहौल बना हुआ है। शासन प्रशासन व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त यदि नहीं करती है तो सभी व्यापारी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। वहीं व्यापारियों नेताओं ने न्यू लक्ष्मी हॉस्पिटल काजीसराय ,हरहुआ में इलाज करा रहे घायल व्यापारी से भी मुलाकात कुशल क्षेम जानी। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश शिवकुमार गुप्ता, प्रदेश महामंत्री वीरेन्द्र गुप्ता, प्रदेश संगठन महामंत्री शुभम सिंह व ग्रामीण जिला अध्यक्ष वाराणसी,युवा प्रदेश अध्यक्ष बृजेश केसरी, युवा महामंत्री प्रदीप अग्रहरि, सदस्य रामबाबू, सदस्य रमेश,अशोक आशीष, रवि, दीपक गुप्ता आदि व्यापारी भाई उपस्थित रहे।

15 लाख की दो हजार लीटर शराब की नष्ट

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। लंका क्षेत्र में होली से पहले 15 लाख की शराब नष्ट की गई। पुलिस की मौजूदगी में इसे नष्ट किया गया। जानकारी के अनुसार इस शराब को पिछले दो वर्षों से रखा गया था।

लंका थाना अंतर्गत रमना लौटूवीर मंदिर के पास आज एसीपी भेलूपुर डॉक्टर ईशान सोनी और लंका इंस्पेक्टर की देखरेख में शराब को नष्ट किया गया। इस दौरान रोलर चलकर सभी शराब को जमींदोज किया गया। बातचीत के दौरान एसीपी भेलूपुर डॉक्टर ईशान सोनी ने बताया कि 12 मार्च 2025 को न्यायालय के आदेश पर आबकारी अधिनियम के माल मुकदमाती को विनष्टीकरण किया गया। इसमें 2000 लीटर शराब जिसकी कीमत 15 लाख रुपए आंकी जा रही है। उन्होंने बताया कि लंका क्षेत्र के लौटूवीर मंदिर के पास इसको नष्ट किया गया। उन्होंने कहा कि इस दौरान पर्यावरण अधिकारी भी मौजूद रहे। डीआर ईशान सोनी ने बताया कि कई मुकदमों का यह माल है यह लगभग 2 वर्षों से रखा था इस पर मुकदमे भी पंजीकृत थे। उन्होंने कहा कि आदेश के क्रम में सभी थाने इससे प्रेरणा लेकर अपने मलखान को खाली करना सुनिश्चित करेंगे जो माल लंबे समय से पड़े हुए हैं उसका न्यायालय से आदेश लेकर विनष्टीकरण का कार्रवाई करेंगे। इस दौरान काफी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी बलिया (अतिरिक्त)
स्थान कलेक्ट्रेट परिसर बलिया समक्ष
लम्बित अपील निम्न पता
अपील संख्या-1497/4603 सन् 2012
अन्तर्गत धारा-11(1) उ0प्र0जो0म0स0
केशव बनाम गंगासागर व अन्य
मौजा-करेन्जा, परगना-गड़हा, तहसील व जिला-बलिया
सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 19.03.2025
निम्नांकित पते के व्यक्तियों/विपक्षीगण

1. गंगासागर पुत्र जगदीश सिंह साकिन-सलेमपुर, परगना-गड़हा, तहसील व जिला-बलिया।
2. अनिल
3. अभिषेक

पुत्र-ओमप्रकाश साकिन-चौरा तहसील व जिला-बलिया

4. छविनाथ पुत्र रामलक्षन साकिनान-चौरा, तहसील व जिला-बलिया।

उपरोक्त प्रतिपक्षीगण को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि नियत तिथि पर 10 बजे सुबह अदालत में उपस्थित होकर अपील की पैरवी करें अन्यथा की स्थिति में एकपक्षीय निर्णय पारित कर दिया जायेगा।

(नरेन्द्र सिंह)
ब0 अ0 च0 (अतिरिक्त)
बलिया।

खाद्य पदार्थों के प्रतिष्ठानों पर छापा, चार नमूने जांच को भेजे

वाराणसी। होली पर मिलावटखोरी करने वालों की धरपकड़ के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम जिले में लगातार छापेमारी कर रही है। सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन कौशलेन्द्र शर्मा ने खाद्य पदार्थों की जांच- पड़ताल के लिए टीमें गठित कर बुधवार को कार्रवाई के लिए भेजा। विभागीय टीम ने भिखारीपुर, रामनगर, तक्खू की बोली क्षेत्र में खाद्य पदार्थ बेचने वाले 11 प्रतिष्ठानों की जांच की। इसके अतिरिक्त आठ छापामार कार्रवाई के दौरान पापड़, दही, नमकीन, कचरी समेत खाद्य पदार्थों के कुल चार नमूने लेकर गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा। जांच- पड़ताल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज कुमार यादव, राजेश कुमार, सम्राट श्रीवास्तव, नीरज, बिंदु पाण्डेय, आदित्य विक्रम, विजय बहादुर, एसपीएन सिंह, रत्नेश कुमार, जेएन सिंह, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।

सांस के मरीज संभल कर खेलें होली

जनसंदेश न्यूज

जानकारी

रासायनिक रंगों से पड़ सकता हैं अस्थमा का अटैक : डॉ एस.के पाठक

वाराणसी। ब्रेथ ईजी के वरिष्ठ श्वांस रोग विशेषज्ञ डॉ एस.के पाठक ने बताया होली के दौरान अस्थमा या सांस से जुड़ी समस्याओं वाले मरीजों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है, क्योंकि रासायनिक रंगों और धूल के कणों के कारण अस्थमा का अटैक हो सकता है। डॉ पाठक ने सुझाव दिया कि प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें रासायनिक रंगों से बचें और हर्बल या प्राकृतिक रंगों को प्राथमिकता दें, क्योंकि इनमें हानिकारक रसायन नहीं होते हैं।

डॉ पाठक ने ये भी बताया -धूल और रंगों से बचने के लिए मास्क का इस्तेमाल करें। इससे सांस लेने में दिक्कत कम हो सकती है। डॉ पाठक ने बताया अगर आप अस्थमा मरीज हैं, तो अपने इनहेलर को हमेशा पास रखें और जरूरत पड़ने पर तुरंत इस्तेमाल करें तथा भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें, जहां रंगों और धूल का अधिक प्रभाव हो सकता है। बताया अगर रंगों के संपर्क में आने के बाद सांस लेने में तकलीफ हो, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और हल्की भाप ले और गर्म पानी पीना भी राहत देने में मदद कर सकता है।

जाम छलका कर किया हुड़दंग तो हवालात में बीतेगी रात

वाराणसी। रंगोत्सव के इस त्योहार पर जहां गोझियों का दौरा चलेगा वहीं जाम के दीवाने पीने पीलाने में पीछे नहीं हटेंगे। होली में पीने पीलाने के इस दौर में किसी भी तरह का व्यवधान ना हो इसके लिए मयखानों के चौघट पर अभी से भीड़ दिखने लगी। भीड़ को आबकारी के अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि जाम छलकाकर हुड़दंग की तो रात हवालात में बीतानी होगी। कई सालों से होली पर पीने पीलाने का खूब दौर चल रहा है, होली पर इस शौक से लोग वंचित ना रह जाए इसलिए शराब की दुकानों पर भीड़ दिखी। शहर के कई शराब की दुकानों पर लोगों की लाइन भी दिखी। तलबगारों ने अतिरिक्त शराब भी लेनी शुरू कर दी है। जिला आबकारी अधिकारी कमल शुक्ला ने बताया कि हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निबटने को विभाग तैयार है, कहा कि 14 को दुकाने बंद रहेंगी, अगर दुकान खुली मिली तो लाइसेंस भी निरस्त किया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने शराब पीकर गाड़ी ना चलाने की अपील करते हुए कहा कि शराब ना तो पीएं और ना ही किसी को पिलाएं।

अज्ञात व्यक्ति की मौत

वाराणसी। चेतगंज चौराहे के पास बुधवार को अज्ञात 45 वर्षीय व्यक्ति सड़क पर अचेत मिला। पुलिस उसे लेकर मंडलीय अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल कर्मियों ने शव को मोचेर्री में बंदकर दिया। देर शाम तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी थी।

कैंट स्टेशन पर तीन वॉटर कूलर लगाये गये

वाराणसी। गर्मी में यात्रियों की सुविधाओं के क्रम में ठंडा पानी उपलब्ध कराने को लेकर सजग हुआ वाराणसी जंक्शन(कैंट स्टेशन) प्रशासन ने बुधवार को तीन वॉटर कूलर लगाया गया। इलेक्ट्रिकल व कंस्ट्रक्शन विभाग की ओर से लगाये गये इस वॉटर कूलर प्लेटफार्म नंबर चार/पांच, प्लेटफार्म छह/सात, प्लेटफार्म नंबर आठ/नौ पर एक-एक कूलर लगाया गया। 150 लीटर क्षमता वाला यह वॉटर कूलर गर्मी में यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध करायेगा। स्टेशन निदेश अर्पित गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सुविधाओं के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। गर्मी को देखते हुए यात्रियों की सुविधाओं के लिए वॉटर कूलर लगाया गया है। आने वाले दिनों में सभी प्लेटफार्मों पर इस तरह की व्यवस्था की जायेगी।

102 बेटिकट यात्रियों से 31 हजार वसूले

जनसंदेश न्यूज

वाराणसी। सहायक वाणिज्य प्रबंधक पशुपति नाथ मिश्रा के नेतृत्व में बुधवार को वाराणसी सिटी स्टेशन को आधार बनाकर पर बस रेड टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया।

इस दौरान वाराणसी सिटी-औड़ीहार रेल खण्ड पर चलने वाली 15104 बनारस-गोरखपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, 65101 गाजीपुर सिटी-जौनपुर मेमू एक्सप्रेस, 55138 बनारस-भटनी सवारी गाड़ी,14015 रक्सौल-आनन्दविहार सद्भावना एक्सप्रेस,15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल काशीदादर एक्सप्रेस, 65131 मऊ-प्रयागराज मेमू एक्सप्रेस, 15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस सहित विभिन्न गाड़ियों में सघन टिकट चेकिंग की गई है। अभियान टीम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक पशुपति नाथ मिश्रा के साथ टिकट जाँच दल में मुख्य टिकट निरीक्षक विवेक बाजपेयी, टिकट निरीक्षक माहरूफ खान,अमित, उमेश यादव, अरविन्द, नरेंद्र पाठक समेत 17 टिकट जाँच कर्मचारियों एवं 10 रेलवे सुरक्षा बल के जवानों के सहयोग से सघन टिकट जांच किया गया। बिना टिकट यात्रा करने वाले 20 एवं अनियमित टिकट पर यात्रा करने वाले 82 यात्रियों समेत कुल 102 यात्रियों को पकड़ा गया और उनसे रेल राजस्व के रूप में रु 31000 (एकत्तीस हजार रुपए) जुर्माना वसूलने के बाद छोड़ा दिया गया। इस टिकट जाँच अभियान में कुल 20 यात्रियों को जुर्माना नहीं चुकाने पर रेलवे मजिस्ट्रेट महेन्द्र कुमार पाण्डेय के समक्ष ट्रायल हेतु प्रस्तुत किया गया।

होली की भीड़ कम करने को चली ट्रेन

वाराणसी। रेलवे प्रशासन द्वारा होली त्योहार के अवसर पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 01013/01014 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-बनारस-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस से 13 मार्च को तथा बनारस से 15 मार्च, को एक फेरे के लिये किया गया है। ट्रेन संख्या 01013 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-बनारस त्यौहार विशेष गाड़ी 13 मार्च को छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस से 22.30 बजे प्रस्थान कर दादर, ठाणे, कल्याण जं., दूसरे दिन इगतपुरी , नासिक रोड, मनमाड, जलगांव जं., भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, तीसरे दिन वाराणसी जं. बनारस 05.30 बजे पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन 01014 बनारस-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी 15 मार्च को बनारस से 08.00 बजे प्रस्थान कर छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस 13.30 बजे पहुंचेगी।वहीं ट्रेन संख्या 01015/01016 छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस-मऊ-छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस त्यौहार विशेष गाड़ी का संचलन छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस से 12 मार्च को तथा मऊ से 14 मार्च, 2025 को एक फेरे के लिये किया गया है।

कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, रसड़ा (बलिया)

पत्रांकः 670/न0पा0प0र0/(2024-25)/2025 दिनांक 11.03.2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श नगर पालिका परिषद, रसड़ा में जलापूर्ति व्यवस्था के अनुरक्षण हेतु जलकल सामानों का वर्ष 2025-2026 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए आपूर्ति हेतु दर निर्धारण के लिए दिनांक 26.03.2025 को समय 03 बजे तक दिन में पालिका कार्यालय, रसड़ा में सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 03.30 बजे निविदा अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा हेतु टेण्डर फार्मों की बिक्री दिनांक 25.03.2025 तक कार्यालय के कार्य दिवस में की जायेगी।

सामग्रियों की सूची एवं निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्तें कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखे अथवा प्राप्त किये जा सकते है।

अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा-बलिया

अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा-बलिया

कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद, रसड़ा (बलिया)

पत्रांकः 671/न0पा0प0र0/(2024-25)/2025 दिनांक 11.03.2025

नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-2026 (01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक) के लिए मछली मार्केट के शुल्कों की वसूली हेतु नीलामी दिनांक 25.03.2025 को 11 बजे दिन में पालिका कार्यालय, रसड़ा पर खुली बोली द्वारा किया जायेगा।

नीलामी से सभी शर्तें (सम्बन्धित) किसी भी कार्य दिवस को कार्यालय समय में पालिका कार्यालय, रसड़ा पर देखे व समझे जा सकते हैं।

नोटः-मछली मार्केट के शुल्कों की वसूली हेतु नीलामी की धनराशि सन्तोषजनक नहीं होने पर पुनः अगले तीन दिवस तक नीलामी की कार्यवाही चलती रहेगा।

अधिशासी अधिकारी
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा-बलिया

अध्यक्ष
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा-बलिया

जनसंदेश टाइम्स
वर्गीकृत
सूचना

I, Shashank Srivastava S/o Satya Prakash Srivastava Kapoorpur Shahri, Mishra Bazar, Ghazipur U.P. declare that my original pass certificate Index No.-1212604/177 I.C.S.E. Board of 2021 from St. John's School, Ghazipur is lost.

हाईस्कूल प्रमाण पत्र में त्रुटिवश मेरा नाम नितंजय कुमार यादव हो गया है जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में मेरा नाम नितंजय यादव है जो सही है और भविष्य में मुझे नितंजय यादव के नाम से जाना व पहचाना जाय। नितंजय यादव पुत्र साधो यादव एन.16/16-ई-1 एन, बड़ी गैबी, छित्तुपुर, वाराणसी उ0 प्र0।

मेरी पुत्री दिव्यांका विश्वकर्मा के स्कूलीय अभिलेख में मेरा नाम अखिलेश विश्वकर्मा अंकित है जबकि मेरा अभिलेखीय नाम अभिलेख कुमार विश्वकर्मा है और यही नाम मेरे आधार कार्ड व अन्य सभी अभिलेख में अंकित है। AKHILESH VISHWAKARMA व AKHILESH KUMAR VISHWAKARMA दोनों ही नाम मेरे है। अखिलेश कुमार विश्वकर्मा पुत्र श्री रामजी प्रसाद विश्वकर्मा, डी 59/198के-1-ए, शिवपुरवा, महमूरगंज, वाराणसी उत्तर प्रदेश।

मेरे पति के बैंक खाता नं0-28560100003952 में मेरा नाम CHIRANJI नामिनी के रुप में दर्ज है जो त्रुटिपूर्ण है जबकि मेरे आधार कार्ड नं0-267723706045 में चिरवती देवी (CHIRAVATI DEVI) दर्ज है जो सत्य एवं सही है। CHIRANJI व (CHIRAVATI DEVI) दोनो नाम एक ही महिला का है। चिरवती देवी (CHIRAVATI DEVI) पत्नी स्व0 रामकुवर ग्राम-पुआरीकलां, जिला-वाराणसी उत्तर प्रदेश, पिन कोड-221202

वाराणसी, गुरुवार 13 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 14, वर्ष 14, अंक 36, पृष्ठ 16, मूल्य: 5 .00

परख सच की

जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
•रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

गो-तस्करी से जुड़े किसी भी व्यक्ति को नहीं बख्शेंगे

सीएम योगी ने गो-तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने को दिया कड़ा निर्देश

वाराणसी। होली से पहले सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को काशी के विकास कार्यों की पड़ताल करने के साथ ही कानून व्यवस्था का हाल लेकर अफसरों की चूड़ी कसी। मुख्यमंत्री ने गौ तस्करों की धरपकड़ में तेजी लाने का कड़ा निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश में गौ तस्करी पर पूर्णतया प्रतिबंध हैं। इसमें जो भी संलिप्त पाया जाय, वो चाहे तस्कर हो, वाहन स्वामी हो या फिर पुलिस प्रशासन का ही व्यक्ति हो, उस पर कठोर कार्रवाइ की जाए। उन्होंने एडीजी जोन को जनपदवार गौ- तस्करी रोकने के लिए की जा रही कार्रवाई की समीक्षा कर जिम्मेदारी तय करने का निर्देश दिया।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को विभागीय परियोजनाओं की नियमित मानीटरिंग

करने की हिदायत दी। उन्होंने धार्मिक स्थलों के लाउडस्पीकर की आवाज के साथ ही डीजे की भी तेज ध्वनि को सख्ती से रोकने का निर्देश दिया। सुरक्षा के दृष्टिगत शहर के प्रमुख स्थलों के साथ ही बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं, दुकानों, प्रतिष्ठानो में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए लगाने के लिए संचालकों को प्रेरित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने होलिका दहन वाले स्थलों, होलिकोत्सव, शोभायात्रा की सुरक्षा के प्रति विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

उन्होंने शहर में बेहतर ट्रैफिक मैनजमेंट, क्राउड मैनेजमेंट के साथ ही आमजन, श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों के साथ पुलिस प्रशासन के कार्मिकों द्वारा अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए थानावार टॉपटेन अपराधियों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

उन्होंने नियमित पुलिस पेट्रोलिंग, फुट पेट्रोलिंग कराने का निर्देश दिया। पुलिस बूथों व पिंक बूथों में हर समय पुलिस के जवानों की मौजूदगी सुनिश्चित कराने तथा साइबर क्राइम पर पूर्ण नियंत्रण लगाने का निर्देश दिया। बैठक में प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, एमएलसी धर्मेंद्र सिंह, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम, अपर पुलिस आयुक्त एस चिनप्पा समेत कई विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

वाराणसी में बैठक

धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज पर रोक लगाने की दी हिदायत

एक दिन पूरी दुनिया भगवा पहनेगीः सीएम

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, दुनिया मेरे बारे में कुछ भी सोचे, मैंने भगवा पहना है। मुझे इस पर गर्व है। एक दिन पूरी दुनिया भगवा पहनेगी। राम मंदिर, काशी और कुंभ के बाद आगे क्या? इस सवाल पर उन्होंने कहा- बजट में मथुरा-वृंदावन को फंड आवंटित किया गया है। वहां के भी काम होंगे। जब मौका मिले तो चूकना नहीं चाहिए।

सीएम बुधवार को आरएसएस के मुखपत्र पाञ्चजन्य के एक कार्यक्रम में ये बातें कही। संभल से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, संभल एक सच्चाई है। जबरन किसी पर कब्जा कर उसकी आस्था को चोट पहुंचाना बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। इस्लाम को उदय हुए सिर्फ 1400 साल हुए हैं, लेकिन मैं 3500 साल पुरानी बात कर रहा हूं, जब कहा गया था, संभल में कल्कि अवतार होगा। वहां 56 साल बाद शिव मंदिर में जलाभिषेक किया गया। उन्होंने कहा, बहता पानी और रमता जोगी, कभी अशुद्ध नहीं होता, वह तो चलायमान है, जिसने भारत की आस्था के साथ खिलवाड़ किया है, उसे डूबना ही पड़ा है।

सीएम योगी ने कहा, जैसी दृष्टि..वैसी श्रृष्टि। जिन लोगों की दृष्टि ही नकारात्मक है, उनको मैं सकारात्मक दृष्टि से देखने आशा ही क्यों रखूं। इसी नकारात्मकता के कारण ये लोग जनता की नजर में गिरे हैं। जब हमने महाकुंभ की पहली बैठक आयोजित की थी, तो उस दौरान भी बहुत से लोगों ने ट्वीट किए थे। मेरे सहयोगियों ने भी उस दौरान इस मामले में मुझसे बात की थी, तो मैंने उनसे कहा था कि ये सभी लोग भी आवश्यक हैं। किसी भी आयोजन में ये लोग नहीं होंगे तो कैसे होगा।

सभी प्रकार के ग्रह, उपग्रह आते रहने चाहिए और हम इन्हें अच्छा मानकर चलते हैं, क्योंकि आपकी अच्छाई की तुलना तभी होगी, जब बुरे लोग भी होंगे। यही लोग जनता के बीच बोलेंगे कि हमें इस आयोजन को और अच्छा करना है।

मानसिक रूप से विकृत व्यक्ति औरंगजेब को अपना आदर्श बना सकता है, लेकिन मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति उसे आदर्श नहीं बना सकता। अगर फिर भी कोई ऐसा करता है, तो उसे अपने बेटे का नाम भी औरंगजेब रखना चाहिए और उसी व्यवस्था के लिए तैयार रहना चाहिए, जैसा व्यवहार औरंगजेब ने अपने पिता के साथ किया था।

ऐलान

मथुरा पर योगी बोले-जब मौका मिले तो चूकना नहीं चाहिए

राम मंदिर से दो साल पहले तोड़ा गया था संभल में भगवान विष्णु का मंदिरः योगी

लखनऊ। संभल में मस्जिद विवाद के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि संभल का उल्लेख पांच हजार साल पुराने शास्त्रों में है और यह इस्लाम से पहले का है। उन्होंने कहा कि संभल में श्री हरि विष्णु मंदिर को 1526 में नष्ट कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि पुराने ग्रंथों में भगवान विष्णु के भावी अवतार का उल्लेख है। दूसरी ओर, इस्लाम का उदय केवल 1,400 साल पहले हुआ।

संक्षेप

दिल्ली में कई बांग्लादेशी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने साउथ ईस्ट और साउथ दिल्ली से एक ऑपरेशन के दौरान 12 से ज्यादा बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। ये बांग्लादेशी अवैध तरीके से भारत में घुसे थे। इनके पास से कई दस्तावेज बरामद हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। दिल्ली पुलिस ने यह जानकारी दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली पुलिस के दक्षिणी जिले में 13 बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा है, जो अवैध तरीके से भारत में रह रहे थे। इन सभी को दिल्ली के अलग-अलग इलाकों से पकड़ा है।

राजौरी में सीमा पार से हुई फायरिंग में जवान घायल

श्रीनगर। जम्मू में राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर में सीमा पार से गोलीबारी हुई है, जिसमें सेना का एक जवान घायल हो गया। घायल हुए जवान की पहचान मन कुमार बेगा के तौर पर हुई है। मन गोरखा रेजीमेंट का जवान है। सीमा पार से स्नाइपर अटैक हुआ है। एलओसी पर ब्लास्ट भी हुआ है, इसके फौरन बाद ही 3 राउंड फायरिंग हुई। इस घटना के बाद ही सेना ने इलाके में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। यहां बताते चलें कि पिछले करीब 20 दिनों में एलओसी पर फायरिंग की यह पहली घटना हुई है।

वाहन खाई में गिरा, 3 जवानों की मौत

इंफाल। मणिपुर के सेनापति जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जहां बीएसएफ जवानों को ले जा रहा एक वाहन गहरी खाई में गिर गया। इस दुर्घटना में 03 जवानों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

10 लोगों को जेल भेजने के साथ 2 पर रासुका

इंदौर। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के बाद महू में बवाल करने वालों पर पुलिस एक्शन तेज हो चुका है। जामा मस्जिद के सामने पथराव और आगजनी के मामले में पुलिस 8 केस दर्ज कर चुकी है। 150 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरे खंगालने के बाद 50 लोगों की पहचान कर इन्हें नामजद आरोपी बनाया गया है। 10 लोगों को जेल भेजने के साथ 2 के खिलाफ रासुका की गई है।

तीन दिन बंद रहेंगे बैंक

मुंबई। गुरुवार से लगातार तीन दिनों तक बैंक बंद रहेंगे। देशभर में 13 और 14 मार्च को होली मनाई जाएगी। 13 तारीख को होली मनाई जाएगी और 14 तारीख को धूलि वंदन मनाई जाएगी।15 को रविवार है।

कहीं पड़ न जाए रंग में भंग

इसलिए होली से पहले मस्जिदों को तिरपाल से ढंका गया

लखनऊ। इस बार होली 64 साल बाद रमजान के जुमे के दिन है। इससे पहले 1961 में 4 मार्च को होली और रमजान का शुक्रवार (जुमा) साथ-साथ था। रंग में भंग न पड़ जाए, इसके लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट है। प्रदेश के 10 जिलों में जुमे की नमाज का वक्त बदल दिया गया है। मस्जिदों को रंग-गुलाल से बचाने के लिए तिरपाल से ढंक दिया गया है। शाहजहांपुर में सबसे ज्यादा 67 मस्जिदों को तिरपाल और पन्नी से ढंका गया है। यहां लाट साहब के जुलूस के लिए पुलिस संवेदनशील क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर रही है। एक हजार से ज्यादा पुलिस जवान दूसरे जिलों से आए हैं। लखनऊ शहर में मौलाना फरंगी महली ने भी जुमे की नमाज को ढाई बजे तक के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा-हिंदू भाई-बहन होली आराम से मना सकें इसलिए ऐसा किया गया है।

शाहजहांपुर में जूता मार होली खेलने की परंपरा 300 सालों से चली आ रही है। होली के दिन यानी 14 मार्च को लाट साहब का लंबा-चौड़ा जुलूस

निकलेगा। इसमें एक व्यक्ति को लाट साहब बनाकर भैंसा गाड़ी पर बिठाया जाता है। लोग उस पर रंग, जूते-चप्पल बरसाते हैं। लाट साहब के दो जुलूस निकाले जाते हैं, जिन्हें छोटे और बड़े लॉट साहब कहा जाता है। कोतवाल लाट साहब को सलामी देकर नेग देते हैं, इसके बाद जुलूस रोशनगंज, बेरी चौकी, अंटा चौराहा होते हुए थाना सदर बाजार क्षेत्र में प्रवेश करता है।

संभल के एसपी केके बिश्नोई ने बताया, एक हजार लोगों को पाबंद किया जा रहा है। होली का जुलूस जिस जगह से निकलेगा, वहां पर पुलिस की टीम को तैनात किया गया है। कुल 49 अतिसंवेदनशील स्थलों को चिह्नित किया गया है। किसी भी प्रकार की जबरदस्ती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई व्यक्ति जबरन किसी को गुलाल लगाता है या किसी के साथ अभद्रता करता है तो उसे तुरंत पुलिस चौकी में रिपोर्ट करनी चाहिए। जौनपुर में होली-जुमे की नमाज साथ होने पर जिला प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। अटाला मस्जिद और बड़ी मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में नमाज का समय बदला गया है। नमाज अब दोपहर 1 बजे के बजाय डेढ़ बजे पढ़ी जाएगी।

मिजार्पुर में शुक्रवार को जुमे की नमाज दोपहर 2 बजे पढ़ी जाएगी। मौलाना नजम अली खान ने बताया कि होली को ध्यान में रखते हुए जुमे की नमाज का समय बदल दिया गया है। ललितपुर में जुमे की नमाज शुक्रवार को अब पौने दो बजे अदा की जाएगी। शहर पेश इमाम हाफिज अब्दुल मुबीन ने होली के त्योहार को देखते हुए जुमे की नमाज का समय बढ़ाने की सभी इमामों से गुजारिश की है। मुबीन ने कहा, जिन मस्जिदों में 12:30 से 1 बजे के बीच जुमे की नमाज अदा की जाती है, वह जुमे की नमाज का वक्त एक घंटे बढ़ाएं। बता दें कि शहर में तीन मस्जिदों में जुमे की नमाज 12:45 पर होती है।

संभल की जामा मस्जिद में रंगाई पुताई होगी

प्रयागराज। संभल की जामा मस्जिद में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने रंगाई-पुताई की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने कहा, मस्जिद कमेटी मस्जिद की बाहरी दीवारों में ही रंगाई-पुताई करवा सकती है। रमजान के दौरान मस्जिद में लाइटिंग भी करवा सकती है, लेकिन इस दौरान ढांचे को किसी भी तरह का नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल की सिंगल बेंच ने बुधवार को यह आदेश सुनाया। 25 फरवरी को जामा मस्जिद कमेटी के वकील जाहिर असगर ने मस्जिद की रंगाई-पुताई के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी। कहा था, हम लोग हर साल रमजान से पहले मस्जिद की रंगाई-पुताई करते हैं।

फर्जी आधार मामले में भी इरफान की जमानत मंजूर

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कानपुर नगर के सीसामऊ से सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की फर्जी आधार कार्ड पर यात्रा करने के मामले में भी जमानत मंजूर कर ली है। हालांकि, गैंगस्टर मामले में जमानत मिलने से पहले वह जेल से बाहर नहीं आ सकेंगे। यह आदेश न्यायमूर्ति अजय भनोट की अदालत ने दिया है। मामला कानपुर के ग्वालटोली थाने का है। इरफान के खिलाफ 2022 में फर्जी आधार कार्ड पर यात्रा करने के मामले में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई थी। 10 मार्च को भी हाईकोर्ट से इरफान व उनके भाई रिजवान को रंगदारी मांगने के मामले में जमानत मिली थी। अभी गैंगस्टर का एक और मामला लंबित है। दो दिन पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट से सीसामऊ कानपुर के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को राहत देते हुए रंगदारी मांगने के आरोप में जमानत अर्जी मंजूर कर ली थी। कोर्ट ने यह फैसला सोमवार को सुनाया। दोनों भाइयों की जमानत अदालत से मंजूर जरूर हो गई है, लेकिन दोनों अभी जेल से बाहर नहीं निकल पाएंगे। क्योंकि रिजवान सोलंकी के खिलाफ अभी गैंगस्टर के मुकदमे में मुकदमा विचाराधीन है।

तत्काल के भरोसे हैं 32 हजार यात्री

लखनऊ। होली मनाने के बाद लखनऊ से वापसी की राह आसान नहीं है। दिल्ली व मुंबई की ट्रेनों में लंबी वेटिंग है। खासतौर पर रविवार को वेटिंग 250 पार पहुंच गई है। उधर, मुंबई के विमानों का किराया भी 18,474 रुपये तक पहुंच गया है। ऐसे में यात्री अब तत्काल कोटे की 6200 सीटों से राहत की उम्मीदें लगाए बैठे हैं। होली के बाद 15 मार्च से वापसी शुरू होगी, जो अगले तीन-चार दिनों तक सर्वाधिक रहेगी। ऐसे में रेगुलर व स्पेशल ट्रेनों में लंबी वेटिंग से जूझना पड़ेगा। दिल्ली जाने वाली तेजस एक्सप्रेस की चेयरकार में 15, 16, 17 मार्च को 14, 99, 70 व एग्जीक्यूटिव क्लास में 23, 30, 20 वेटिंग चल रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस की चेयरकार में 60, 251, 114 व एग्जीक्यूटिव क्लास में 18, 49, 27 वेटिंग पहुंच गई है। शताब्दी एक्सप्रेस की चेयरकार में 39, 192, 114 व एसी एक्सप्रेस की थर्ड एसी बोगी में 83, 194, 94 तथा लखनऊ मेल की स्लीपर में 121, 221, 120 व थर्ड एसी में 69, 133, 77 वेटिंग है। मुंबई जाने वालों को भी लंबी वेटिंग परेशान करेगी। गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस की स्लीपर में 15, 16 व 17 मार्च को क्रमशः 39, 59, 67 व थर्ड एसी में 22, 44, 56 वेटिंग है। पुष्पक एक्सप्रेस की स्लीपर में 107, 109, 96 व थर्ड एसी में 75, 63, 55 वेटिंग है। अवध एक्सप्रेस की स्लीपर फुल हो गई है और थर्ड एसी में 62, 65, 44 वेटिंग है। रविवार को सर्वाधिक मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा।

भारत-पाक सीमा पर अडाणी ग्रुप के प्रोजेक्ट को मंजूरी

नई दिल्ली। बजट सत्र के तीसरे दिन लोकसभा में देश की सुरक्षा का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस और डीएमके सांसदों ने भारत-पाकिस्तान सीमा के पास एक रिन्यूबल एनर्जी प्रोजेक्ट को मंजूरी दिए जाने पर आपत्ति जाहिर की।

सांसद मनीष तिवारी ने कहा कि इन प्रोजेक्ट से देश की सुरक्षा को खतरा हो सकता है। उन्होंने दावा किया कि ये प्रोजेक्ट बॉर्डर से एक किलोमीटर के दायरे तक लगने है। जबकि नियमों के तहत बॉर्डर क्षेत्र से 10 किमी तक किसी तरह के निर्माण की अनुमति नहीं होती है। गुजरात सरकार ने भारत-पाक सीमा से एक किमी के दायरे में एनर्जी प्रोजेक्ट के लिए अडाणी ग्रुप को 25 हजार हेक्टेयर जमीन दी है। कांग्रेस सांसद ने सवाल किया कि क्या प्रोजेक्ट को कोई छूट दी गई थी। इस पर मोदी सरकार ने कहा कि केंद्र, राज्य और संबंधित एजेंसियों से मंजूरी मिलने के बाद किसी भी प्रस्ताव को मंजूरी और लाइसेंस दिए जाते हैं।

भारत 26 नए राफेल विमान खरीदेगा

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना फ्रांस की राफेल से अपने पुराने मिग 29 लड़ाकू विमानों को बदलने की तैयारी में है। नौसेना के लिए भारत 26 नए राफेल विमान की खरीदी करेगा। इस सौदे की आधिकारिक घोषणा अप्रैल 2025 में होने की उम्मीद है, जब फ्रांसिसी रक्षा मंत्री भारत आएंगे। पूरे सौदे की कीमत करीब 7.6 अरब डॉलर होगी। ये नए राफेल एम विमान, पुराने एमआईजी-29के और एमआईजी-29 केयूबी विमानों की जगह लेने वाले है। ये पुराने विमान अभी नौसेना के 300 स्क्वाड्रन व्हाइट टाइगर्स और 303 स्क्वाड्रन ब्लैक पैंथर्स में इस्तेमाल हो रहे हैं।

12 उग्रवादी गिरफ्तार, हथियार भी बरामद

इंफाल। मणिपुर में पिछले 34 घंटों में अलग-अलग घटनाओं में 12 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों के पास से हथियार भी बरामद हुए हैं।

इनमें 7.62 मिमी एसएलआर के साथ मैगजीन, 5.56 मिमी इंसास राइफल, 22 राइफल, 2 बोर डबल बैरल बंदूक, हैंड ग्रेनेड, स्टन ग्रेनेड शामिल हैं। ये हथियार इंफाल पूर्वी जिले के इरिलबुंग-पीएस के अंतर्गत केइराओ वांगखेम से बरामद किए हैं।

पुलिस ने कहा कि मादक पदार्थ के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान संदीप देसवाल के रूप में हुई है, जो सेनापति जिले के सेनापति-पीएस के अंतर्गत एनएच-2 के टी खुल्लेन में 17.34 किलोग्राम अफीम ले जा रहा था।

सुरक्षा बलों ने इंफाल पश्चिम जिले के लामसांग-पीएस के अंतर्गत तेरा उराक स्थित केसीपी के एक फार्म हाउस अस्थायी शिविर से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के सात सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

मणिपुर पुलिस ने बिष्णुपुर जिले से पीआरईपीएके के एक कैडर को गिरफ्तार किया। एक अन्य घटना में सुरक्षा बलों ने केसीपी (ताइबंगनबा) समूह के एक कैडर को गिरफ्तार किया।

एक अन्य संयुक्त अभियान में मणिपुर पुलिस और जीआर ने इंफाल पूर्वी जिले से केवाईकेएल के एक सक्रिय सदस्य को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस ने इंफाल पूर्वी जिले के पोरोमपट-पीएस के अंतर्गत डीडीके इंफाल गेट के पास खुराल चिंगंगबाम लेईकाई से केसीपी (पीडब्ल्यूजी) के दो सक्रिय कैडरों गिरफ्तार किया है।

होली से पहले योगी सरकार का 1.86 करोड़ परिवारों को बड़ा तोहफा

उपहार

उज्ज्वला योजना के तहत सब्सिडी के रूप में सीधे बैंक खातों में भेजी गई 1890 करोड़ रुपए की धनराशि

लखनऊ में मुख्यमंत्री ने 10 महिलाओं को वितरित किया प्रतीकात्मक चेक, अप्रैल से गरीब बेटियों की शादी के लिए देंगे 1-1 लाख रुपए : सीएम योगी

पहले घूस देकर मिलता था गैस कनेक्शन, अब फ्री में दिया जा रहा, होली-दीपावली में सिलेंडर भी मुफ्त

लखनऊ। होली के ठीक पहले बुधवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में सीएम योगी ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 के चुनाव में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा।

सीएम ने पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि पहले एक गैस कनेक्शन के लिए 25-30 हजार रुपये की घूस देनी पड़ती थी और त्योहारों पर सिलेंडर भी नहीं मिल पाते थे। उन्होंने जोर देकर

कहा कि यह योजना गरीब माताओं को धुएं से बचाने के लिए शुरू की गई है और इसमें किसी के साथ भेदभाव नहीं किया जा रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि यूपी में 80 हजार राशन डीलर 3 करोड़ 60 लाख राशन कार्डधारकों के जरिए 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन बांट रहे हैं। 2017 में ई-पॉश मशीनों के जरिए राशन वितरण में पारदर्शिता लाई गई, जिससे कालाबाजारी पर रोक लगी। कोविड काल में जब लोग परेशान थे, तब से लगातार लगातार पांच साल हो गये हर महीने देश में 80 करोड़ लोगों को और यूपी में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि सरकार गरीबों, किसानों और बेटियों के कल्याण के लिए संकल्पबद्धता के साथ काम कर रही है। प्रदेश में अबतक 22 लाख बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रति बेटी 25 हजार रुपये की सहायता दी जा रही है, जबकि 4 लाख बेटियों की शादी मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कराई गई है। अप्रैल से बेटियों की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। वहीं बोर्ड परीक्षाओं के रिजल्ट आने के बाद मेधावी बेटियों को स्कूटी और कामकाजी महिलाओं को अहिल्याबाई होलकर के नामपर आवासीय सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी। वहीं, किसानों के लिए गेहूं की खरीद दर को 150 रुपये बढ़ाकर 2425 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। सीएम ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में राशन की दुकानों को अब अन्नपूर्णा भवन के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां जरूरत का सामान, बिजली बिल जमा करने की सुविधा और वेयरहाउस की व्यवस्था होगी।

यूपी की प्रगति और महाकुंभ का सीएम ने किया जिक्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी कभी बीमारू राज्य था, लेकिन आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। इसके अलावा 2027 तक भारत दुनिया तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। उन्होंने हाल ही में संपन्न हुए महाकुम्भ की चर्चा करते हुए कहा कि इसमें 66 करोड़ 30 लाख से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया, जो यूपी के सामर्थ्य को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में प्रदेश के सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिस सामूहिकता का प्रदर्शन किया उससे प्रदेश के बारे में पूरी दुनिया में अच्छी धारणा बनी है।

होली पर हो सकती है बारिश

आशंका

प्रदेश के पश्चिमी हिस्से में बरसेंगे मेघ, तापमान चढ़ेगा

लखनऊ। पश्चिमी यूपी के विभिन्न इलाकों में गरज चमक संग बूंदाबांदी के आसार हैं। मौसम विभाग के मुताबिक एक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर में बदले हुए मौसम के बीच यूपी के पश्चिमी और तराई इलाकों में बूंदाबांदी की परिस्थितियां बन रही हैं। वहीं, 13 व 14 मार्च को पश्चिम में कहीं-कहीं बज्रपात की भी संभावना है। इस बीच प्रदेश में तेज रफ्तार पछुआ हवाएं भी चलेंगी।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से 14 और 15 मार्च को प्रदेश के तराई और उत्तरी पश्चिमी यूपी के इलाकों में हल्की बूंदाबांदी के आसार हैं। बूंदाबांदी का सिलसिला आगरा और बुंदेलखंड के इलाकों में भी देखने को मिलेगा। 15 मार्च को प्रदेश के पूर्वी-तराई इलाकों समेत राजधानी से सटे कानपुर में भी बादलों संग बूंदाबादी के संकेत हैं। बुधवार को दोपहर में

लखनऊ, झांसी, प्रयागराज, वाराणसी व हमीरपुर आदि में बढ़े हुए तापमान और धूप की तल्खी ने लोगों को परेशान किया। मौसम विभाग का कहना है कि बूंदाबांदी के बाद भी प्रदेश में तापमान में बढ़त जारी रहने वाली है। मार्च के आखिर में प्रदेश में लू जैसी परिस्थितियां बनने का पूर्वानुमान है।

बीएचयू की सेमेस्टर परीक्षा मई में होने की संभावना

उम्मीद

नई शिक्षा नीति के तहत 15 से 21 दिन में होगी खत्म, 15 दिन में घोषित होगा परीक्षाफल

वाराणसी। बीएचयू में इवेन सेमेस्टर की परीक्षाएं अप्रैल के अंत या मई के पहले सप्ताह से शुरू हो जाएंगी। परीक्षाओं का दौर 20 से 25 मई तक समाप्त हो जाएगा। परीक्षा समाप्ति के 15 दिन बाद परीक्षाफल घोषित कर दिया जाएगा और इसी के साथ जून में सत्र भी पूरा हो जाएगा। इस घोषणा से 2025-26 की प्रवेश प्रक्रिया में देरी होने की आशंका काफी कम हो गई है। बीएचयू में नई शिक्षा नीति के तहत पहली बार 15 से 21 दिन के बीच में सेमेस्टर परीक्षाएं पूरी करा ली जाएंगी। होली के बाद 40 दिन की क्लासेज चलने का अनुमान लगाया जा रहा है।

इसी बीच सेमेस्टर परीक्षाओं का शेड्यूल तैयार कर विद्यार्थियों के साथ साझा किया जाएगा। फिलहाल 17 मार्च तक सेमेस्टर परीक्षा के लिए आवेदन फॉर्म भरे जाएंगे। नई शिक्षा नीति -2020 के तहत परीक्षा के दिनों को आधा करने के साथ ही परीक्षा हॉल में बैठने की टाइमिंग को भी घटाया जा रहा है। साथ ही दो पेपर की परीक्षा के बीच में कोई बड़ी छुट्टी भी नहीं होगी।

बाहर से आएंगे 20 फीसदी पेपर के एग्जामिनर्स

बीते दिनों में बीएचयू की एग्जीक्यूटिव काउंसिल में इस एजेंडे पर काफी विचार विमर्श किया गया था। काउंसिल के पटल पर एग्जामिनेशन रिफॉर्म कमेटी की समीक्षा को रखा गया था। दो के बजाय तीन शिफ्ट में परीक्षा कराने की बात कही गई थी। परीक्षा की टाइमिंग 2.30 घंटे ही है। परीक्षा नियंत्रक को अधिकार होगा कि वह सेमेस्टर परीक्षा के 20 फीसदी पेपर के एग्जामिनर्स बाहर से बुलवाए जा सकते हैं। उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन करने के लिए अधिकतम 14-15 दिन दिए जाएंगे। रि-इवैल्युएशन के लिए दो फैकल्टी का पैनल डीन या विभागाध्यक्ष द्वारा नामित किया जाएगा। सभी सेशनल, थ्योरेटिकल, असाइनमेंट और प्रैक्टिकल के मार्क्स की ऑनलाइन अपलोडिंग ही मान्य होगी। ऑफलाइन तरीके से मार्क्स नहीं दिया जाएगा।

मालिनी अवस्थी होंगी मुख्य आकर्षण

वाराणसी। रंगों के पर्व होली के शुभ अवसर पर सर्व वैश्य समाज समिति काशी द्वारा समाज बंधुओ के मेल मिलाप व आपसी सहयोग को बढ़ावा देने हेतु भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन आगामी 16 मार्च 2025, दिन रविवार को सायं 4:30 से रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में किया जा रहा है, कार्यक्रम को मूर्तरूप देने के उद्देश्य से एक बैठक लक्सा स्थित मारवाड़ी समाज भवन में माननीय मंत्री रविन्द्र जायसवाल जी के सानिध्य में आहूत की गई जिसमें कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए मंत्री जी ने कहा कि होली हिन्दू धर्म का एक प्रमुख त्यौहार है जो हम सबको आपस मे जोड़ता हैं, इस वर्ष सर्व वैश्य समाज समिति काशी रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर सिगरा में आगामी 16 मार्च 2025 दिन रविवार को सायं 4: 30 बजे से होली मिलन समारोह का आयोजन कर रहा है जिसमें वाराणसी के वैश्य समाज के सभी घटकों की सहभागिता रहेगी। सर्व वैश्य समाज समिति काशी के अध्यक्ष आर के चौधरी ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि कार्यक्रम में प्रख्यात लोक गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी जी अपने सुमधुर फाग व लोक गीतों से कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगी तथा बनारसी चाट, ठंडाई का हम सब रसास्वादन भी करेंगे।समिति के महामंत्री दीपक कुमार बजाज ने बताया कि सर्व वैश्य समाज समिति काशी वैश्य समाज के उत्थान व वैश्य समाज के सभी घटकों व वर्गों को साथ लेकर समाज कल्याण व समाज सेवा के अनेक प्रकल्पों पर कार्य कर रही हैं इसी कड़ी में इस वर्ष सर्व वैश्य समाज समिति काशी भव्य रूप में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन कर रही है।

बीएचयू की शुभांगी ने जीता स्वर्ण पदक

गौरव

राष्ट्रीय युवा महोत्सव में काशी हिंदू विश्वविद्यालय की छात्रा ने हासिल की उपलब्धि

वाराणसी। एमिटी विश्वविद्यालय, नोएडा में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 38वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बीएचयू की छात्रा शुभांगी क्षितिजा ने स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। नोएडा में तीन से सात मार्च तक चले इस महोत्सव में शुभांगी क्षितिजा ने 'भारत में उद्यमिता व स्टार्टअप कल्चर का उदय' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत कर एलोकुशन (संभाषण) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में देशभर के 140 से अधिक विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया था। शुभांगी क्षितिजा महिला महाविद्यालय, बीएचयू की तृतीय वर्ष की स्नातक छात्रा हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व शुभांगी ने जनवरी में भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित यंग लीडर्स डायलॉग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भी प्रभावशाली प्रेजेंटेशन देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। क्षेत्रीय युवा महोत्सव में भी स्वर्ण जीत कर नेशनल के लिए क्वालीफाई किया था। 37 वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भी कास्य पदक प्राप्त किया था, जिसे इस वर्ष इन्होंने स्वर्ण में परिवर्तित कर दिया अपनी इस उल्लेखनीय उपलब्धि को शुभांगी ने महिला महाविद्यालय और महामना मदन मोहन मालवीय जी को समर्पित किया।

महिला महाविद्यालय की प्रधानाचार्या प्रो. रीता सिंह ने शुभांगी क्षितिजा को इस उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि महिला दिवस के अवसर पर शुभांगी द्वारा प्राप्त यह उपलब्धि और भी गौरवपूर्ण है, जो छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी केराकत, जौनपुर

पत्रांकः 892/समाग्री आपूर्ति निविदा/2024-25 दिनांक : 12 मार्च, 2025

अल्पकालिक निविदा

वित्तीय वर्ष 2024-25 पंचम वित्त आयोग, केन्द्रीय वित्त के टाईड एवं अनटाईड मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए कार्य स्थलों पर निम्न परियोजनाओं पर सामग्री ईट एम0-150 प्रथम श्रेणी/एम0 275 एस0ओ0बी0 प्रति हजार सीमेण्ट प्रति बोरी, मोटा बालू एवं महीन बालू, प्रति घन मी0, स्टोन ब्लास्ट 20 एम0एम0 प्रति घन मी0, ईट की रोड़ी 40 एम0एम0, ह्यूम पाईप-300 एम0एम0, 350 एम0एम0, 450 एम0एम0, 600 एम0एम0, 900 एम0एम0 एन0पी0-3, कालर, इण्टरलाकिंग ब्रिक्स, जिंक जैक रंगीन व सादा, इण्टरलाकिंग, सरिया, फर्निचर, रंगाई पुताई पेन्ट एवं सामाग्री, टाईल्स, मार्बल्स, खिड़की, दरवाजा, जनरेटर प्लम्बरिंग एवं विद्युत सामग्री की आपूर्ति हेतु अल्प कालिक निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 12.03.2025 से दिनांक 20.03.2025 तक कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में टेण्डर फार्म प्राप्त कर (जिसका मूल्य 500.00 रुपया है) बन्द लिफाफे में दिनांक 20.03.2025 अपरान्ह 2.00 तक जमा कर सकते हैं। निविदाएं उसी दिन अधोहस्ताक्षरी अथवा अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा उपस्थित निविदादाता के समक्ष 3.00 बजे खोली जायेगी।

पंचम राज्य वित्त

क्र0 सं0	ग्राम पंचायत का नाम	प्रस्तावित कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित माप/सं0
1	महुली	सी0सी0 रोड से शिवरामपुर सरहद तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	500 मी0
2	देवराई	जमुऑ मेन पिच रोड से देवराई बड़े पोखरे तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	100 मी0
3	शिवरामपुर खुर्द	धूर्मेन्द्र राम के घर से हरिजन बस्ती होते हुए पंचुराम के पाही तक खण्ड़जा मरम्मत व नया खण्ड़जा का कार्य।	615 मी0
4	रामगढ़	जवाहिर यादव के घर से सुनील पाण्डेय के घर तक स्मार्ट खण्ड़जा का कार्य।	400 मी0
5	रामगढ़	खण्ड़जा से जवाहिर के घर तक स्मार्ट खण्ड़जा का कार्य।	250 मी0
6	बलुऑ	रामकेर के खेत से सार्वजनिक शौचालय तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	400 मी0
7	बलुऑ	रामगढ़ सरहद से पिच रोड तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	280 मी0
8	बलुऑ	रामगढ़ सरहद से महेन्द्र के मशीन तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	290 मी0
9	जमसार	नहर पुल के पास पिच रोड से नहर पर वाराणसी सीमा तक खण्ड़जा का कार्य।	800 मी0
10	शिवरामपुर खुर्द	संतोष के घर से विनोद के घर तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	400 मी0
11	चौकिया	जालंधर के खेत से रामसिंह के घर तक खण्ड़जा/इण्टरलाकिंग का कार्य।	350 मी0
12	चौकिया	डा0 श्याम बहादुर के खेत से छोटई के मशीन तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	350 मी0
13	घुड़दौड़	विहिल तालाब के पास से अमित सिंह के घर तक सी0 सी0 रोड निर्माण का कार्य।	80 मी0
14	नुऑव	हरसोपर मेन खण्ड़जा से बुढउ बाबा मंदिर होते हुए बराई सरहद तक मिट्टी खण्ड़जा का कार्य।	500 मी0
15	नुऑव	शिवरामपुर कला में राधे राजभर के दरवाजे से भवनी मेन खण्ड़जा तक नया मिट्टी खण्ड़जा का कार्य।	500 मी0
16	सरायबीरु	पशुचिकित्सालय के बगल में हलीम के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	100 मी0
17	सुरहुरपुर	सागर यादव के घर से भुवाल यादव के घर तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	400 मी0
18	सैदखानपुर	पिच रोड से नरहन सरहद तक नया खण्ड़जा का कार्य।	200 मी0
19	डेहरी	कतवारु गुप्ता के घर से लेकर प्रा0 पा0 डहरी बाया शोभनाथ राय के घर तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	1000 मी0
20	भैरोभानपुर	जराजपट्टी सी0सी0 रोड से मडैया स्व0 भुल्लन यादव के बगीचे तक नया खण्ड़जा का कार्य।	400 मी0
21	गुलरा	सुजीन के खेत से लालता मास्टर के खेत तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	300 मी0
22	गुलरा	राजेश्वर के घर से बबलू के खर तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	150 मी0
23	खर्गसेनपुर	पिण्डारी पिच मार्ग से मुसहर बस्ती तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	300 मी0
24	अजोरपुर	पुलिया से मुरारा यादव तक स्मार्ट खण्ड़जा का कार्य।	400 मी0
25	अजोरपुर	पानी पंचायत समिति द्वारा संचालित तालाब के किनारे पाथवे पर इण्टरलाकिं का कार्य।	1000 मी0
26	अजोरपुर	तरियारी बस्ती से अजोरपुर सरोज बस्ती तक मिट्टी खण्ड़जा कार्य।	700 मी0
27	अमिहित	पिच रोड से प्रमाद सिंह के खेत तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	800 मी0
28	बेलहरी	छविराजी के घर से बगही सम्पर्क मार्ग तक नया खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	300 मी0
29	बेलहरी	धर्मराज राजभर के घर से बरसाती नहर तक नया खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	300 मी0
30	बेहडा	पिच रोड से ठकुरान बस्ती तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	1100 मी0
31	कुशैला	पिच रोज से ठकुरान बस्ती तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	460 मी0
32	भौरा	पिच रोड से मंदिर तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	450 मी0
33	अकबरपुर	पिच रोड से डेडुवाना सरहद तक खण्ड़जा मरम्मत का कार्य।	600 मी0
34	धरौरा	जय बजरंग हाल का कायाकल्प एवं सुन्दरीकरण कार्य (इन्नाल, करकत, इत्यादि)	1 अदद
35	केराकत	सोलर हाईमास्क लाईट	30 अदद

टाईड फण्ड

क्र0 सं0	ग्राम पंचायत का नाम	प्रस्तावित कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित माप/सं0
1	महुली	कुहरान बस्ती से नाले तक ह्यूम पाइप नाली निर्माम का कार्य।	500 मी0
2	महुली	हरजन बस्ती से नाले तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	250 मी0
3	बलुआ	जगदीश शर्मा के घर से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	110 मी0
4	बलुआ	राजकुमार के दुकान से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	90 मी0
5	बलुआ	रोशन राम के घर से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	280 मी0
6	सरौनी पूरब पट्टी	किरन देवी पत्नी पुनारू के घर से पोखरी तक पक्की नाली निर्माण का कार्य।	125 मी0
7	चौकिया	रामबचन के घर से नाले तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	400 मी0
8	शिवरामपुर खुर्द	धर्मेन्द्र के घर से नाले तक नाली निर्माण का कार्य।	400 मी0
9	खरगसीपुर	लालदेव सिंह के घर गड्ढा तक नाली निर्माण का कार्य।	150 मी0
10	बरैछावीर	बरैछावीर धाम से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	100 मी0
11	सरोज बडेवर	पिच रोड से बाया मल्लाह बस्ती से नदी तक नाली निर्माण का कार्य।	400 मी0
12	सरोज बडेवर	रामजनम यादव के घर से बाकेलाल यादव के घर तक नाली निर्माण का कार्य।	300 मी0
13	भितरी	मेन खण्ड़जा से देवनाथ सिंह के खेत तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	200 मी0
14	सरोज बडेवर	प्रा0 पा0 से ब्राह्मण बस्ती तक नाली निर्माण का कार्य।	300 मी0
15	अजोरपुर	राजेन्द्र राय के खेत से गुलाब पासवान के खेत तक नाली निर्माण का कार्य।	400 मी0
16	अजोरपुर	अम्बीरीश राय के खेत से रामबचन के घर तक नाली निर्माण का कार्य।	400 मी0
17	बेलहरी	बगही में छोटेलाल सरोज के घर से पोखरी तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	300 मी0
18	बरईछ	सोनकर बस्ती में नाले तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	80 मी0
19	औरी	पिच रोड से यादव बस्ती तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	390 मी0
20	खर्गसेनपुर	नाली से हरिजन बस्ती तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	70 मी0
21	खरगसीपुर	नहर पिच रोड से नाला तक नाली निर्माण का कार्य।	500 मी0
22	कुसरना	महादेवा पिच रोड से यादव बस्ती तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	750 मी0
23	जमसार	खण्ड़जा से हरिजन बस्ती तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	80 मी0
24	पचवर	पिच रोड से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	200 मी0
25	पचवर	उसरपुर में भोनी पलहवान के घर से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण कार्य।	500 मी0
26	पचवर	सोनू पाठक के घर से बब्बन पाठक के खेत तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	700 मी0
27	सिझावारा	नाउ बस्ती से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	300 मी0
28	छितौना	पिच रोड से मौर्या बस्ती तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	100 मी0
29	डेहरी	अकालम के घर से लेकर स्कूल तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण कार्य।	300 मी0
30	कुसरना	मुन्ना विश्वकर्मा के घर से नाला तक ह्यूम पाइप नाली निर्माण का कार्य।	250 मी0

बीएचयू व बीबीएयू के आचार्य करेंगे शोध

थीसिस

कैमूर की कला, स्थापत्य व पुरातात्विक सामग्री का समाजशास्त्रीय व सांस्कृतिक अध्ययन विषय पर किया जाएगा शोध

डॉ. विजय

डॉ. सर्वेश

डॉ. शंकर

वाराणसी। बीएचयू के आचार्य द्वय डा. विनोद कुमार जायसवाल व डा. सर्वेश कुमार तथा बाबा भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) लखनऊ के समाजशास्त्री डा. शंकर कुमार लाल वृहद शोध परियोजना के अंतर्गत 'कैमूर जनपद की कला स्थापत्य एवं पुरातात्विक सामग्री का संकलन : समाजशास्त्री एवं सांस्कृतिक अध्ययन' विषय पर विस्तृत रूप से शोध कार्य करेंगे।

इसके लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएसएसआर) नई दिल्ली द्वारा प्रस्तावित महत्वाकांक्षी परियोजना 'आर्ट्स प्रैक्टिसेस एण्ड फोक/ओरल फॉर्म्स ' के अंतर्गत 16 लाख रुपये की वित्तीय सहयोग की स्वीकृति की गयी है। विशेष रूप से दो वर्षों तक चलने वाली इस परियोजना के समन्वयक बीएचयू के प्राचीन भारतीय इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के डा. विनोद कुमार जायसवाल एवं सह-संयोजक द्वय डा. सर्वेश कुमार (बीएचयू) तथा डा. शंकर कुमार लाल (समाज शास्त्र विभाग, बीबीएयू लखनऊ) हैं। इस उपलब्धि के लिए विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो सुमन जैन व वरिष्ठ आचार्य प्रो पुष्पलता सिंह सहित अन्य आचार्यों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। परियोजना के अंतर्गत कैमूर जनपद के गांव-गांव का सर्वेक्षण कर वहां से प्राप्त प्राचीन प्रतिमाओं, मूर्तियों स्थापत्य एवं अन्य कलावशेषों सहित प्राचीन समय के बने मिट्टी के बर्तनों, प्रस्तर व अन्य उपकरणों , लौह अयस्क व धातुमल जैसे अनेक पुरातात्विक सामाग्री का संकलन, वर्गीकरण उनके निर्माण, तकनीकी निर्माण मे उपयोग की जाने वाली सामाग्री व उनकी क्षेत्र में उपलब्धता, विज्ञान व तकनीकी के विकास की परंपरा एवं उनकी सत्यता का अध्ययन डा. जायसवाल व डा. सर्वेश कुमार करेंगे। इसके साथ ही क्षेत्र के जनजातियों नृ-जातीय पुरातात्विक अध्ययन बीबीएयू के समाज शास्त्री डा. लाल करेंगे कि कैसे वर्तमान जनजातियों की स्थिति के माध्यम से प्राचीन आदिवासी समाज अपना जीवन निर्वहन कर अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोए हुए है।

शौचालय में धांधली की शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर

पिंडरा। विकास खंड पिंडरा के रमईपुर स्थित अति प्राचीन मां दुर्गा माता मंदिर परिसर के आखिरी छोर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनने वाले शौचालय में हुई धांधली की शिकायत उसरा शहीद निवासी विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री के आइजीआरएस पोर्टल पर की है।

शिकायत में उन्होंने बताया कि ग्राम सभा पिण्डरा के रमईपुर स्थित मां दुर्गा माता मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान के तहत शौचालय निर्माण के लिए वर्तमान ग्राम प्रधान द्वारा कार्ययोजना 2022-2023 का ब्यौरा ब्लाक की वेबसाइट मेरी पंचायत ऐप में दर्ज है, जिसका पैसा भी भुगतान हो गया है। शौचालय बनाने का भुगतान कार्यदायी कंपनी तुषार इंटरप्राइजेज के बैंक खाते में 254800 रुपये और छाया के बैंक खाते में 14885 रुपये का भुगतान हो गया है। भुगतान करने वाले ग्राम प्रधान कमलेश सोनकर व पंचायत सेक्रेटरी अभिषेक सिंह हैं। विनय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से इस धांधली की जांच करा कर ग्राम प्रधान व पंचायत सेक्रेटरी के खिलाफ उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

अनटाईड फण्ड

क्र0 सं0	ग्राम पंचायत का नाम	प्रस्तावित कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित माप/सं0
1	महुली	समित से मन्दिर केपास से पटईल सरहद तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	200 मी0
2	रतनूपुर	आश्रम से जनता इण्टर कालेज के कैम्पस तक सी0सी0 रोड निर्माण का कार्य.	300 मी0
3	पारापाटी	पिच रोड से नहर तक सी0सी0 रोड निर्माण का कार्य।	300 मी0
4	नुआव	गोपीपुर पुलिया से मनीष सिंह के खेत नहर पटरी पर सी0सी0 रोड निर्माण का कार्य।	170 मी0
5	नुआव	मनीष सिंह के खेत से सतीश सिंह के खेत तक नहर पटरी पर सी0सी0 रोड निर्माण का कार्य।	165 मी0
6	नुआव	सतीश सिंह के खेत से डिघिया पुलिया तक नहर पटरी पर सी0सी0 रोड निर्माण का कार्य।	165 मी0
7	पौनी	इण्टरलाकिंग से सुनील यादव के घर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	300 मी0
8	टड़वा	प्रा0 वि0 से डा0 ओम प्रकाश सिंह के घर के सामने होते हुए नाले तक इण्टरलाकिंग कार्य।	300 मी0
9	पौनी	पिच रोड से हरिजन बस्ती तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	400 मी0
10	बन्तरी	आजमगढ़ वाराणसी मार्ग से जायसवाल के गोदाम तक सी0सी0 रोड निर्माण का कार्य।	300 मी0
11	बन्तरी	शंकर भगवान मंदिर से प्रेम सिंह के घर तक सी0सी0 रोड निर्माण का कार्य।	100 मी0
12	बेहड़ा	रग्घूपुर प्रदीप सिंह बी0डी0सी0 के घर से दुर्गा माता मंदिर तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	300 मी0
13	सेनापुर	खण्ड़जा से ठकुरान बस्ती तक स्मार्ट खण्ड़डा निर्माण का कार्य।	400 मी0
14	छितौना	पिच रोड से यादव बस्ती तक खण्ड़ा निर्माण का कार्य।	500 मी0
15	सिझावारा	पिच रोड से प्रा0 वि0 होते हुये अवनीस यादव के घर तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	700 मी0
16	भौरा-रामपुर	मन्दिर से ठकुरान बस्ती तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	300 मी0
17	तरियारी	पिच रोड से नाले तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	1000 मी0
18	धरौरा	जयहिन्द के खेत खण्ड़जा से जगदीश प्रजापति के खेत तक स्मार्ट खण्ड़जा का कार्य।	225 मी0
19	रामपुर धरौरा	सिलौता के खेत से संतोष यादव के घर तक स्मार्ट खण्ड़जा का कार्य।	125 मी0
20	देवराई	पिच रोड से ठाकुर बस्ती तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	200 मी0
21	पचवर	दिल्ला का पूरा में बिन्दू पाठक के घर से भोला पाठक के घर तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	300 मी0
22	केराकत	केराकत देवगॉव मेन मार्ग से केराकत रेलवे स्टेशन तक मिट्टी खण्ड़जा का कार्य।	700 मी0
23	केराकत	केराकत देवगॉव मेन मार्ग से केराकत रेलवे स्टेशन के बीच पुलिया निर्माण कार्य।	1 अदद
24	धरौरा	पिच रोड से यादव बस्ती होते हुए रामआसरे के मशीन तक खण्ड़जा निर्माण कार्य।	300 मी0
25	जमसार	नगर पिच रोड से पुरानी पुलिया तक इण्टरलाकिंग का कार्य।	140 मी0
26	कुसरना	राजबहादुर के घर से अमरनाथ के घर तक खण्ड़जा निर्माण का कार्य।	200 मी0

नियम व शर्तें :-

1- जो दरें प्रस्तुत की जाय जी0एस0टी0, कार्टेज व अन्य जोड़कर प्रस्तुत की जाय।
2- आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति अधोहस्ताक्षरी के आदेश पर ही की जायेगी।
3- सामग्री की मात्रा घटायी/बढ़ाई जा सकती है।
4- सामाग्री आपूर्ति की साईज एवं दरें लोकनिर्माण विभाग द्वारा स्वीकृत मानक एवं दर के अनुरूप हो।
5- निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी के पास होगा।
6- आपूर्ति ससमय न होने अथवा सामग्री गुणवत्तापरक न होने की दशा में निविदा अनुबन्ध समाप्त कर दिया जायेगा।
7- आपूर्तिकर्ता का रजिस्ट्रेशन सेलटैक्स/आयकर एवं जी0एस0टी0 विभाग में अनिवार्य है।
8- सामग्री की आपूर्ति उक्त परियोजना के कार्य स्थल पर स्वीकृत दर पर करनी होगी।

(पवन कुमार)
खण्ड विकास अधिकारी
केराकत-जौनपुर।

पत्रांकः 892/ दिनांक : 12.03.2025

सुरेमनपुर स्टेशन पर नये ओवरब्रिज पर होगी एक्सीलेटर की व्यवस्था

सुविधा

रेलवे अधिकारियों की पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने बुलायी बैठक

सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों से वार्ता करते पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त।

बैरिया (बलिया)। अमृत भारत रेलवे स्टेशन के रूप में चयनित सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर एक और नया फुट ओवरब्रिज बनेगा, जिसमे एक्सीलेटर की व्यवस्था होगी। विकलांगो के लिए जोनगी रेम्प का निर्माण भी होगा। यह जानकारी कार्यदाई संस्था गति शक्ति के वरिष्ठ अभियंता एचएन सिंह ने बुधवार को पूर्व सांसद भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह मस्त को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर दिया। मौके पर मौजूद यातायात निरीक्षक संजय सिंह ने कोच डिस्प्ले व पूछताछ कार्यालय अप्रैल माह में चालू होने की बात कहीं।

उल्लेखनीय हैं कि सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो की समीक्षा व नए कार्यो की प्रस्ताव के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों की बैठक वीरेंद्र सिंह मस्त ने बुधवार को सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर बुलाया था। बैठक में अधिकारियों ने उन्हें बताया कि प्लेटफॉर्म नम्बर दो की लंबाई चौड़ाई बढ़ा दी गई है। पेयजल की व्यवस्था के साथ दोनों प्लेटफार्मो पर एक एक अतिरिक्त शौचालय बनवाया गया है जिसमे पुरुषों महिलाओ व दिव्यांगों के लिए अलग अलग व्यवस्था होगी। प्लेटफार्म नंबर एक कि तरह ही दो नम्बर पर सभी सुविधाएं उपलब्ध होगी। रेल के अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन परिसर व स्टेशन में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए ओवरहेड टैंक का निर्माण कराया जा रहा है रेलवे स्टेशन पर 24 घंटे बिजली की व्यवस्था कर दी गई है वहीं दो नंबर प्लेटफार्म पर एक प्रतीक्षालय और एक टिकट खिड़की बनाने के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। अधिकारियों के साथ स्टेशन भ्रमण के क्रम में पूर्व सांसद ने स्टेशन परिसर में अवैध अतिक्रमण प्लेटफार्म की गंदगी पर नाराजगी जताई। वही आरक्षित टिकटों की कालाबाजारी रोकने के लिए आरपीएफ व जीआरपी को सक्रिय करने को कहा। पूर्व सांसद ने कहा जहां हमारी जरूरत होगी मैं सहयोग के लिए तैयार हूं जरूरत पड़ेगी रेल मंत्री से भी जो आदेश और निर्देश कराना होगा कराऊंगा। मौके पर वाराणसी से आए रेल अधिकारियों के अलावा स्थानीय रेलकर्मी, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, श्यामसुंदर उपाध्याय, जिला उपाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह, अरविंद सिंह सेंगर, सुशील पांडे, मनोज, अश्वनी ओझा, भोली साहनी सहित दर्जनों भाजपाई मौजूद रहे।

सभी ट्रेनों में लगाये जाएं वेंडर

पूर्व सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने रेल अधिकारियों से कहां है कि सभी ट्रेनों में वेंडर कुछ लगाया जाए जिससे किसान सब्जी, दूध व अपना अन्य उत्पादन महानगरों में ले जाकर बेच सके। साथ ही पुराना सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन व पुराना बकुल्हा रेलवे स्टेशन पर रेलवे की नष्ट संपत्ति को संरक्षित करने व यथाशीघ्र उसकी नीलामी करने का सुझाव दिया।

उपडाकघर के खाताधारकों, उपभोक्ताओं की होली बेरंग

बांसडीह (बलिया)। स्थानीय उपडाकघर का विगत 20 दिनों से लिंक फेल रहने से ग्राहकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्राहकों में विशुनदेव, राकेश कुमार, कृष्ण गुप्ता, रंधीर कुमार, राजेश, दिलीप, रानी देवी आदि ने बताया कि होली का पर्व सामने है। कई दिनों से डाकघर का चक्कर काट रहे है पर लिंक फेल रहने के कारण रुपए की निकासी नहीं हो पा रही है। अपना रुपए रहते हुए होली त्यौहार पर लगने वाली सामग्री, बच्चो के कपडे आदि खरीदने के लिए कर्ज लेने की नौबत आ गई है। भविष्य के लिए डाकघर के बचत खाते में रुपए जमा किया जाता है लेकिन वक्त पर वह भी काम नहीं आ रहा है। आपको बता दे कि स्थानीय उपडाकघर में विगत 20 दिनों से राउटर जलने के कारण जमा निकासी, रजिस्ट्री,आवर्ती जमा सहित अन्य कार्यों के लिए उपभोक्ताओं भटक रहे है,लिंक फेल होने से डाकघर संबंधित कोई कार्य नहीं हो रहा है। उपडाकपाल संजय सिंह ने बताया कि इसकी जानकारी वरीष्ठ अधिकारी को दी गई है लेकिन अभी तक स्थिति जस की तस है। इस मामले पर बलिया प्रधान डाकघर के अधीक्षक हेमंत कुमार से वार्ता करने पर बताया कि राउटर जलने की समस्या को संबंधित इंटरनेट प्रदाता और राउटर संबंधित कार्य देखने वाले बीएसएनएल के कर्मियों को सूचित किया गया है। राउटर आने के बाद समस्या समाप्त हो जाएगी हालांकि डाक अधीक्षक द्वारा राउटर बदलने की समय सीमा नहीं बता पाए।

घायल बालक की मौत के मामले में ट्रैक्टर चालक पर मुकदमा

बांसडीह (बलिया)। कोतवाली क्षेत्र के जजियापुर (मैरिटार) स्थित ईंट भट्ठे पर ट्रैक्टर की चपेट में आकर घायल बालक की मौत के मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित वीरेंद्र राजभर निवासी मैरिटार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका पूरा परिवार गांव के एक ईंट भट्ठे रहकर वहीं पर काम करता है। बीते 9 तारीख को ट्रैक्टर चालक अर्जुन राजभर ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए उनके पुत्र शिवम पर गाड़ी चढ़ा दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे आनन फानन में जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। वहां जाते समय रास्ते मे ही उसकी मौत हो गयी। मामले में पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

भाजपा सरकार मातृशक्ति को बढ़ावा देने व सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध

लाभार्थी महिला को डमी चेक देते प्रभारी मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु व अन्य।

प्रभारी मंत्री ने विभागीय अधिकारियों के साथ की बैठक

बलिया। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बुधवार को आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों के बैठक की। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने जिला होम्योपैथिक अधिकारी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी से विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। इसके साथ ही उन्होंने जो चिकित्सालय किराए पर संचालित हैं, उन चिकित्सालयों के लिए भूमि की उपलब्धता की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन से समन्वय कर भूमि को चिन्हित कराया जाय। इस कार्य में लापरवाही न बरती जाय। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों से विभागीय कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि होली के दृष्टिगत मिलावटी खाद्य सामग्रियों के विरुद्ध कार्यवाही किया जाय। किसी व्यापारी को अनावश्यक परेशान न किया जाय। बैठक में जिला होम्योपैथिक अधिकारी सुरेश गौड़, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक व यूनानी अधिकारी आनन्द सिंह कुशवाहा, खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारी तथा जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी उपस्थित रहें।

बलिया। प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग व जनपद के प्रभारी मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रतीकात्मक रूप से प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 15 लाभार्थियों- रानी देवी, जुझरिया देवी, रिंकू देवी, किस्मती, रीता देवी, शैल कुमारी, किरण, रेणु देवी, प्रीति देवी, पूनम देवी, सीता देवी, शांति देवी, राजकुमारी देवी, सुधा देवी एवं सरली देवी को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का डमी चेक प्रदान किया। जनपद में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत कुल 02 लाख 21 हजार 386 लाभार्थियों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी प्रदान कर लाभान्वित किया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर सभी वर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने देश की मातृशक्ति माताओं व बहनों के सशक्तिकरण के लिए, उनके जीवन में बदलाव के लिए एवं उन्हें धुएं से होने वाली अनेक बीमारियों से बचाने के लिए 1 मई 2016 को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना को लागू कर गरीब परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया। पहले गैस का कनेक्शन लेना, एक बहुत ही बड़ी लड़ाई मानी जाती थी। सामान्य व्यक्ति को गैस का कनेक्शन लेना बड़ा मुश्किल हो जाता था। आज देश के 10 करोड़ से अधिक गरीब परिवारों को गैस का निशुल्क कनेक्शन मिल चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा आज प्रदेश के 01.86 करोड़ पात्र परिवारों को रुपए-1890 करोड़ धनराशि की सब्सिडी प्रदान की गई। केंद्र एवं प्रदेश की सरकार मातृशक्ति को बढ़ावा देने, सक्षम एवं सशक्त बनाने तथा परिवार को भी सक्षम बनाने के लिए कार्य कर रही है।

बेटियों के लिये सरकार ने चलायी अनेक योजनाएं

राज्यमंत्री ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा गर्भ में पल रहे शिशु के पोषण एवं मां के स्वास्थ्य की चिंता कर जननी सुरक्षा योजना सहित अनेक योजनाएं संचालित की गई हैं। सरकार बच्चा पैदा होने से पढ़ाई से लेकर बेटियों के विवाह तक की चिंता कर रही हैं, इसके लिए कन्या सुमंगला योजना एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना आदि योजनाएं संचालित की जा रही है। वर्ष 2017 से पूर्व विवाह के लिए छोटी सी रकम रुपए 30 हजार मिलती थी, योगी सरकार बनने पर रूपए 51 हजार एवं अब इसे बढ़कर रुपए एक लाख कर दिया गया है। 04 लाख गरीब बेटियों का विवाह अब तक हो चुका हैं।

लखनऊ में कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रुपए-1890 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.8 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया तथा उपस्थित लोगों ने सजीव प्रसारण को देखा एवं मुख्यमंत्री के संबोधन को सुना। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष संजय यादव, जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज, जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्र सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण तथा जनसंपर्क अधिकारी आदि मौजूद रहे।

सरकार ने बनवाये अब तक 14 करोड़ से अधिक शौचालय

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में 14 करोड़ से अधिक शौचालय बनवाने का कार्य किया है। आज देश में एक करोड़ से अधिक स्वयं सहायता समूह बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा सुकन्या समृद्धि योजना शुरू की गई है, इस योजना के अंतर्गत जमा राशि का कम से कम पांच गुना राशि मिलता है। बच्चियों के पढ़ाई के लिए किसी प्रकार की समस्या न आने पाए, कन्या सुमंगला योजना संचालित की गई। बेटियों के पढ़ाई के लिए, उनकी सुरक्षा के लिए एवं उन्हें सक्षम बनाने के लिए सरकार कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून का राज स्थापित है। मातृशक्ति को राजनीति में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का कार्य किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा कामकाजी महिलाएं, जो शहरों में रहती हैं, उन सब के रहने के लिए अहिल्याबाई होलकर छात्रावास बनाने का निर्णय लिया है।

रंगोत्सव गुलाल गाथा कार्यक्रम में गोपाल राय ने बहाई सुरों की गंगा

रंगोत्सव गुलाल गाथा कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुति देते गोपाल राय व अन्य।

बलिया। अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल में लय-सुर-धुन के मस्त ताल व संयोजन में सुप्रसिद्ध भोजपुरी गायक और अभिनेता गोपाल राय ने साथियों संग होली गीतों पर जब अपने फन का जलवा बिखेरा तो हर कोई रस के सागर में गोते लगाने लगा। अतिथियों व विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन के पश्चात उन्होंने वीणावादिनी की आवाज में तुझको आज पुकारा गीत से उन्होंने कार्यक्रम की शुरूआत की। होली खेले कुंवर कन्हाई। चीर ले गए श्याम हमारे सखी व भोजपुरी की प्रशंसा करते भिखारी ठाकुर की विदेशिया के गीत ननदी जीअब हम कैसे छतिया पर लटकत केश से फाग व पारंपरिक गीतों की बयार बहा दी। समग्र परिसर करतल ध्वनियों से गूंजता रहा।

विद्यालय के शिक्षक नवचंद्र तिवारी ने बताया कि अयोध्या से आए अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त तबला और पखावज वादक कुमार वैभव ने मृदंग द्वारा विभिन्न आवाजों को जब निकाला तो समूचा प्रांगण उनके अद्भुत कला से अभिभूत हो गया। उन्होंने रेल गति, सजल घड़े सहित विभिन्न आवाजों से लोगों को हतप्रभ कर दिया। वाराणसी से आए लोक गायक मंगल पाठक ने भक्ति व होली गीतों से दर्शकों को भरपूर रसास्वादन कराया। उनके अंदाज में मंगल गीत गाओ री पर श्रोता झूमने लगे। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन द्वारा सभी अतिथियों का स्मृति चिन्ह व शाल से अभिनंदन किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष संजय पांडेय ने नमन हाल में उपस्थित बच्चों सहित सभी लोगों को अबीर - गुलाल लगाया। सभी ने गुझिया के मिठास का आनंद लिया। मौके पर सचिव अरुण सिंह, दयाशंकर वर्मा, निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह, प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह, सुधीर ओझा, सहर बानो, नीतू पांडेय आदि मौजूद रहे। संचालन स्वाति तिवारी व अनन्या सिंह ने किया। सभी का आभार प्रशासक संतोष कुमार चतुर्वेदी ने किया।

मदर टेरेसा कान्वेंट स्कूल में धूमधाम से मना होली महोत्सव

मझौंवा (बलिया)। मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल पचरुखिया में होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को रंग लगा कर होली का आनंद उठाया और मिलकर सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। इस दौरान बच्चों ने पारंपरिक लोक गीतों पर नृत्य किया और होली के महत्व पर अपने विचार साझा किए। प्रधानाचार्य कुसुमलता सिंह ने होली के सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह आपसी प्रेम और सौहार्द का प्रतीक है। डायरेक्टर स्वामी रविशंकर ने सभी विद्यार्थियों शिक्षकों एवं कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता को बनाए रखने का संदेश दिया। इस मौके पर दिनेश प्रजापति, रमेश सिंह, अरविन्द वर्मा, प्रदीप सिंह,आयुष्मान पाण्डेय, सूरज यादव, तनु दुबे, टीपी सिंह, आलोक कुमार, अरुण कुमार, राहुल यादव, सुरेश शर्मा, राजेश राणा, रुचि पांडेय,नेहा सिंह, स्वाति मिश्रा, अक्षय मिश्रा, रवि केसरी, श्रवण कुमार, सुनील कुमार, सलोनी पांडेय, स्वीटी गुप्ता, मुनी सिंह, अर्चना ओझा आदि शिक्षक व शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर दी होली की बधाई

बलिया। पूरे हर्षोल्लास के साथ बुधवार की सुबह टहलने वाले लोगों ने अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान सड़क से गुजर रहे छात्रों ने भी जमकर होली खेली। महिलाओं व युवतियों ने भी जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी। बता दें कि 13 मार्च को होलिका दहन और 14 मार्च को बलिया जनपद में होली मनायी जाएगी। इसके लिये बकायदा डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार ने आदेश जारी किया है।

पात्र परिवारों को वितरित किया गया गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी

पीएम उज्ज्वला योजना

मुख्यमंत्री योगी ने 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को बटन दबाकर वितरित की गयी सब्सिडी

जनसंदेश न्यूज

मऊ। होली पर्व पर खुशियों का उपहार, डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 1890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण बटन दबाकर किया गया।

इस कार्यक्रम के सजीव प्रसारण का आयोजन जनपद स्तर पर विधायक मधुबन रामविलास चैहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। कार्यक्रम में रामविलास चैहान, जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र, जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम सहित अन्य संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में लाभार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री के उद्बोधन को सुना गया। इसके उपरांत माननीय विधायक मधुबन एवं जिलाधिकारी द्वारा तारा देवी पत्नी दारा चैहान, सुशीला देवी पत्नी रामचंद्र, नजीबुन निशा पत्नी लालू, हसीना पत्नी मुंशी, किरन देवी पत्नी विक्की भारती, अंजू आरा पत्नी सद्दाम हुसैन, सुभावती पत्नी संजय को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। इसके अलावा जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम एवं कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा 100 से अधिक पात्र लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक मधुबन रामविलास चैहान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार जब से देश में आई है प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की मंशा है कि गरीबों को उनका हक मिले, इसके लिए भारतीय जनता की पार्टी की सरकार लगातार प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के समस्त अधिकारीगण को गांव-गांव में चैपाल लगा कर लोगों को योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निर्देशित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान जिला पूर्ति अधिकारी विकास गौतम सहित संबंधित अधिकारी, कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में लाभार्थी तथा महिलाएं उपस्थित रही।

लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल एक ऐतिहासिक कदम की ओर

मऊ। आज के समय में शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा का स्तर और गुणवत्ता यह निर्धारित करते हैं कि एक समाज का भविष्य कैसा होगा। खालिसपुर स्थित लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रबंधक मुरलीधर यादव ने बताया कि लिटिल फ्लावर इंटरनेशनल स्कूल को कैंब्रिज इंटर नेषनल एजूकेषन यूके द्वारा से मान्यता प्राप्त करने वाला प्रदेष का चैथा स्कूल बन गया है। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो न केवल इस विद्यालय के लिए बल्कि पूरे मऊ जनपद और राज्य के लिए गर्व का विषय है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, विद्यालय के प्रबंधक मुरलीधर यादव और प्राचार्या जीता लेप्चा ने मीडिया के सामने कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने शिक्षा के सुधार को लेकर गहन चर्चा की और इस बात का जिक्र किया कि इस मान्यता से विद्यालय के छात्रों के लिए कई नए अवसर खुलेंगे। इस मान्यता के साथ अब छात्रों को ग्लोबल यूनिवर्सिटी में दाखिला लेने में कोई बड़ी मुश्किल नहीं आएगी।

उपलब्धि

कैंब्रिज इंटर नेशनल एजूकेशन यूके द्वारा मिली मान्यता

संक्षेप

होली मनाने घर आ रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

पवन (फाइल फोटो)

सिकंदरपुर (बलिया)। सडक हादसे में बुधवार को हुई पवन की मौत ने परिवार की खुशियां छीन ली। वह लुधियाना से होली मनाने के लिए घर आ रहा था। तभी यह हादसा नरही के पास हो गया। दर्दनाक हादसे की खबर परिजनों तक पहुंचीं तो घर में मातम पसर गया। सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के पंदह गांव निवासी पवन राम (32वर्ष) पुत्र झींगुर राम लुधियाना में रहकर किसी कम्पनी में काम करता था। जबकि बड़ा भाई अमरनाथ प्रयागराज में अपनी पत्नी के साथ रहकर बीएड की तैयारी करता है। घर पर पिता के अलावा मां दुजिया देवी रहती हैं। परिजनों की माने तो पवन होली को लेकर काफी उत्साहित था। त्योहार पर घर आने की सूचना परिजनों को पहले ही दे दिया था। बुधवार की सुबह करीब 4 बजे वह ट्रेन से बक्सर उतरने की सूचना परिजनों को दी और बलिया के लिए टेंपो पकड़ लिया। रास्ते में नरही थाना के समीप तेज रफ्तार टेम्पो पेड़ से टकरा कर पलट गई। जिसमें सवार पवन की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 6 से अधिक लोग घायल हो गए। उधर काफी देर तक पवन का इंतजार करने के बाद जब कोई सूचना नहीं मिली तो परिजन उसके नंबर पर फोन किए। नरही थाने के किसी सिपाही ने फोन रिसीव किया और यह मनहूस खबर दी। पवन की मौत की खबर से परिजन हतप्रद हो गए। मां दहाड़े मार कर रोने लगी। पिता बेसुध हो गए। परिजनों के चीखने की आवाज सुनकर आस पड़ोस के लोग भी जमा हो गए। हर कोई इस घटना से मर्माहत था। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह ढांढस बंधाया और परिजनों को साथ ले नरही के लिए रवाना हो गए। पवन, तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था और घर का कमाऊ सदस्य था। दो साल पूर्व ही उसकी बड़ी बहन की भी मौत हो गई थी। बड़े भाई की अनुपस्थिति में भांजा, पवन के माता पिता के साथ रहता था।

अतिक्रमण से लगता है जाम, हर कोई हो है जाता परेशान

सिकंदरपुर (बलिया)। होली के त्योहार को लेकर सिकंदरपुर कस्बे में बुधवार को जबरदस्त भीड़ देखने को मिली वही दो पहिया वाहनों के साथ साथ ई रिक्शा व चार पहिया वाहनों का प्रतिबंध न होने के वजह से शहर पूरी तरह जाम में जूझ रहा था। बताया जाता है कि पिछले दिनों अनेको बार अतिक्रमण को लेकर पीस कमेटी के बैठक में इस समस्या पर मुद्दा उठाया गया जिसके बाद सिकंदरपुर नगर पंचायत द्वारा कई बार अभियान भी चलाया गया व दुकानदारों को सख्त हिदायत दी गयी कि अपनी अपनी दुकानें नाली के अंदर ही लगाए लेकिन उसका पालन दो से चार ही किया जाता है और जिस दिन जाम लग जाती है उस दिन फिर से अतिक्रमण की याद दिलाना चालू हो जाता है। आशिफ ने बताया कि अगर नगर पंचायत इस अतिक्रमण के खिलाफ कड़ा कदम उठाती तो शायद जाम नही लगता। वही बिक्की कुमार ने बताया कि नगर में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चे ई रिक्शा चला रहे है और ई रिक्शा चालक सडक पर कही भी मनमानी तरीके से अपने वाहन खड़ा कर देते है जिससे जाम की स्थिति हर समय उत्पन्न होती रहती है। वही ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि जाम को देखते हुए शहर में चार पहिया वाहनों को प्रतिबंध कर दिया गया जिससे जाम से छुटकारा मिल सके।

विद्यालय का ताला तोड़कर चोरी

मनियर (बलिया)। थाना क्षेत्र के कस्बा स्थित वार्ड नंबर 2 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर के पास कम्पोजिट विद्यालय में मंगलवार कि रात चोरों ने स्मार्ट टीवी, यूपीएस,डाटा केवल, टुल्लू पंप,थाली तथा बल्ब आदि सामानों पर हाथ साफ कर दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापक ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया है कि चोर खिडकी व रूम का ताला तोडकर उसमें रखा समान चोरी कर लिए हैं। उन्होंने पुलिस को बताया है कि दिनांक 12 मार्च सुबह 8:50 पर जब विद्यालय का स्टाफ तथा बच्चे पहुंचे तो रूम का ताला तथा खिडकी का सरिया टूटा हुआ था। उन्होंने पुलिस से चोरों को जल्द से जल्द पकडे की गुहार लगाई हैं। वहीं इस मामले में जब मनियर थाना प्रभारी रत्नेश कुमार दुबे से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूचना मिली है, जांच की जा रही हैं।

सभी अपने दुकानों में लगवा लें सीसीटीवी

लालगंज (बलिया)। दोकटी थाना के लालगंज चौकी पर बुधवार के दिन होली को लेकर व्यापार मंडल की बैठक हुई। थानाध्यक्ष दोकटी हरिशंकर सिंह ने व्यापारियों से सुरक्षा के दृष्टिगत अपने अपने दुकानों में और रास्ते पर सीसीटीवी लगाने को कहा। कहा कि अपराध रोकने में सीसीटीवी कैमरा बहुत ही सहायक होता है। नवागत थानाध्यक्ष ने जानना चाहा कि क्षेत्र में किसी प्रकार होली के दिन कोई परेशानी तो नहीं है। हिन्दू मुस्लिम या जातिगत किसी द्वेष के विषय में जानकारी ली। व्यापार मंडल के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने थानाध्यक्ष से बताया कि इस क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होती है फिर भी थानाध्यक्ष ने व्यापारियों से कहा कि ध्वनि विस्तारक यंत्र सरकार द्वारा निर्धारित डिसेबल में ही बजाए। कहा कि यदि कही विवाद की संभावना हो तो तत्काल पुलिस को सूचित कर दे। इस अवसर पर लालगंज चौकी प्रभारी अश्विनी मिश्र,व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे।

दहेज उत्पीड़न में पति समेत छह पर मुकदमा दर्ज

बांसडीह (बलिया)। दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के उत्पीड़न व गर्भपात कराने के प्रयास के मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर उसके पति उपनिदेशक निर्माण कृषि मंडी मुंडेरा प्रयागराज, सास, ससुर व तीन देवरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता के पिता विजय मौर्य निवासी हुसैनाबाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री अमृता का विवाह अखिलेश सिंह मौर्य निवासी उचेहरा थाना चकिया जनपद चंदौली से दिसंबर 2012 में हुआ था। विवाह में उनके द्वारा दामाद को हीरे की अंगूठी, लाखों का सामान व 15 लाख की कार दहेज के रूप में दी गयी थी। शादी के कुछ दिनों बाद मेरी पुत्री के पति अखिलेश, ससुर श्यामबिहारी, सास भागीरथी देवी व उनके तीन पुत्रों बृजेश, विवेक व अनिल द्वारा उसपर 25 लाख रुपये मायके से लाने का दबाव बनाने लगे। इस दौरान उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गयी और उसका गर्भपात कराने का प्रयास किया गया। जिसके बाद मैं उसे लेकर गांव चला आया। मामले में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर उसके पति समेत ससुराल वालों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

आज बिरज में होली रे रसिया, होली के रंग में सराबोर हुईं छात्राएं

दोहरीघाट, मऊ। पार्वती महिला पीजी कालेज में जहाँ बसंतोत्सव की धूम चल रही है। बसंत के शुभागमन से ही बसुन्धरा का प्राकृतिक श्रृंगार और सौन्दर्य अपनी पराकाष्ठा पर होता है प्रकृति के अद्भुत श्रृंगार और सतरंगी सौन्दर्य मे हर चंचल मन रंगने लगता है। यह छटा पार्वती महिला पीजी कालेज की छात्राओ ने मनोहारी बसंत की गंगोत्री से रंग भरकर भारतिय लोकमानस को अभिसिंचित कर रही थी कालेज के गुरूजनो व छात्राओ के संग ही होली के रंग मे सराबोर हो रही थी। कालेज के प्रांगण डीजे धुन पर जमकर थिरकी तथा आपस में होली खेली तथा एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। कालेज के प्रागंण मे ही होली बसंतोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था तथा रंग बिरंगे गुलाल का स्टाल लगाया गया था। जैसे डीजे की धुन बजी होली खेले रघुबीरा अवध मे, आज बिरज मे रोली व रंग बरसे भीगे चुनर वाली का गाना बजा फिर हजारो छात्राओ ने समूह नृत्य कर होली के खुमार मे रंग गयी फिर क्या था खइके पान बनारस वाला समेत आदि गानो पर नृत्य कर धमाल मचा दिया तथा खुब गुलाल उड़ाते हुए एक दुसरे को गुलाल लगाया। वही कॉलेज की प्राचार्य डा रंजना द्विवेदी ने कहा कि यह पर्व एक उमंग का त्यौहार है किसी के भी जीवन मे मस्ती और आनंद जरूरी है और यही तभी आयेगा जब हंसी ठीठोली मौज मस्ती का तरीका अनुशासित मर्यादित व हमारी संस्कृति और सभ्यता के दायरे मे हो। होली मिलन समारोह में डा बिपिन बिहारी द्विवेदी, अनिरुद्ध, डॉ दुर्गेश मिश्रा, डॉ आराधना तिवारी, डॉ प्रवीणा, डॉ नमिता, डॉ सुनील, सुधा गुप्ता, बैशाली गुप्ता रीता मिश्रा, अंचला, शाही आदि।

साई कॉलेज ऑफ फार्मेसी में होली मिलन समारोह का आयोजन

मऊ। साई कालेज ऑफ फामेर्सी में होली मिलन समारोह का आयोजन किआ गया। जिसमे संस्था के समस्त अध्यापकगण और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और धार्मिक एकजुटता देखी गयी। सभी वर्ग समुदाय के छात्र-छात्राओ ने एक दुसरे को गुलाल, रंग लगाए जो भाईचारा को परदर्शित करता है। इस अवसर पर मनीष कुमार राय (चेयरमैन प्रकाष ग्रुप) व संस्था के प्रबन्धक अखिलेश कुमार राय ने होली मिलन समारोह की बधाई दी व कहा कि होली को ह्यरंगों का त्योहारह्ण कहा जाता है, जो भारत में पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। इसे वसंत के आगमन और सर्दियों के अंत का प्रतीक भी माना जाता है। यह सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भावना और सांस्कृतिक विरासत को संजोने का पर्व भी है। इस दौरान प्रधानाचार्य अजय कुमार व अध्यापकगण अविनास पाण्डेय, षिवम सुषील, अखिलेष सिंह चैहान, अजय सिंह,, मुदस्सीर षमीम, चन्द्रषेखर चैहान व विवेक पाण्डेय, अमित, आकांक्षा राव, विजय मौर्या व सभी छात्र छात्रा भी उपस्थित थे।

नर्सिंग स्कूल में फूलों की होली मरीजों को बांटी गुझिया

मऊ। होली के पावन पर्व पर शहर भर में हर्षोल्लास का माहौल है। इसी कड़ी में प्रकाश नर्सिंग स्कूल में होली की पूर्व संध्या पर फूलों की होली का आयोजन किया गया, जिसमें स्कूल के डायरेक्टर डॉ. मनीष राय ने बच्चों और स्टाफ के साथ मिलकर जमकर मस्ती की। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. मनीष राय ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताते हुए की। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, जो हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इस त्योहार को शांति और सद्भाव के साथ मनाएं। इसके बाद, बच्चों और स्टाफ ने एक-दूसरे पर फूलों की वर्षा की और जमकर नृत्य किया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाया और होली की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान, स्कूल परिसर रंगों और खुशियों से सराबोर हो गया। फूलों की होली के बाद, डॉ. मनीष राय ने अस्पताल के मरीजों को गुजिया बांटी और उन्हें होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मरीजों के साथ त्योहार मनाकर उन्हें खुशी मिलती है और इससे उनका मनोबल भी बढ़ता है। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षक, अस्पताल के कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। सभी ने मिलकर होली के इस पावन पर्व को धूमधाम से मनाया।

पत्रकार हत्याकांड को लेकर ग्रापए का विरोध-प्रदर्शन

आक्रोश

पत्रकारों ने मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

डीएम को ज्ञापन देने जाते ग्रापए के सदस्य।

बलिया। सीतापुर के महोली में पत्रकार राघवेंद्र वाजपेयी की हत्या के खिलाफ ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन जिला इकाई बलिया के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार के नेतृत्व में बुधवार को मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार सहित दो दर्जन से अधिक पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर प्रदेश सरकार से कई मांगें की।

सौंपे गये ज्ञापन में पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से कई मांगें रखी हैं। प्रदेश में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर असामाजिक व अपराधिक तत्वों द्वारा हमले से आपकी स्वच्छ छवि को कलंकित कर रहे है। लोकतन्त्र का चौथा स्तम्भ आपसे ऐसे तत्वों के दमन हेतु कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही करने की मांग की है। जनपद सीतापुर में प्रतिष्ठित एक अखबार के संवाददाता (पत्रकार) राघवेन्द्र बाजपेई की बाइक में टक्कर मार कर उनके शरीर को गोलियों से छलनी कर उनकी हत्या कर दी गई थी। शासन प्रशासन द्वारा अपेक्षित त्वरित कठोर कार्यवाही परिलक्षित नहीं हुई और आश्रितों को सांत्वना प्रदत्त किए जाने हेतु भी किसी भी प्रकार का कदम उठाया जाना दृष्टिगत नहीं हुआ। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन आपसे अनुरोध कर अपेक्षा करता है कि आप अविलम्ब हमलावर रहें असामाजिक तत्वों के विरूद्ध कठोरतम दंडात्मक कार्यवाही करेंगे। साथ ही दुःखी व पीड़ित आश्रित परिवार को सात्वाना प्रदान हेतु उचित कदम उठायेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि ज्ञापन को अविलंब उचित माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा।

इस मौके पर प्रदेश कोषाध्यक्ष छोटे लाल चौधरी, जनार्दन सिंह,जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, अनिल सिंह, बीर बहादुर सिंह, सदर तहसील अध्यक्ष श्याम प्रकाश शर्मा, महामंत्री प्रभाकर सिंह, पंकज सिंह जुगनू, अध्यक्ष बांसडीह कैलाश पति सिंह, हरिवंश कुमार, हसन खां, मनोज कुमार, संतोष तिवारी, अतीश उपाध्याय, सुनील शर्मा, अभिजीत सिंह, कन्हैया वर्मा, जितेंद्र, सुदर्शन, मुकेश, संतोष सिंह, विकास सिंह, मनोज सोनी आदि रहे।

शोकसभा कर ग्रापए ने व्यक्त की शोक संवेदनाएं

बलिया। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार के नेतृत्व में सीतापुर में पत्रकार की हत्या से शासन प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई। साथ ही जिलाधिकारी कार्यालय समीप शोक संवेदना व्यक्त किया गया। साथ ही दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस दौरान काफी संख्या में ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सदस्य मौजूद रहे।

होली मिलन समारोह में कवियों ने बिखेरा अपना जलवा

जनसंदेश न्यूज

बलिया। संस्कार भारती के तत्वावधान में बुधवार को होली मिलन समारोह वरिष्ठ साहित्यकार डॉ भोला प्रसाद आग्नेय की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य अतिथि भारती सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आगाज किया। डॉक्टर आग्नेय ने होली त्यौहार की ऐतिहासिकता एवं पौराणिकता पर प्रकाश डालते हुए हास्य कविता बुढौतियो मैं भौजी लागेली जवान लंबाई जैसे यस दूतला मकान प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि भारती ने कहा कि होली का उद्देश्य सामाजिक समरसता एवं सद्भावना कायम करना है। विशिष्ट अतिथि संध्या पांडे ने कहा कि त्योहारों को हम होलिका रूपी बुराई को जलाकर खुशियों का आगाज करता है। होली गीत क्या है पनिया लाले लाल ए गौरा हमरो के चाहे कुमारी वैष्णवी राय द्वारा प्रस्तुत किया गया। दिव्यांशी, डा. शिवजी पांडे रसराज, लाल साहब सत्यार्थी, जयप्रकाश, मिथिलेश कुमार, पार्थ यादव, दिव्यांश, विवेक सिंह, सत्यकृत, शिवानी मिश्रा, प्रियांशी यादव, दिव्यांशी यादव, आरती वर्मा, नंदिनी वर्मा, रानी वर्मा, अनामिका सिंह, विशाल यादव, रोहन चौहान, मुकेश मिश्रा आदि मौजूद रहे। संस्कार भारती बलिया के अध्यक्ष पंडित राजकुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम एवं पुष्प हार देकर सम्मानित किया।

समाजसेवी के जनाजे की नमाज में उमड़ी भीड़

बेल्थरारोड (बलिया)। स्थानीय नगर के प्रमुख समाजसेवी खालिद जहीर के जनाजे की नमाज बुधवार को दिन में 10 बजे रामलीला मैदान के प्रांगण में हजारों की संख्या में मुस्लिम बंधुओ ने अदा की। उनको उनके शव को अमूरतानी स्थित कब्रगाह में सुपुर्दे खाक किया गया।

उनकी लम्बी शव यात्रा में हजारों की संख्या में विभिन्न राजनैतिक दलों सहित हिन्दू व मुस्लिम वर्ग के लोग शामिल रहे। शोक में अधिकांश दुकानें दोपहर तक बन्द रही। इस शव यात्रा में विधायक जयप्रकाश अंचल, पूर्व विधायक गोरख पासवान, पूर्व मंत्री छू राम, अखिल भारतीय व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष प्रशांत कुमार मंटू, रुद्र प्रताप यादव, दुर्गा प्रसाद मधु लाला, यूनाइटेड क्लब पूर्वी मोहाल के अध्यक्ष शनि जायसवाल, तौहिद अहमद लारी, पूर्व सभासद सुनील कुमार टिंकू, राजन कनौजिया, सभासद सद्दाम, सभासद निलेश दीपू, नय्यर उर्फ राजू, प्रवीण नारायण गुप्त, आतिफ जमील, मास्टर इरशाद, बागीश पांडे, एजाजुद्दीन शेख, ओम सिंह, संदीप , अजय राव, सभासद राम मनोहर गांधी, अमित जायसवाल, प्रधान सज्जन पासवान, जावेद भाई, विवेक सिंह परिहार, शमशाद बांसपारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

विकास कार्यों को समय से पूर्ण करें अधिकारी

बोले प्रवीण लक्षकार

अनुपस्थित ईओ, दो मंडी सचिवों को नोटिस

बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान स्टांप व रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, परिवहन निगम, विद्युत, मंडी, नगर निकाय, वन विभाग एवं राज्य कर के अधिकारियों को कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य के हिसाब से राजस्व वसूली में प्रगति लाने का निर्देश दिया।

उन्होंने अधिशासी अधिकारी, बेल्थरारोड के अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अनुपस्थित रहने पर मंडी सचिव, बेल्थरारोड का एक दिन का वेतन रोकने एवं कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मंडी सचिव, रसड़ा द्वारा राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति न लाने व कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड में राजस्व के इंडिकेटरों की समीक्षा की। इस दौरान इंडिकेटर में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को ए प्लस ग्रेड प्राप्त करते हुए रैंकिंग में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों तथा अपीलों का निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जाए। सभी अधिशासी अधिकारियों को विकास कार्यों को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर क्षेत्र में साफ-सफाई की व्यवस्था संतोषजनक न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट की।

सभी अधिशासी अधिकारियों को अपनेसफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण तथा आरसी वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान चलाकर धारा-34 के अविवादित वादों का निस्तारण शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

फार्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति न होने पर डीएम नाराज

बलिया। जिलाधिकारी ने फार्मर रजिस्ट्री में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उप जिलाधिकारियों को लेखपालवार समीक्षा कर प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र एवं निवास प्रमाणपत्र के आवेदन लंबित न रहने पाए। इन आवेदनों का निस्तारण समय से सुनिश्चित कराया जाए। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी त्रिभुवन, अपर जिलाधिकारी अनिल कुमार, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे राजेश कुमार गुप्ता एवं नगर मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा उपस्थित रहे।

कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी शहाबगंज, चन्दौली

पत्रांकः बी.आर.सी./308/2024-25 दिनांकः 11.03.2025

विज्ञप्ति/नीलामी सूचना

अपर मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन के शासनादेश संख्या/15/68-5-2020, बे0 शि0 अ0-5 लखनऊ, दिनांक 22.01.2020 के क्रम में गठित तकनीकी समिति द्वारा पत्रांकः 1051/ग्रा0अ0वि0/विविध/2024-25 दिनांक 24.02.2025 एवं पत्रांकः 1070/ग्रा0अ0वि0/विविध/2024-25 दिनांक 03.03.2025 एवं कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चन्दौली के पत्रांक/8127-32/2024-25 दिनांक 06.03.2025 के क्रम में खण्ड शिक्षा अधिकारी शहाबगंज, चन्दौली के परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवन के ध्वस्तीकरण हेतु नीलामी की प्रक्रिया शासनादेश द्वारा गठित विकास खण्ड स्तरीय समिति द्वारा किये गये जाने का निर्देश प्राप्त हुआ है। उक्त निर्देश के क्रम में परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित जर्जर भवनों के ध्वस्तीकरण हेतु नीलामी की प्रक्रिया ब्लाक संसाधन केन्द्र शहाबगंज, चन्दौली पर किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

ध्वस्तीकरण किये जाने वाले विद्यालयों का विवरण निम्नवत हैः-

क्र. सं.	विद्यालय में अवस्थित जर्जर/ध्वस्तीकरण योग्य विद्यालयों का नाम	नीलामी का दिनांक व समय
1	प्रा0 वि0 खजरा, प्रा0वि भूसी, प्रा0वि0अर्जीकला, प्रा0वि गजधरा, प्रा0वि0 निचोटकला, प्रा0वि0 तकिया महडौर, प्रा0वि0 भुड़कुड़ा, प्रा0वि0 बड़गांवा प्रा0वि0 लेहरा, प्रा0वि0 जेंगुरी, प्रा0वि0 बरियारपुर, कम्पोजिट विद्यालय जिगना, कम्पोजिट विद्यालय बराव, कम्पोजिट विद्यालय भोड़सर, कम्पोजिट विद्यालय इमिलिया, कम्पोजिट विद्यालय खखरा, पू0मा0वि0 सुल्तानपुर, पू0मा0वि0 खरौझा, कम्पोजिट विद्यालय करनौल।	दिनांक 20.03.2025 समय प्रातः 10.00 बजे

उपरोक्त विद्यालय में अवस्थित जर्जर भवनों की नीलामी हेतु इच्छुक व्यक्ति दिनांक 19 मार्च, 2025 तक किसी भी कार्य दिवस में ब्लाक संसाधन केन्द्र शहाबगंज, चन्दौली से प्रति विद्यालय निर्धारित प्रतिभागिता शुल्क आधार एवं पैन कार्ड के साथ जमा कर नियम एवं शर्तों के अनुसार निर्धारित तिथि को नीलामी बोली में प्रतिभाग कर सकते हैं। प्रतिभागिता शुल्क जमा न होने पर किसी विद्यालय के नीलामी बोली में प्रतिभाग नहीं कराया जायेगा। नीलामी में नीलामी समिति का निर्णय सर्वोच्च होगा, किसी भी बोली के अभ्यर्थन या दावेदारी को निरस्त करने का सर्वाधिकार नीलामी समिति के पास सुरक्षित रहेगा।

(अजय कुमार)
खण्ड शिक्षा अधिकारी
शहाबगंज, चन्दौली।

बाइक सवार दंपति को ट्रक ने कुचला, पत्नी की मौत

गहमर/बारा। कोतवाली क्षेत्र के बारा गांव के मगरखाई मोड़ के पास बुधवार की सुबह ओवरलोड ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं पति बाल बाल बच गया। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बारुपुर थाना राजपुर बक्सर निवासी नंदन कुमार राय पत्नी मीनाक्षी देवी व बहनोई जार्ज फर्नांडीस के साथ किसी कार्य से बारा आ रहे थे। मगरखाई चौराहा से आगे जैसे ही बढ़े थे कि पीछे से तेज रफ्तार आ रही ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर बैठी मीनाक्षी देवी (35) गिरकर ट्रक के पहिये के नीचे आ गई। ट्रक घसीटते हुए कुछ दूर तक ले गया।

मिनाक्षी देवी (फाइल फोटो)।

बारा गांव के मगरखाई मोड़ के बाद हादसा होने के बाद खड़ा ट्रक एवं राहगीरों की भीड़।

इससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, दूसरी तरफ बाइक चला रहे नंदन कुमार राय और उनके बहनोई बाल-बाल बच गए। ट्रक चालक मौके से फरार होने में सफल रहा। राहगीरों ने हादसे की सूचना बारा पुलिस चौकी सहित कोतवाली पुलिस की दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुटी है। वहीं घटना की जानकारी होने पर स्वजन भी आ गए। प्रभारी निरीक्षक अशेषनाथ सिंह ने बताया कि महिला के पति नंदन कुमार राय की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चालक की तलाश किया जा रहा है।

छप्पन भोग स्वीट्स पर खाद्य विभाग का छापा

गाजीपुर। सहायक आयुक्त (खाद्य) आरसी पांडेय के निर्देशन में होली पर्व में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों के बिक्री की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान के तहत 6 नमूना लिया गया। वहीं, खोया एवं छेना मिठाई 20 किलोग्राम अनुमानित मूल्य पॉच हजार आठ सौ रुपए मात्र का खाद्य पदार्थ नष्ट कराया गया। बुधवार को छप्पन भोग स्वीट्स, जंगीपुर बाजार स्थित सुजीत कुमार के प्रतिष्ठान से खोया का 1 नमूना संग्रह किया गया। इसके अलावा10 किलोग्राम खोया नष्ट कराया गया। जिसका अनुमानित मूल्य तीन हजार है। काजल स्वीट्स, जंगीपुर बाजार स्थित सुप्रेष गुप्ता के प्रतिष्ठान से छेना मिठाई का 1 नमूना संग्रह किया गया एवं 10 किलोग्राम छेना मिठाई नष्ट कराया गया। ग्वाला पनीर उद्योग नवापूरा गाजीपुर स्थित दुर्गा प्रसाद के विनिर्माण प्रतिष्ठान से पनीर का 1 नमूना, बहादुरगंज, कासिमाबाद स्थित मिनहाज आलम के प्रतिष्ठान से खोया का 1 नमूना, बहादुरगंज, कासिमाबाद स्थित मनोज कुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान से खोया का 1 नमूना, वेद बिहारी पोखरा, गंगौली, कासिमाबाद स्थित फूलमती कुशवाहा पत्नी शिवकुमार कुशवाहा के प्रतिष्ठान से मिल्क केक का 1 नमूना लिया गया।

संग्रहित नमूनें खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला, उत्तर प्रदेश को भेजा गया है। जॉच रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही की जायेगी। छापेमारी अभियान में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुमन कुमार मिश्र एवं गुलाबचन्द गुप्त वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 तूलिका शर्मा, राजीव कुमार सिंह, विरेन्द्र यादव, पंकज कुमार कन्नौजिया एवं अरविन्द प्रजापति रहे।

संक्षेप

एसदेव पब्लिक स्कूल में मनी होली

एसदेव पब्लिक स्कूल में बच्चों संग होली मनाते प्रबंधक सुभाषचंद्र कुशवाहा।

जमानियां। क्षेत्र के हेतिमपुर गांव के एसदेव पब्लिक स्कूल में बुधवार को होली पर्व के शुभ अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक सुभाष चंद्र कुशवाहा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे कार्यक्रम का प्रारंभ प्रधानाचार्य श्रीमती सुनीता कुशवाहा द्वारा होली के पौराणिक संबंध एवं इसका उदय बात कर किया गया इस त्यौहार के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में प्रधान श्रीमती सुनीता कुशवाहा, सहसंयोजीका शगुफ्ता रहमान, सहसंयोजक डॉ देवेंद्र वर्मा, शशि बाला देवी, कृष्णानंद साहनी, धर्मेंद्र यादव समस्त अध्यापक एवं छात्र उपस्थित रहे! विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह से एक दूसरे को रंग लगाकर एकता का संदेश दिया! विद्यालय के प्रबंधक श्री सुभाष चंद्र कुशवाहा ने कार्यक्रम के समापन पर समस्त उपस्थित विद्यार्थियों अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को होली पर्व की शुभकामनाएं दी तथा हर्ष उल्लास के साथ रंगों के उत्सव पर होली पर्व का अभिनंदन किया।

'ट्रांसफार्मर उड़ गया' में रचना मुख्य नायिका

दिलदारनगर। जिले की बेटी ने रचा इतिहास जमानिया तहसील क्षेत्र की ग्राम शेरपुर निवासी मिस काशी, मिस इंडिया (मोस्ट पॉपुलर फेस) रचना सिंह यादव ट्रांसफार्मर उड़ गया भोजपुरी फिल्म में मुख्य नायिका के रूप में नजर आयेंगी। जिसकी शूटिंग हाल फिलहाल मिजार्पुर की पहाड़ी वादियों में चल रहा है। यशवी मोशन पिक्चर्स के बैनर तले शूट हो रही इस फिल्म में रचना एक विद्युत विभाग की बड़ी अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं। जो आम विद्युत उपभोक्ताओ की समस्या से रूबरू हो कर ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्य का निर्वहन करती है। इस फिल्म की मुख्य खासियत यह है कि आखिरकार कोई क्यों परेशान हो जो अपनी गाढ़ी कमाई का भुगतान विद्युत विभाग को करता है। इससे पहले भी रचना ने कटान ,कलाकंद जैसी भोजपुरी फिल्मों में तथा कई एल्बमों में अभिनय कर चुकी हैं, लेकिन ट्रांसफार्मर उड़ गया में रचना पहली बार मुख्य भूमिका में है। रचना ने बताया कि फिल्म में और भी चर्चित कलाकार है। फिल्म के निर्देशक धीरू यादव और स्क्रिप्ट लेखक धर्मेंद्र सिंह है।

वांरटी भिखारी गिरफ्तार

भांवरकोल। भांवरकोल पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया है। वारंटी भिखारी राम पुत्र बब्बन राम निवासी खरडीया थाना भांवरकोल को थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी की अगुवाई वाली टीम ने गिरफ्तार किया और उसके खिलाफ आवश्यक विधिक कार्रवाई की गई।

जिला अपराध निरोधक समिति ने बंदियों को दिया उपहार

गाजीपुर। अपराध निरोधक समिति, लखनऊ सदैव से तत्पर रही है। समिति के चेयरमैन कमलेश श्रीवास्तव के निदेर्शानुसार, जिला अपराध निरोधक समिति गाजीपुर के सचिव अभिषेक कुमार के नेतृत्व में जिला जेल में निरुद्ध महिला बंदियों व उनके साथ रह रहे बच्चों को होली का उपहार प्रदान कर उनके चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। होली का त्योहार रंगों का त्योहार है, बाल मन में इस त्यौहार को लेकर बड़ा उमंग और जोश जुनून रहता है, लेकिन किसी कारणवश समाज के अंग के ये लोग, जेल में निरुद्ध हैं। समिति सदैव हर सुख दुख में प्रदेश के कारागारों में, सहयोग व सहभागिता की भावना से कार्य करती है। जेलर ने उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति कैदियों के सुख-दुख में हमेशा सहयोग के लिए तत्पर रहती है। करोना काल में भी इनका सहयोग कैदियों एवम् बंदी रक्षकों के प्रति अत्यन्त सराहनीय रहा है। कारागार में बंद महिला कैदियों और उनके बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और उनके त्यौहार को खुशनुमा बनाने के लिए उनका आज का प्रयास सराहनीय है। आज जिला कारागार में कुल 666 बंदी है जिसमें 575 पुरुष, महिला 33, अल्पवयस्क 58 हैं महिला बंदीयो के साथ 6 बच्चे निरुद्ध हैं। आज सुबह नाश्ते में दलिया, चाय, दोपहर भोजन में रोटी,चावल उर्द राजमा की दाल सब्जी आलू पालक बैगन की सब्जी, साम को भोजन में रोटी, चावल, अरहर दाल, आलू पत्ता गोभी की सब्जी दी जाएगी। होली से पूर्व इस अवसर पर उन्होंने सभी कैदियों सहित उत्तर प्रदेशीय अपराध निरोधक समिति के सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जेलर आर.के. वर्मा, डिप्टी जेलर रविंद्र के अतिरिक्त समिति के अभिषेक कुमार सिंह,सुजीत कुमार सिंह, वसीम रजा, विनीत चौहान उपस्थित रहे।

31 मार्च को होगा लेनदेन

गाजीपुर। वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने सूचित किया है कि 30 मार्च को रविवार व 31 मार्च को ईद-उल-फितर का त्यौहार होने के कारण क्रमशः साप्ताहिक व सार्वजनिक अवकाश है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 समाप्ति की ओर है, जिसके कारण 31 मार्च को अत्यधिक शासकीय लेन-देन होना स्वाभविक हैं, अतएवं जनपद के समस्त शासकीय कार्य करने वाली बैंक शाखाओं को 30 मार्च, 31 मार्चको ईद-उल-फितर त्यौहार को खोलना सुनिश्चित करते हुए राज्य सरकार के लेन-देन से संबधित कार्य का संपादन किया जाना व राजकीय लेखा अगले कार्य दिवस में कोषागार को प्रेषित किया जाना आवश्यक हैं। ईद-उल-फितर त्यौहार को देखते भारतीय स्टेट बैंक, शाखा गाजीपुर, सैदपुर, जमानियां, मुहम्मदाबाद, तथा युनियन बैंक आफ इण्डिया शाखा जखनियां व कोषागार कार्यालय सामान्य कार्यदिवस के भॉति खुले रहेगें। 31 मार्च को शासकीय लेन-देन करने वाले बैंक रात्रि 10 बजे तक सरकारी भुगतान एवं राजस्व प्राप्तियों के लिये खुला रखा जाये। साथ ही साथ राजकीय लेन-देन से संबंधित सूचना व लेखा समय से शासन व महालेखाकार उप्र को प्रेषित किया जाने हेतु प्रत्येक दशा में राज्य सरकार के लेन-देन से संबधित लेखा अगले कार्य दिवस में कोषागार को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

25 मार्च तक कोषागारों में पहुंचे बिल

गाजीपुर। वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने समस्त आहरण वितरण अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर बताया है कि सभी आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में समस्त बिल निर्धारित प्रकिया के अनुसार बिलम्बतम् 25 मार्च तक अवश्य प्रस्तुत कर दिये जाय, जिससे कि प्रस्तुत बिलों की आवश्यक चेकिंग के बाद कोषागारों द्वारा बिलों की पासिंग तथा ई-पेमेंट के माध्यम से भुगतान निर्धारित समय अवधि में 31 मार्च तक किया जा सके। उन्होने बताया कि आहरण एवं वितरण अधिकारियों द्वारा कोषागारों में बिल प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित समय सीमा सायं 05 बजे तक तथा कोषागारों द्वारा बिलों का पारण किये जाने हेतु समय सीमा रात्रि 09 बजे तक निर्धारित है। चालू वित्तीय वर्ष में माह फरवरी-2025 तक प्राप्त बजट के सापेक्ष देयको को डीडीओ पोर्टल द्वारा तैयार यथाशीघ्र कोषागार में प्रस्तुत कर आहरण कर करने अथवा विलम्बतम 20 मार्च तक आहरण कर करने का कष्ट करें। साथ ही यदि बजट में किसी प्रकार भी भिन्नता हो तो कोषागार से बजट मिलान रिर्पोट प्राप्त कर मिलान कर लेवें। माह मार्च-2025 में प्राप्त बजट के सापेक्ष देयक विलम्बतम 25 मार्च तक कोषागार में अवश्य प्रस्तुत करने का कष्ट करें। उक्त शासन के निर्देश के अवहेलना की स्थिति में किसी धनराशि के व्यपगत होने की दशा में संबधित आहरण वितरण अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होगें।

अधिग्रहण भूमि के प्रभावित काश्तकारों का होगा समाधान

गाजीपुर। मुख्य राजस्व अधिकारी आयुष चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय मार्ग संख्या- 124 डी से प्रभावित काश्तकार जो चल रहे सड़क निर्माण कार्य में कटेगरी में प्रभावित है। जिनकी भूमि, अधिग्रहण से छूट गयी है या गाटा का प्रकाशन नही हुआ है। वहीं, अधिग्रहण से प्रभावित भूमि पर स्थित परिसम्पत्तियों का मूल्यांकन नहीं हुआ है, ऐसे काश्तकार तहसील अनुसार निस्तारण के लिए अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते है। उन्होंने बताया कि कासिमाबाद तहसील सभागार में 17 से 18 मार्च , जखनियां में 19 से 22 तथा सैदपुर में 24 से 25 मार्च तक सुबह 11 बजे से 3.0 बजे तक प्रार्थना पत्र लिया जाएगा।

सामूहिक विवाह में एक दूजे के हुए 225 जोड़े

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन आरटीआई मैदान (नवीन स्टेडियम) में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह एवं मंच पर उपस्थित अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

सामुहिक विवाह योजना में कुल 225 जोड़ो का सामुहिक विवाह पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। सामुहिक विवाह के अवसर पर उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नव विवाहित वर-वधुओं को उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना करते हुए शुभकामना दी। सामुहिक विवाह में नव दाम्पत्य को विवाह प्रमाण पत्र एवं पौध रोपण हेतु आम वृक्ष का पौधा उनके हाथो में दिया गया। विवाह कार्यक्रम मे मंच से ही मुख्य अतिथि ने बटन दबाकर 35 हजार रुपए की धनराशि वधुओ के खाते में हस्तान्तरित किया।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल , मंत्री ओमप्रकाश राजभर प्रतिनिधि सुरेश राम, सीडीओ संतोष कुमार वैश्य, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, उपजिलाधिकारी सदर मनोज पाठक, जिला सूचना अधिकारी राकेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी राम नगीना यादव, जिला अल्पसंख्यक अधिकारी एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

गैस कनेक्शन में पहले चलती थी घूसः सीएम

पीएम उज्ज्वला योजना

1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ की सब्सिडी वितरित

जनसंदेश न्यूज

गाजीपुर। होली पर्व के ठीक पहले बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल के लिए 1890 करोड़ रुपये की सब्सिडी वितरित की। इस योजना का शुभारंभ लखनऊ के लोकभवन सभागार में मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर किया। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रदेश के सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जहां गैस कनेक्शन के लिए घूस देना पड़ता था, वहीं अब देश में 10 करोड़ परिवारों को ये सुविधा फ्री में उपलब्ध कराई गई है। इसके साथ ही होली, दीपावली पर गैस सिलेंडर भी मुफ्त दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार होली और रमजान एक साथ है, तो सभी लोगों को इस योजना का फायदा मिलेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उज्ज्वला योजना को 2016 में शुरू किया गया था, जिसके तहत देशभर में 10 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन मिले। उत्तर प्रदेश में करीब 2 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। उन्होंने कहा कि 2021 में हमने वादा किया था कि 2022 में सरकार बनने पर होली और दीपावाली पर मुफ्त गैस सिलेंडर दिया जाएगा। तब से हर साल यह योजना चल रही है ताकि लोग पर्व और त्योहार अच्छे से मना सकें। इस बार होली और रमजान दोनों साथ हैं, इसलिए सभी को इसका लाभ मिलेगा। जनपद स्तर पर इसका लाईव प्रसारण जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, विधायक जखनियां बेदी राम, जिलाध्यक्ष भाजपा सूनील सिंह की उपस्थिति मे कलेक्ट्रेट सभागार मे देखा व सुना गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी दिनेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी अनन्त प्रताप सिंह एवं अन्य जनपदस्तरीय अधिकारीगण एवं उज्ज्वला योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की बलिया से हुई शुरूआतः डीएम

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने बताया कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की शुरूआत 1 मई 2016 को बलिया जिले से की गई थी। उन्होंने कहा कि पहले महिलाएँ लकड़ी व उपला पर खाना बनाती थी। जिसमे अधिक समय लगने के साथ उनके स्वास्थ पर भी बुरा प्रभाव पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए प्रधानमंत्री ने इस योजना की शुरूआत की। यह योजना निरन्तर 9 वर्षो से चल रही है। उन्होंने बताया कि जनपद मे वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में (अक्टूबर 2024से दिसम्बर 2024 तक) कुल 1,95,556 लाभार्थियो के खाते में सब्सिडी का अन्तरण किया गया तथा द्वितीय चरण (जनवरी 2025 से मार्च 2025 तक) अद्यतन 97,778 लाभार्थियों द्वारा गैस की रिफिल प्राप्त कर ली गई है।

विद्युत ठेकेदार के घर विजिलेंस का छापा

कार्रवाई

पांच अवैध रूप से रखे ट्रांसफार्मर और भारी मात्रा में बिजली के तार बरामद

जनसंदेश न्यूज

दिलदारनगर। थाना क्षेत्र के उसिया में अवैध तरीके से लगे विद्युत ट्रांसफार्मर ब्लास्ट मामले में बुधवार को बिजली विभाग के विजिलेंस टीम और दिलदारनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से आरोपी तथाकथित ठेकेदार सद्दाम के घर उसिया मे छापेमारी की। छापेमारी में आरोपी नही मिला, लेकिन बिजली विभाग के अवैध रूप से पांच ट्रांसफार्मर सहित तार और सामान बरामद किया गया। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के निर्देश पर विभाग के विजिलेंस टीम के जेई अजय पटेल के साथ प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्र की टीम ने आरोपी कथित ठेकेदार सद्दाम के घर पहुचे जहां से टीम ने पांच ट्रांसफार्मर ,तार और बिजली के भारी मात्रा में उपकरण को बरामद कर जेसीबी और ट्रेक्टर से उठा ले गए। वहीं इस मामले में एक आरोपी लाइनमैन मंटू कुशवाहा को पुलिस टीम ने मंगलवार को गिरफ्तार किया था।

बतादें, उसिया ग्राम सभा अंतर्गत मोतीनगर में अवैध तरीके से 25 केवीए का ट्रांसफार्मर कई दिनों से जला हुआ था। जिसे बदलने के लिए बीते रविवार को टेंपो से दूसरा ट्रांसफार्मर आया। पुराना ट्रांसफार्मर उतारकर नया सुबह नौ बजे उसे लगाया गया और बिजली आपूर्ति शुरू कराई गई , लेकिन 10 मिनट बाद जैसे ही आपूर्ति चालू हुई। कुछ देर बाद ही ट्रांसफार्मर में धमाका हुआ और वह फट गया। ट्रांसफार्मर का खौलता तेल फौव्वारे की तरह राहगीरों पर पड़ा। इससे उसिया गांव निवासी महताब खान (46), महताब खान (28) साहिल उर्फ अदनान खान (18) और बारा निवासी कृष्णा राजभर (17) गंभीर रुप से झुलस गए। सभी लोगों को वाराणसी रेफर कर दिया गया। जहां इलाज चल रहा है।

दरअसल, ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के आदेश पर विभाग ने ट्रांसफार्मर ब्लास्ट मामले में लाइनमैन मंटू सिंह कुशवाहा एवं सब स्टेशन ऑफिसर आजाद सिंह कुशवाहा को बर्खास्त कर सेवा समाप्त कर दिया गया था। जेई शशिकांत पटेल एवं एसडीओ कमलेश कुमार को निलंबित किया था। इसके साथ ही मंटू और ठेकेदार सद्दाम खान निवासी उसिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था ।

कर्मचारियों ने जमकर खेली होली

गाजीपुर। होली पर्व पर सदर तहसील से लेकर सभी तहसीलों में होली की उमंग कर्मचारियों में देखने को मिली। विकास भवन में जहाँ राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष ने सभी विभागीय कर्मचारियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वही सफाई कर्मचारी संघ के साथ सदर ब्लॉक में भी खुब गुलाल उड़ते रहे। एडीओ पंचायत शिव प्रकाश त्रिपाठी ने ने बीडीओ रामकृपाल यादव को कबीर लगाया गया। वही सभी कर्मचारियों ने एक दुसरे को गुलाल लगाया गया। बीडीओ ने कहा कि होली रंगों के साथ ही प्रेम को भी संदेश देता है। होली के दिन एक दूसरे को गुलाल लगाकर कर गले मिलने से आपसी मतभेद खत्म हो जातें हैं। इस दौरान बीडीओ रामकृपाल यादव, एडीओ पंचायत शिव प्रकाश त्रिपाठी, रवींद्, मनीष, प्रविद्, आलोक, सुरेश, अजय, निशात कर्मचारी नेता दुर्गेश श्रीवास्तव रौशन लाल गुडडू बिनोद आदि मौजूद रहे।

एक दिवसीय ईएसजी कार्याशाला

गाजीपुर। जनपद में एसएसएमई विकास पर एक दिवसीय ईएसजी कार्यशाला का आयोजन लघु उद्योग निगम लिमिटेड के अंतर्गत मैनेजमेंट एंड एंटरप्रेन्योरशिप एंड प्रोफेशनल स्किल्स काउंसिल ने जिला उद्योग एंव उद्यमियता प्रोत्साहन केंद्र, के सहयोग से जनपद में विकास पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य टरटए क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देना और उद्यमियों को आवश्यक कौशल और ज्ञान प्रदान करना था। कार्यशाला में पर्यावरण, सामाजिक और शासन जैसे विषयों पर चर्चा की गई, जिसमें विशेष रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट के अपग्रेडेशन, स्केल-अप, जेड प्रमाणन एंव उसके लाभ और डिजिटलाइजेशन पर ध्यान केंद्रित किया गया। वक्ताओं ने क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों और अवसरों पर भी प्रकाश डाला।इस अवसर पर बोलते हुए जिला समन्वयक लक्ष्मी विश्वकर्मा ने कहा कि क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने की अपार क्षमता है। यह विश्व बैंक समर्थित और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अनुमोदित कार्यक्रम है, जिसका क्रियान्वयन टरटए मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य भारत के टरटए क्षेत्र के प्रदर्शन में सुधार लाना है। टएढरउ के विशेषज्ञ अमजद खान ने कहा कि यह योजना उद्योगों के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने बताया कि यह न केवल व्यावसायिक आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद कर रही है, बल्कि राज्यों में छोटे व्यवसायों और उद्यमिता को भी प्रोत्साहित कर रही है। उपायुक्त जिला उद्योग केंद्र प्रवीण मौर्य ने मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र और राज्य सरकार की स्वस्थ्य विकास योजनाओं की जानकारी साझा करने के साथ साथ उद्योग में पर्यावरणीय समस्याओं और उनके समाधान पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम का संचालन एसएम राजू और जिला समन्वयक लक्ष्मी विश्वकर्मा ने किया।

किसान विरोधी है भाजपा सरकार

बिरनो। स्थानीय ब्लॉक अंतर्गत भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ब्रांच कमेटी बोगना द्वारा आयोजित किसान सभा की बैठक कामरेड महेंद्र चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक राजेंद्र यादव ने कहा कि बोगना एक संघर्ष का इलाका है संघर्ष के बल पर ही महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व सांसद हम सबके नेता कामरेड सरजू पांडे ने खेतिहर मजदूर साधन सहकारी समिति पूरे प्रदेश में इकलौती समिति है। इस समिति का निर्माण सामूहिक खेती के लिए हुआ था। इस समिति में 152 सदस्य थे। लेकिन आज अधिकांशत सदस्य की मृत्यु हो गई है यह लड़ाई पार्टी द्वारा लड़ी जा रही है कि मृतक परिवार के सदस्यों को समिति का सदस्य बनाया जाए। इस लड़ाई को निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी सरकार की मंशा है कि सारे सदस्य जब मृत्यु हो जाएंगे तो यह सारी जमीन सरकार की हो जाएगी। इस सरकार की मनसा के खिलाफ बड़ी लड़ाई करने के लिए कमरकस के संघर्ष के लिए तैयार रहिए पूरे जिले की कम्युनिस्ट पार्टी आपके साथ है। इसी क्रम में आने वाले 25 मार्च को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी एवं किसान सभा द्वारा आयोजित कासिमाबाद तहसील में भ्रष्टाचार के सवाल पर हो रहे प्रदर्शन में अधिक से अधिक उपस्थिति होनी चाहिए। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव जनार्दन राम ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज की मौजूदा सरकार किसान मजदूर विरोधी सरकार है। महंगाई भ्रष्टाचार एवं शासन प्रशासन का दुरुपयोग करते हुए सरकार तानाशाही रुक अख्तियार कर रही है। 23 मार्च को शहीद ए आजम भगत सिंह की शहादत दिवस के अवसर पर गाजीपुर चले और 25 मार्च की प्रदर्शन को बड़ी तैयारी के सात कासिमाबाद चले। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य रूप से घूरा यादव शैलेंद्र कुमार रामके र यादव शिव नारायण राजभर सुभाष राजभर अंगद यादव डॉक्टर महेंद्र टुनटुन राम श्रीमती प्रेमा देवी बब्बन यादव आदि ने अपना विचार व्यक्त किया।

वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर 31 तक बिल प्रस्तुत करें

गाजीपुर। वरिष्ठ कोषाधिकारी उमेश कुमार उपाध्याय ने बताया है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है। शासन की मंशा के अनुरूप वित्तीय वर्ष 2024-25 में माह 02-2025 तक आवंटित धनराशि का उपयोग 15 मार्च तक तथा माह 03-2025 में 15 मार्च या उसके बाद आवंटित बजट का 31 मार्च में शासन द्वारा निर्धारित समय सायं पांच बजे तक प्रत्येक स्थिति में आहरण वितरण अधिकारी द्वारा कोषागार में बिल प्रस्तुत कर आहरण सुनिश्चित कर प्रत्येक स्थिति में उपभोग कर लिया जाना है एवं इसके उपरांत जो धनराशि उपभोग नहीं की जायेगी वह धनराशि स्वतः कालातित हो जायेगी, इसके लिए आवश्यक है कि धनराशि को प्रत्येक दशा में 31 मार्च तक उपभोग कर लिया जाये अथवा अपने विभाग के वित्त नियंत्रक को समर्पित कर दिया जाय। इसी कम में यह भी अवगत कराना है कि कुछ भुगतान त्रुटिवश गलत बेनिफीशरी बनाये जाने के कारण ई-कुबेर व्यवस्था के अंतर्गत स्वतः डी०डी०ओ० पोर्टल पर संबधित विभाग के रिर्टन ट्राजेक्शन में जमा हो जाता है। जिसे पुनः डी.डी.ओ. पोर्टल द्वारा लेखाशिर्षक 8670 से सामान्य देयक प्रपत्र-105 के माध्यम से भुगतान सही बेनिफीशरी खातें में किया जाता है। उक्त के क्रम में यह भी अवगत कराना है कि जो ट्राजेक्शन 31 मार्च तक रिर्टन हो जायेगें उनका आहरण संबधित विभाग द्वारा डी.डी.ओ. पोर्टल के माध्यम से 30.04.2025 तक ही लेखाशिर्षक 8670 से सामान्य देयक प्रपत्र 105 के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है। इसके पश्चात उक्त रिर्टन ट्राजेक्शन की धनराशि कालातीत हो जायेगी।

ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक इकाई चुनाव संपन्न

रेवतीपुर सफाई कर्मचारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत करते संघ के सदस्य।

रेवतीपुर। स्थानीय ब्लॉक में बुधवार को यूपी पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के ब्लाक इकाई के नये पदाधिकारियों का चुनाव सकुशल सम्पन्न हो गया। इस चुनाव के लिए नियुक्त चुनाव अधिकारी संघ के जिला मंत्री अजय सिंह कुश्वाहा के देखरेख में हुआ। इसको लेकर पूरी तरह से गहमागहमी रही। किसी के द्वारा नामांकन न करने के बाद चुनाव अधिकारी ने प्रस्ताव पढना शुरू किया। इसके बाद ब्लाक संघ के सफाई कर्मियों के नये पदाधिकारियों का चयन निर्विरोध तरीके से हुआ। जिसमें शंकर वर्मा को लगातार चौथी बार अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर समर्थकों सहित संघ के सदस्यों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। इसी तरह मंत्री राकेश राय,कोषाध्यक्ष राम प्यारे चौरसिया, संगठन मंत्रीअजय कुमार,लेखाकार संम्प्रेक्षक शोभा देवी और महिला मोर्चा की अध्यक्ष के लिए साधना खरवार का भी चयन निर्विरोध तरीके से निर्वाचन किया गया। इसके बाद समर्थकों ने ब्लाक इकाई के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माला पहनाकर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके उपरांत चुनाव अधिकारी ने सभी छह नवनिर्वाचित ब्लाक इकाई के पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

इस दौरान नवनिर्वाचित अध्यक्ष शंकर वर्मा ने कहा कि संगठन का विस्तार और उसकी मजबूती पर उनका जोर रहेगा। इस अवसर पर एडीओ पंचायत शशि प्रकाश राय, महेंद्र उपाध्याय, उमेश्वर नाथ गोस्वामी, अश्वनी कुमार, शांति देवी, सरोज, माधुरी, सविता, सुरेंद्र सिंह कुश्वाहा आदि रहें।

छात्राओं का दल विजिट पर निकला

रेवतीपुर। स्थानीय कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का 80 छात्राओं का एक दल बुधवार को एक्सपोजर विजिट पर भारतीय बीज एवं शोध संस्थान कुसमौर मऊ के लिए बस में रवाना हुआ। जिसे बीईओ अशोक कुमार गौतम ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एक्सपोजर विजिट पर रवाना होते समय छात्राएं काफी प्रफुल्लित नजर आई, जो पूरी तरह स्कूली ड्रेस में थी,इस दौरान बीईओ अशोक कुमार गौतम ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय की छात्राओं का यह एक्सपोजर विजिट से न सिर्फ अपने ऐतिहासिक और विज्ञान से सम्बन्धित जानकारी ले सकेगें, जिसका लाभ वह भविष्य में शैक्षिक कार्य के दौरान लाभ ले सकेगें। कहा कि विजिट से गहन अध्ययन के बाद छात्राएं विज्ञान में अपनी प्रतिभा दिखा सकेगें, जिससे कि उनकी जिज्ञासाओं को भी बल मिलेगा। मौके पर एआरपी संत कुमार गुप्ता, वार्डेन मंजू चौहान, प्रियंका सिंह,संध्या रानी, साधना, कविता चौहान, पूजा, देविका आदि मौजूद रहे।

जनसंपादकीय

ये है भारत की असली तहजीब

शाहिद नकवी

सियासत का क्या कहना।चुनाव हो या न हो वह किसी समस्या के समाधान के बजाए उसमें वोट बैंक को तलाशने लगती है।समुदाय के हित टकराने लगते हैं। लेकिन सियासत ने कभी खेल के मैदान और सीमाओं की हिफाजत करने वाले जवानों के जज्बे से सबक नहीं लिया है।जहां विभिन्न धर्मों और जाति के लोग टीम भावना से देश के लिए खेलते हैं।वहीं सीमाओं पर तैनात जवान देश में रहने वाले सभी लोगों की सुरक्षा,सम्मान के लिए अपने प्रियजनों को छोड़कर अपना सब कुछ न्यौछावर कर देते हैं।ताजा उदाहरण दुबई में चैम्पियन ट्रॉफी के फाइनल के बाद विराट कोहली ने भारतीय पेसर मोहम्मद शमी की मां के पांव छू कर पेश किया है।किंग कोहली ने भरे स्टेडियम में विदेशी लोगों के सामने ऐसा करके ये साबित कर दिया कि दरअसल यही भारत की असली तहजीब है। यही तो संस्कार है,जो उनको देश से मिला है,भारत की हजारों साल पुरानी सांझी संस्कृतिक विरासत से मिला है।सूफी और दूसरे संतों की शिक्षा से मिला है।अब देखिए रंगों के पर्व होली और जुमे की नमाज एक ही दिन पड़ने से बयानबाजी शुरू हो गई और इस पर लगातार चर्चा हो रही है।ये पहला मौका नहीं है जब होली और जुमा एक साथ पड़े हों।पहले भी ऐसा हुआ है और दोनों समुदायों ने भाईचारे का परिचय देते हुए इसका शानदार हल भी निकाला था।वैसे इस बार भी कई शहरों के मुस्लिम धर्मगुरुओं की तरफ से नमाज का समय बदलने की पहल की गई है,ऐसा किया जाना बेहद जरूरी है और देश के हर जिले में मुस्लिम धर्मगुरुओं को आगे आ कर ऐसा ही करना चाहिए।वैसे सभी ने दिल से स्वागत किया गया है। यहां ये कहना जरूरी है कि देवा शरीफ में वारिस अली शाह की दरगाह पर हिंदू और मुसलमान मिल कर बरसों बाद अबीर गुलाल की होली खेलते हैं।वहां बहुत से लोग विशेष रूप से होली खेलने जाते हैं। विराट कोहली,जिन्होंने क्रिकेट में सबकुछ हासिल किया है और जो भारत के सबसे महान खिलाड़ियों में से एक हैं,फिर भी अपनी लोकप्रियता के शिखर पर भी अपनी विनम्रता नहीं भूले।दुनिया भर में मशहूर इस खिलाड़ी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सफलता के साथ-साथ संस्कारों का महत्व भी बरकरार रखा जा सकता है।अक्सर ऐसा देखा गया है कि, विराट कोहली हमेशा अपने से बड़ों को सम्मान देते रहे हैं और बात जब किसी खिलाड़ी के माता-पिता की होती है तो वे अक्सर पैर छूते नजर आते हैं।एक बार आईपीएल के मैच के दौरान विराट कोहली ने भरे मैदान पर अपने बचपन के कोच राजकुमार शर्मा के पैर छूए थे।वह वीडियो आज तक वायरल होता आ रहा है।जिसे दुनिया कहती है क्रिकेट किंग, करोड़ों फैंस करते हैं सलाम, एक नजर भर देखने के लिए लोग घंटों टकटकी लगाए रखते हैं, चाहने वाले मिलने के लिए तमाम सुरक्षा घेरे तोड़कर मैदान पर पहुंचकर जिसे छूना चाहते हैं उस विराट कोहली ने मैच के बाद जो किया उसका हर कोई कायल हो गया। दुबई में चैम्पियन ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड पर जीत के बाद विराट कोहली अपने साथी मोहम्मद शमी की फैमिली से मिले तो उन्होंने झुक कर उनकी मां को प्रणाम कर झुक कर उनके पांव छू लिए।शमी की मां ने भी उनको गले लगा लिया।ये सब दुनिया देख रही थी।कोहली के इस अंदाज ने दुनिया भर के करोड़ों क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया।सच में यही भारत की तहजीब है।यही तो हमारे सदियों पुराने संस्कार हैं।जहां दोस्त के पिता को पिता और मां को मां का सम्मान दिया जाता है। सचमुच यह गौरवान्वित पल था। इसमें कोई संदेह नहीं कि चालिस से कम उम्र में महानता को प्राप्त कर चुके विराट कोहली जब शमी की मां का पैर छूने के लिए झुके तो उन्होंने संस्कार को लेकर करोड़ों भारतीयों का नेतृत्व करते हुए उन्हें गौरांवित किया।दरअसल कोहली ने दुबई स्टेडियम से अपने चाहने वालों को खास संदेश भेजा। यहां गौरतलब है कि मोहम्मद शमी इस्लाम से आते हैं।इस्लाम में पैर छूकर किसी को प्रणाम या अभिवादन का रिवाज नहीं है।लेकिन विराट कोहली ने शमी की मां के पांव छू कर अपने संस्कार दिखाए।ये भी तय है कि अगर विराट कोहली उनके पैर नहीं भी छूते तो कोई सवाल नहीं करता, लेकिन उनका ऐसा करना बहुत कुछ कह गया।हम सब भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया।दरअसल यही सब तो याद किया जाएगा।कोहली इसके पहले भारतीय टीम के एक अन्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के हैदराबाद स्थित घर पर भी गए थे और वहां भी उनके परिवार से मिले थे।इसी चैम्पियन ट्रॉफी में इसके पहले भी एक और वीडियो और तस्वीर भी खूब वायरल हुई, उसका यहां जिक्र किए बिना बात अधूरी रह जाएगी।चैम्पियन ट्रॉफी के सेमिफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ जब भारतीय टीम मैदान में उतरी तब मुसलमानों का पवित्र माह रमजान शुरू हो चुका था।कुछ परिस्थियों को छोड़ कर रमजान में रोजा रखना हर मुस्लिम पर फर्ज यानी अनिवार्य है।देश की जरूरत,देश की आन,बान और शान और लगातार खेल के कारण मोहम्मद शमी ने रोजा नहीं रखा।इस मैच के दौरान इनर्जी ड्रिंक पीते हुए शमी की एक तस्वीर वायरल हो गई।बस फिर क्या था कुछ मुस्लिम कट्टरपंथियों ने हाय तौबा मचा दिया।बिना समझे शमी के विरोध में बयान शुरू हो गए। हालांकि कट्टरपंथियों को जवाब देने के लिए शमी की जरूरत नहीं पड़ी।उनकी ओर से तमाम भारतीयों ने मुट्ठीभर कट्टरपंथियों को करारा जवाब देकर उनकी आवाज को दबा दिया।जिसमें बड़ी संख्या में मुसलमान भी शामिल थे।सबने तर्कों के साथ उन मौलाना जी को आड़े हाथों ले लिया जिन्होंने शमी के विरोध में बयान दिया था।सवाल यही है कि शमी को ट्रोल करने की जरूरत क्या थी,ये जानते हुए भी कि देश को शमी की सख्त जरूरत है और इससे उनके प्रदर्शन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा।वह ये भूल गए कि रोजा रखना या न रखना व्यक्तिगत मामला है,जो इंसान और ईश्वर के बीच रहता है।इस्लाम में यात्रा के दौरान रोजा न रखने की छूट है,जिसे बाद में रखा जा सकता है।दूसरे देश और वतन से प्रेम इस्लाम का अहम सबक है।वतन परस्ती भी ईमान का आइना है।मोहम्मद शमी भारत का वो बेटा, जिसने हर मौके पर खुद को साबित किया है। जब भी जरूरत पड़ी तो वह सीना ताने सबसे आगे नजर आया। उन्होंने 2023 विश्व कप में अपने करिश्माई प्रदर्शन से हर किसी का दिल जीत लिया था। चोट के बाद जब दुनिया कह रही थी कि वह खत्म हो चुके हैं तो उन्होंने जोरदार वापसी की। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल तक न केवल पहुंचाया,बल्कि 2023 की कसर पूरी कर दी।कट्टरपंथियों के ट्रोल करने के बाद भी शमी न केवल राष्ट्र की सेवा में डटे रहे बल्कि सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की जीत के अहम किरदार भी बने। कोहली और शमी के जज्बे ने दिखा दिया कि हिंदुस्तान में हिंदू-मुसलमान में कोई अंतर नहीं है।हिंदुओं के दिलों में मुसलमान बसते हैं।खेल के मैदान से सबक लेकर हमें सालों पुरानी उस सूफी परंपरा का वाहक बनना होगा जो हमें सांझी संस्कृतिक विरासत का शानदार इतिहास बताती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

होली के रंग

रंगो से भरा जीवन हो सबका/फूलों की सुगंध से भरा जीवन हो सबका/ जीवन में जो मिले, होली की खुशी संग मिले/ भर दे जीवन मे रंग/ क्या धूप, क्या छाँव, ये भी तो जीवन ऋतुएँ हैं/ इनसे क्या घबराना/ करें सामना बखूबी इनसे/ खुशियों का दामन कभी न छूटे/ ऐसा जीवन सबका हो/ सब कुछ अपने वश में हो न हो/ लेकिन अपनापन, विश्वास भरा हो/ डरना क्या इस जीवन पथ से /जब ईश्वर अपने साथ हो।

- वंदना शर्मा

उत्सवप्रियता: नवोन्मेष का आवाहन

प्रसंगवश

गिरीश्वर मिश्र

शिशिर के बाद फागुन और चैत के आते साथ वसंत ऋतु की दस्तक होती है । वसंत में प्रकृति अपने सौंदर्य का सारा संचित खजाना लुटाने के लिए व्यग्र रहती है । उसके अपने दूत बने पक्षी गा कर, वृक्ष और पादप नए पुष्प और पल्लव के साथ सज-धज कर बड़ी मुस्तैदी से इस व्यग्रता का डंका बजाते चलते हैं । फागुन की मदमाती बयार किसी के भी चित्त को उन्मथित किए बगैर नहीं छोड़ती` यह सब एक क्रम में काल-चक्र की निश्चित गति में आयोजित होता है । प्रकृति नटी नया परिधान धारण करती है । खेतों और बाग-बगीचों में रंगों से अद्भुत चित्रकारी चलती रहती है। पीली सरसो, तीसी के नीले फूल, आम की मंजरी, कोयल की मधुर कूक के बीच प्रकृति एक रमणीय सुंदर चित्र की तरह सज उठती है। बिना किसी व्यतिक्रम के एक संगति में ये विविधता भरा बदलाव एक नया, अनोखा, आकर्षक और उत्साहवर्धक परिदृश्य रच देता है । नया रमणीय होता है इसलिए मानव चित्त को बड़ा प्रिय लगता है । नए अनुभव के लिए मन में उत्सुकता और उल्लास भरा होता है । अनजाने का आकर्षण अतिरिक्त उत्साह भरता है। वसंत में ऋतु-परिवर्तन का यह रूप सबको बदलने के लिए विवश करता है। इस आलोड़न के चलते लोग वह नहीं रह जाते जो होते हैं। चित्त के परिष्कार से व्यक्ति कुछ का कुछ बन जाता है। जुड़ने और आत्म-विस्तार से ही मनुष्य होने का अर्थ सिद्ध होता क्योंकि एक अकेला व्यक्ति अधूरा ही रहेगा। दूसरों के बीच और दूसरों से जड़ कर ही हमें अस्तित्व की प्रतीति हो पाती है। पारस्परिकता में ही जीवन की अर्थवत्ता समाई रहती है। यह पारस्परिकता भारतीय समाज में उत्सवधर्मिता के रूप में अभिव्यक्त होती है जो ऊजार्वान बनाती है।

जब कालिदास ने उत्सवप्रियाः मानवाः कह कर उत्सवधर्मिता को मनुष्यता का लक्षण घोषित किया था तो उनके ध्यान में होली जैसे मदनोत्सव ही रहे होंगे जिनमें लोग अपनी भिन्नता से ऊपर उठ कर साझे की अस्मिता रचते हैं। अहंकार की सीमाओं को तोड़ एक अतिक्रामी पहचान बानाने का यह उत्सव ज़िंदगी में नीरसता के विरुद्ध रस की ललकार है। ऊपरी भेदों को रंगों में डुबो कर सब को अपने जैसा बनाने और देखने का उद्योग आपसी सौहार्द की भावना को भी जगाता है। यह दुखद है कि आज अस्मिताओं की घोर लड़ाई चल रही है। बड़ी अस्मिता को अंगीकार करना निकटता, साझेदारी और सहयोग का मार्ग प्रशस्त करता है। आज की आधुनिक जीवन-शैली में हम अपने अनोखेपन और दूसरों से अलग पहचान पर बड़ा जोर है। सबकी चाह है कि वस्त्र, भोजन और आभूषण सब कुछ 'कस्टमाइज्ड' और 'डिजाइनर' होना चाहिए। अलग लगने और दिखने की अदम्य चाहत से फि जूलखर्ची, ऊब और थकान भी बढ़ रही है। सबसे अलग होने के क्रम में फैशन की दुनिया में नित्य नए प्रयोग हो रहे हैं जिसके चलते व्यर्थता का अहसास भी बढता जा रहा है। परंतु सत्य यही है कि जन्म के समय मनुष्य के रूप में जैविक शारीरिक आकार प्रकार में व्यापक समानताएँ होती हैं। फिर समाज में रहते हुए हम अलग नाम, काम और धाम के बीच अपनी मौलिक समानताओं से दूरी बढ़ाते जाते हैं। पर सात्य तो यही है कि हम सिर्फ.एक दूसरे से भिन्न ही नहीं हैं हम सबमें व्यापक समानताएँ भी हैं। भिन्नताओं के बीच समानताएँ भी गौरतलब होती हैं क्योंकि उसी की बदौलत संवाद, सहयोग और सहकार संभव होता है । इसलिए समानताओं की पहचान खोजना और अनुभव करना भी बेहद जरूरी है। मानव निर्मित संकुचित अस्मिताओं के चलते तनाव, अत्याचार हिंसा और युद्ध ही बढ़ता है। उत्तरदायित्व की जगह लोभ और स्वार्थ के वशीभूत हो कर अत्याचार और अनाचार जीवन को प्रदूषित कर रहे हैं। आज की बिडंबना यही है कि हम अपने अस्तित्व को सबसे अलग-थलग हो कर सिर्फ.वैयक्तिकता और निजता को समृद्ध और पुष्ट करने की दिशा में गतिशील हो रहे हैं। इसके चलते अकेलेपन के साथ दूसरों के साथ टकराव भी अवश्यंभावी हो जाता है। बंधुत्व और उदारता के साथ सबको जीने का अवसर दे कर ही हम सच्चे अर्थों में मनुष्य हो सकेंगे। छोटी अस्मिताओं से ऊपर उठ कर देश, समाज और मनुष्यता के स्तर पर अपनी साझी अस्मिता की वास्तविकता महसूस करते हुए ही मानव कल्याण संभव है। होली की पिछली रात को होलिका दहन में स्वार्थ का दहन कर ही हम होली के वास्तविक आनंद की पात्रता अर्जित करते हैं।

(लेखक वर्धा विश्वविद्यालय में कुलपति रहे हैं)

(यह नजीर बनारसी ही हैं जो बताते हैं कि होली में शिकार भी शिकारी हो गए हैं: हया में डूबने वाले भी आज उभरते हैं/हसीन शोखियां करते हुए गुजरते हैं/जो चोट से कभी बचते थे चोट करते हैं/हिरन भी खेल रहे हैं शिकार होली में! अन्यथा इन हालात में हुड़दंग की उमंग ही पैदा नहीं होती!बकौल अर्श मलसियानी: इक तरफ राहत का और फरहत का काल/इक तरफ होली में उड़ता है गुलाल/इक तरफ यारों की इशरत-कोशियां/इक तरफ हम और हाल-ए-पुर-मलाल/इक तरफ दौर-ए-शराब-आतिशीं/इक तरफ तलछट का मिलना भी मुहाल/देखते हैं तुझको जब उठती है हूक/आह ऐ हिन्दोस्तां ऐ खस्ता-हाल/रहम के काबिल ये बबार्दी तिरी/दीद के काबिल ये तेरा है जवाल/किस कदर खूं-रेज है कितना कबीह/तेरी मस्जिद और मंदिर का सवाल/उफ तिरे बेटों की रज्म-आराइयां/आह उनके बाहमी जंग-ओ-जिदाल/अपने फरजंदों के ये अतवार देख/देख ये ला'नत के काबिल चाल-ढाल/किस कदर जिल्लत के दिल-दादा हैं ये/बे-कमाली में हैं कितने बा-कमाल/सीना-ए-तहजीब पर है पंजा-जन/दीन के झगड़ों में इन का इश्तिआ'ल/दामन-ए-अख्लाक पर धब्बा है एक/इनकी वहशत-खेजियों का इत्तिसाल!)

वो बोलियां और थीं...वो होलियां और थीं !

रंग-तरंग

कृष्ण प्रताप सिंह

बुराई आज न ऐसे रहे न वैसे रहे/सफाई दिल में रहे आज चाहे जैसे रहे/ गुबार दिल में किसी के रहे तो कैसे रहे/ अबीर उड़ती है बनकर गुबार होली में/ मिलो गले से गले बार-बार होली मेंङ्घ!

समझ गए होंगे आप, अपनी आखिरी सांस तक मोहब्बत, भाईचारे और देशप्रेम के प्रति समर्पित रहे शायर मरहूम नजीर बनारसी (25 नवंबर, 1909-23 मार्च, 1996) की पंक्तियां हैं ये.

'राष्ट्र की अमानत राष्ट्र के हवाले' (दरअसल, यह नजीर बनारसी की एक कृति का नाम है. वैसे ही जैसे: 'गंगोजमन', 'जवाहर से लाल तक' और 'गुलामी से आजादी तक') करते हुए होली की बाबत उन्होंने और भी बहुत कुछ लिखा है.

मसलन: अगर आज भी बोली-ठोली न होगी/तो होली ठिकाने की होली न होगी/बड़ी गालियां देगा फागुन का मौसम/अगर आज ठट्ठा-ठिठोली न होगी/ वो खोलेंगे आवारा मौसम के झोंके/जो खिड़की शराफत ने खोली न होगी/नजीर आज आएंगे मिलने यकीनन/न आए तो आज उनकी होली न होगी.

बताने की जरूरत नहीं कि मणिकर्णिका की जलती चिताओं की भस्म से भी होली खेलने के लिए मशहूर बाबा विश्वनाथ के बनारस में जन्म लेकर उसी धरती पर जिये और उसी में दफ्न हो गए नजीर हमें अपने वक्त की राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक उथल-पुथल के सृजनात्मक दस्तावेजों की जो थाती दे गए हैं, वह अनमोल है.

लेकिन यहां उनकी इन पंक्तियों के बहाने मुझे जो बात कहनी है, उसे कहने से पहले जरूरी है कि आपको इस नजीर के पूर्ववर्ती व नामराशि और 'नज्म के पिता' व 'होली की बहारों के शायर' कहलाने वाले नजीर अकबराबादी (1735-1830) की कुछ पंक्तियां भी याद दिला दूं : जब फागुन रंग झमकते हों, तब देख बहारें होली की/ और दफ के शोर खड़कते हों तब देख बहारें होली की/परियों के रंग दमकते हों तब देख बहारें होली की/खूम शीश-ए-जाम छलकते हों तब देख बहारें होली की/महबूब नशे में छकते हों तब देख बहारें होली की!

अब बताने की बात यह है कि जब बचपन से ही होली से जुडे. तमाम किस्से-कहानियां, पौराणिक कथाएं व किंवदंतियां सुनते-सुनते साठ पार आ पहुंचा हूं और कई भाइयों को इस उम्र तक पहुंचते-पहुंचते 'अब न रहे वे पीने वाले, अब न रही वह मधुशाला' में मगन देखता हूं, तो भी मेरी यादें इन दोनों नजीर नामधारी बेनजीर शायरों के बगैर होली नहीं मना पातीं. मना भी भला कैसे पाएं, जब लगातार तंग होता जा रहा जिंदगी का काफिया उसे बारंबार 'अपनी-अपनी किस्मत है ये कोई हंसे कोई रोए, कोई तो रंग से अंग भिगोए कोई अंसुअन से अंग भिगोए' जैसी त्रासदी के हवाले करने में कुछ उठा नहीं रख रहा!

एक मित्र से यह बात साझा की तो उन्होंने पलटकर फटकारते हुए से कहा, 'निराशा कितनी भी घनी क्यों न हों, इतना अतीतजीवी होना कतई ठीक नहीं. फिर यादों की यानी अतीत की होली की ही बात क्यों करते हो, इस काट खाने को दौड़ते वर्तमान की होली में भी हुड़दंग और बहारों के रंग तो ये शायर ही भरते हैं.

यह नजीर बनारसी ही हैं जो बताते हैं कि होली में शिकार भी शिकारी हो गए हैं: हया में डूबने वाले भी आज उभरते हैं/हसीन शोखियां करते हुए गुजरते हैं/जो चोट से कभी बचते थे चोट करते हैं/हिरन भी खेल रहे हैं शिकार होली में! अन्यथा इन हालात में हुड़दंग की उमंग ही पैदा नहीं होती!

बकौल अर्श मलसियानी: इक तरफ राहत का और फरहत का काल/इक तरफ होली में उड़ता है गुलाल/इक तरफ यारों की इशरत-कोशियां/इक तरफ हम और हाल-ए-पुर-मलाल/इक तरफ दौर-ए-शराब-आतिशीं/इक तरफ तलछट का मिलना भी मुहाल/देखते हैं तुझको जब उठती है हूक/आह ऐ हिन्दोस्तां ऐ खस्ता-हाल/रहम के काबिल ये बबार्दी तिरी/दीद के काबिल ये तेरा है जवाल/किस कदर खूं-रेज है कितना कबीह/तेरी मस्जिद और मंदिर का सवाल/उफ तिरे बेटों की रज्म-आराइयां/आह उनके बाहमी जंग-ओ-जिदाल/अपने फरजंदों के ये अतवार देख/देख ये ला'नत के काबिल चाल-ढाल/किस कदर जिल्लत के दिल-दादा हैं ये/बे-कमाली में हैं कितने बा-कमाल/सीना-ए-तहजीब पर है पंजा-जन/दीन के झगड़ों में इन का इश्तिआ'ल/दामन-ए-अख्लाक पर धब्बा है एक/इनकी वहशत-खेजियों का इत्तिसाल!

क्या पता, अर्श मलसियानी ने ये पंक्तियां कब और किन परिस्थितियों में रचीं, लेकिन इस बात पर अफसोस छोड़ कुछ नहीं किया जा सकता कि इन्हें पढ़ते हुए एक पल को भी नहीं लगता कि अपने प्यारे देश में जहालत, गैरबराबरी और शोषण का यह दृश्य किंचित भी कम भयावह हुआ है. ऐसे में क्या होली और कैसी होली!

इक्कीसवीं सदी के पच्चीसवें साल में भी दलित चेतना के प्रसारक समाजसुधारक व साहित्यकार स्वामी अछूतानंद 'हरिहर' (1879-1933) की निम्नलिखित पंक्तियां याद आते ही होली अकारथ ही लगने लग जाती है:

होरी खेलौ अछूतौ भाई, छुतैरों से छोर छोड़ाई.
इनके लोभ फंसे जो भाई, उन्नति कबहूं न पाई.
धोवत धीमर नाई धोती, जूंठनि रहे उठाई.
कहौ क्या पदवी पाई, भरम भ्रम-भूत भगाइ..
जिनको नीच म्लेच्छ द्विज कहते, नफरत बहुत कराई.
उनको ऊंचे ओहदे पदवी, देत हृदय में डराई.
सुविद्या बुद्धि बड़ाई, लखौ मुसलिम ईसाई..
अंग्रेजन कहं भंगी बतावत, बकत बहुत बौराई.
बनत आप उनके चपरासी, झाड़त बूटन धाई.
कहां तब गई ठकुराई, अछूतन करत सफाई..
मुलकी हक सब अलग बंटावौ, करहु संगठन भाई.
देखहु मुसलिम भाइन 'हरिहर' युनिवर्सिटी खुलवाई.
कालिजहु करत पढ़ाई, अछूतन देहु चेताई..

सोचिए जरा, अगर हम आजादी के 75 साल बाद भी इन पंक्तियों में उल्लिखित बुराइयों व विडंबनाओं से लुका-छिपी खेलते हुए उनका रूप भर बदल पाए हैं और उन्मूलन की सोच तक नहीं पा रहे तो यह सवाल कितना मौजूं हो जाता है कि क्या अभी भी हमारा मुंह इस काबिल बन पाया है कि हम होली को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व कहें?

निस्संदेह, इसका जवाब नहीं में ही दिया जा सकता है. भले ही हरिवंशराय बच्चन तक अनेक कवि 'धार के इधर-उधर' चहलकदमी करते हुए कहतें रहें: आजादी है जिसको चाहो आज उसे वर लो. होली है तो आज अपरिचित से परिचय कर को! निकट हुए तो बनो निकटतर और निकटतम हो जाओ, रुढ़ि-रीति के और नीति के शासन से मत घबराओङ्घ होली है तो आज मित्र को पलकों में धर लो! ङ्घजो हो गया बिराना उसको फिर अपना कर लोङ्घ होली है तो आज शत्रु को बाहों में भर लो!

सुनने में बात बहुत अच्छी लगती है कि होली है तो जो हो गया बिराना उसको फिर अपना कर लो, लेकिन क्या ऐसा करना तब तक संभव है जब तक उन कारणों की पड़ताल न की जाए, जिनके चलते वह बिराना हुआ या कि रह गया.

खासकर जब मीराबाई साफ कह गई हैं कि फागुन के दिन कुल मिलाकर चार ही हैं और उन्हें सार्थक करने के लिए 'बिन करताल पखावज बाजै, बिन सुर राग छतीसूं गावै' की स्थिति पैदाकर सील संतोख की केसर घोलनी पड़ती है, घट के सब पट खोलने पड़ते हैं, लोकलाज को परे रखना पड़ता है और प्रेम-प्रीत की पिचकारियों से अपार रंग बरसाने पड़ते हैं. क्या यह काम इतना आसान है कि होली सिर पर आ खड़ी हो तो उसके हुड़दंग में हा हा हू हू करते हुए झटपट पूरा कर लिया जाए? नहीं, कतई नहीं.

इसीलिए नजीर बनारसी चुहल करते हुए चेताते हैं कि 'कहीं पड़े न मोहब्बत की मार होली में' तो मन होता है कि काश, किसी दिन सचमुच यह मार पड़ती और हम नफरत की मार से सुरक्षित रहकर होली में हर किसी को दिल से प्यार करते हुए उसके गले में बांहों का हार डालकर पूरे बरस का खुमार उतार पाते-हवा सचमुच हर एक को चल फिर के गुदगुदाती, फिर भी जो न हंसते, उन्हें छेड़कर हंसाती और हां, सबसे बड़ी बात यह कि 'हया गुलों को तो कलियों को शर्म आ जाती!'

अंत में, जब तक हम यह 'काश' खत्म नहीं कर पाते, आइए, अली जव्वाद जैदी की ये पंक्तियां ही साझा करें: पहले जमाना और था मय और थी दौर और था, वो बोलियां ही और थीं, वो टोलियां ही और थीं, वो होलियां ही और थीं!

5/18/35, बछड़ा सुल्तानपुर मुहल्ला, फैजाबाद (अयोध्या)-224001. मोबाइल : 9838950948

होलियाना भविष्य फल

गिरीश पंकज

(यह भविष्य फल होलिका मैया की गोद में बैठकर तैयार किया गया है। जिसे पूरी गंभीरता से साथ पढ़ने की जरूरत है भी, और नहीं भी है। भंग के रंग चढ़ने के बाद लिखी गई भविष्य वाणी का श्रद्धा-भक्ति के साथ वाचन करें और ज्योतिषी महाराज के साथ भंग की तरंग में खो जाएँ। अथश्री पंडित गिरीशानंद उवाच...)

मेष- पराई स्त्रियों पर अधिक दृष्टिपात करने के कारण बीच सड़क पर लत-भंजन समारोह होने की पूरी संभावना है। इसलिए काला चश्मा लगाकर निकलें ताकि दृष्टिपात करने के बावजूद पिटने की संभावना दूर हो सके । ससुराल से लिए गए कर्ज को पटाने की तारीख निकट आ रही है ।अतः किसी बड़ी बीमारी का बहाना खोज कर रखें । किसी बड़े राजनेता से गठजोड़ की संभावना है। उनके साथ व्यावसायिक संबंध के आसार नजर आ रहे हैं। उसके बाद घर के अनेक कमरे नोटों से भर सकते हैं लेकिन सावधानी जरूरी है, क्योंकि होली के ईडी का छापा भी पड़ सकता है। और जीवन के रंग में भंग पड़ सकता है।

वृषभ- अपनी इकलौती पत्नी के साथ विनम्र व्यवहार रखें, क्योंकि आपकी शनि की महादशा शुरू हो गई है। अभी तो वह सिर्फ बेलन दिखाती है। कल को बेलन से प्रहार भी कर सकती है, इसलिए उसे नियमित रूप से शॉपिंग करवाएं। उसकी झूठी तारीफ करते रहें। दांपत्य जीवन सुखी रहेगा। हर शुक्रवार को शनि का उपवास करें, तो मंगल हो सकता है। वरना घर मे दंगल के कारण अमंगल भी सम्भावित है। पत्नी की साढ़ेसाती दशा को ठीक करने के लिए आप उसकी लिखी गई आड़ी-तिरछी कविताओं की भरपूर प्रशंसा कर सकते हैं ।

मिथुन- आपके कारोबार में बरक्कत ही बरक्कत है क्योंकि मिलावट का खेल जारी रहेगा। लेकिन सावधानी बरतने की आवश्यकता है। कभी भी छापा पड़ सकता है और आप अंदर हो सकते हैं इसलिए विभागीय लोगों को पटा कर रखें। जिनसे आपने बहुत पहले उधारी ली थी, उनसे बच पाना मुश्किल है। किश्तों में उधारी पटा दें, वरना शारीरिक क्षति का भयंकर योग बन रहा है। छेड़छाड़ का पुराना मामला इस वर्ष खुल सकता है अतः पुलिस वालों से भी दोस्ती गाँठ कर रखना जरूरी है।

कर्क- आपका अभिनंदन का योग बन रहा है । अतः अपना अभिनंदन करवाने के लिए जेब ढीली करने के लिए तैयार रहे. अभिनंदन के लिए लगने वाली सारी सामग्री का भुगतान, पिछली बार की तरह, इस बार भी आपको ही करना है। आप पर राहु की वक्र दृष्टि है इसलिए ध्यान रहे, आपका कोई अपना कोई परिचित बीच में भांजी मार सकता है और आपको मिलने वाला सम्मान खुद ही हड़प कर सकता है ,इसलिए सावधानी के साथ व्यय करें। पहले सम्मान ग्रहण करें, उसके बाद भुगतान करें।

सिंह- आप अपनी कायरता को दूर करने के हनुमान जी की आराधना करें। सिंह की तरह बनने के लिए जरूरी है कि आप शारीरिक दृष्टि से मजबूत बनने के लिए सुबह-शाम सौ-सौ बार दंड पेलें। रिश्वतखोरी की रफ्तार कुछ और तेज करें ताकि लक्ष्मी की आवक बढ़े और आप सूखे मेवे खरीदने लायक बनें और उन्हें खाकर बलिष्ठ हो सकें । कोई आपको धोखा दे सकता है। शायद वही, जिसे आपने पिछली बार धोखा दिया था।

कन्या- आप लड़कियों की तरह शमार्ना छोड़ दे। इस चक्कर में अब तक कुंवारे हैं। किस्मत के मारे हैं इसलिए अब दबंग रहने की कोशिश करें। होली के दिन कोई सुकन्या कमाल करेगी। आपके गालों को गुलाल से लाल करेगी। लेकिन सावधान अपनी ओर से किस कन्या के गाल लाल करने की कोशिश न करें वरना आपकी पृष्ठभूमि यानी पीठ लाल हो सकती है। सावधानी हटी दुर्घटना घटी।

तुला- आपका बेटा आपको आँख दिखा सकता है इसलिए उससे नरमी से पेश आएँ और उसकी फटी जींस को देखकर विचलित ना हों। कन्या के मामले में भी यही व्यवहार रखें। दुनिया के साथ कदम-से-कदम मिलाकर चलने की आदत डाल लें। सप्ताह में एक दिन उपवास रखें, जिससे बाहर निकली आपकी तोंद धीरे-धीरे अंदर समा सके। अधिक खाने से बदहजमी हो सकती है इसलिए रिश्वत भी सँभल कर खाएँ.

वृश्चिक- धंधे में आपका पार्टनर आपको चूना लगाने की तैयारी कर रहा है इसलिए सावधान रहें। इसके पहले कि वह आपको चूना लगाए,आप उसे कत्था लगा दें। आपके गिर्द राहु केतु किस्म के जीव मंडरा रहे हैं, इनसे मुक्ति के लिए घर पर अखंड-पाठ का आयोजन करें और जिन-जिन को आप राहु-केतु समझते हों,उन्हें बुलाकर प्रणाम करें ताकि उनकी आत्मा प्रसन्न हो सके।

धनु- आपका वैवाहिक जीवन गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी तनाव में गुजर सकता है, इसलिए बहुत जरूरी है कि इस वर्ष पत्नी को विदेश प्रवास पर ले जाएँ।नंबर दो की इफरात कमाई को खर्च करने का एकमात्र उपाय विदेश भ्रमण होता है। अन्य समझदार लोगों की तरह आप भी इस फामूर्ले का इस्तेमाल करके घर में सुख-शांति कायम कर सकते हैं। डॉक्टर ने मीठे से परहेज करने को कहा है, इसका मतलब यह भी नहीं कि आप हर समय कड़वा ही कड़वा बोलते रहें।

मकर- बहुत पुराना गड़ा हुआ धन मिल सकता है ।पुरानी प्रेयसी भी अपने बाल-बच्चों के साथ आपको अचानक मिलेगी और आपको तब झटका लगेगा, जब वह कहेगी बच्चो!ये हैं तुम्हारे मामा। इस आकस्मिक दुर्घटना को बर्दाश्त करने की शक्ति अर्जित करने के लिए सुबह-शाम च्यवनप्राश खाना शुरू करें। जल्द ही आप एक कीमती कार के मालिक बनेंगे। पड़ोसी की नई कार को देखकर आपके मन में यह विचार आकार लेगा।

कुंभ- आपके पाप का घड़ा कभी भी फूट सकता है इसलिए धार्मिक स्थलों का भ्रमण करना शुरू कर दें ताकि आप का घट खाली हो सके । नए पापों के भरने के लिए यह बहुत जरूरी उपक्रम है। नई उम्र की लड़कियों के ज्यादा चक्कर न लगाएँ। रँगे हाथों पकड़े जाने की संभावना दिख रही है। शनि की साढ़ेसाती के साथ ही राहु केतु भी दशम ग्रह में बैठे नजर आ रहे हैं। नियमित रूप से भांग का सेवन करें ताकि दिमाग संतुलित रह सके।

मीन - मछली खाना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, यह ध्यान रखें। कभी भी कांटा गले में फँस सकता है इसलिए शाकाहारी बनिए। रिश्वतखोरी संभलकर करें क्योंकि आपसे ईर्ष्या करने वाले कभी भी आर्थिक अपराध शाखा को सूचित करके आप रँगे हाथों पकड़वा सकते हैं। अचानक धन की हानि हो सकती है ।आपकी साली उधार मांगेगी और आप उसे इनकार नहीं कर सकेंगे। साला होता तो कोई बहाना कर सकते थे मगर साली तो परम प्यारी होती है।

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)

अबकी बार बच नहीं पाएंगे वे रंगों से

व्यंग्य

ब्रजेश कानूनगो

क्या इस बार भी वे रंगों से ठीक उसी तरह बच निकलेंगे जिस तरह हर साल अपने आप को होली के छींटों से सुरक्षित बचा लेते हैं।

साधुरामजी यदि पत्नी के बाद किसी से घबराते हैं तो वह होली खेलना ही है।

आवश्यकता आविष्कार की जननी होती है, रंगों से बच निकलने की आवश्यकता के चलते साधुरामजी का दिमाग फागुन के शुरू होते ही ऐसी नई-नई तरकीबों तथा युक्तियों की खोज में व्यस्त हो जाता है जिससे धुलेंडी या रंग पंचमी पर हुडदंगी टोली के रंगीले आक्रमण और शरीर की फजीहत होने से बच सके।

रंगों से बचने की उनकी इस अजीब खप्त के कारण मित्रों का भी होली पर एकमात्र ध्येय साधुरामजी को रंगना ही हो जाता है। मित्रों में यह जिज्ञासा बनी रहती है कि देखें इस बार वे क्या नया उपाय ढूंढ़कर लाते हैं। रंगों से बचने के उनके आजमाए सफल नुस्खों पर गौर किया जाना यहाँ कम दिलचस्प नहीं होगा।

शुरू-शुरू में वे होली के दिन पत्नी से टिफिन तैयार करवाकर सुबह-सुबह ही अज्ञात वास को चले जाते थे। मित्रों के देर तक दरवाजा पीटने के बाद जब पत्नी दरवाजा खोलतीं और पूरे घर की तलाशी के बाद साधुरामजी बरामद नहीं होते तो रंगबाजों को सिवाय अपना माथा पीटने के आलावा कोई चारा नहीं रहता। बाद में मित्रों ने अपना जासूस उनके घर के आगे तड़के से ही तैनात करना शुरू किया। लेकिन वे भी कच्ची गोटियां नहीं खेले थे, दोपहर बाद तक वे अपने घर से बाहर नहीं निकले तो मित्रों ने उनके घर में घुसकर उन्हें रंगने का फैसला किया। अंदर जाकर देखा तो बड़ा अजीब माहौल था। सफेद चादर वाले बिस्तर पर वे कम्बल ओढ़े पड़े थे। पत्नी उनके पैर दबा रही थी। माथे पर गीली पट्टी पडी थी। होली खेलने वालों का होली बुखार साधुरामजी के नकली बुखार ने उतार दिया।

अगली होली पर मित्रों के आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा, जब उन्होंने देखा कि साधुरामजी सुबह से ही आँगन में कुर्सी लगाए बैठे हैं। हाँ, चेहरा जरूर थोड़ा उतरा हुआ दिखाई दे रहा था। लोगों ने समझा शायद वे रंगों से बचने का उपाय नहीं सोच पाए होंगे, इसीलिए थोड़े निराश हैं। जैसे ही किसी ने रंग लगाने के लिए अपना हाथ उनकी ओर बढ़ाया, उन्होंने हाथ पकड़ते हुए कहा- भाई मुझे मत लगाओ। अभी फोन आया है, नानीजी नहीं रहीं। होली खेलनेवालों का मूड ही बदल गया। वे बगैर होली खेले ही लौट गए। यह अलग बात है कि बाद में पता चला साधुरामजी की नानी को गुजरे पूरी तेरह होलियाँ गुजर चुकी थीं। एक होली पर अपने चेहरे पर मुखौटा और मंकी कैप पहनकर उन्होंने होली-टोली के बीच खूब उछल-कूद की। उनकी विचित्र पोषाख में हुडदंगियों ने उन्हें होली का जोकर समझा और सभी उनके संग नाचते झूमते रहे शाम को साधुरामजी ने अपना आवरण निकाल फेंका, रंगों का एक छींटा भी उनकी काया पर नहीं पड़ा था।

इस बार साधुरामजी ने पहले ही सबकी जिज्ञासा एवं उत्सुकता के उपलों को ठंडा कर दिया है। उनकी घोषणा एक ऐसी तेज बयार के रूप में आई है कि मित्र अपने रंगों की पुड़िया खोलने में भी असहज हो रहे हैं। उन्होंने कह दिया है कि वे इस बार होली नहीं खेलेंगे।

जब तक देश,दुनिया में शांति स्थापित नहीं हो जाती, इसराइल और यूक्रेन युद्ध रुक नहीं जाता तब तक वे रंग नहीं खेलेंगे। बड़ी दुविधा में हैं मित्रगण, होली खेलें या इस बार भी छोड़ दें साधुरामजी को..! मैं जानता हूं अब देश दुनिया की चिंता किसे है। सब अपने में ही खोए हुए हैं, साधुरामजी इस बार शायद ही रंगबाज हुड़दंगियों से बच पाएंगे!

(लेखक वरिष्ठ व्यंग्यकार हैं)

होली और रमजान को लेकर सुरक्षा कड़ी

चौकसी बढ़ी

पुलिस ने फ्लैग मार्च कर दिया सुरक्षा का संदेश

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया नगर में फ्लैग मार्च करती पुलिस।

मुबारकपुर में फ्लैग मार्च करती पुलिस।

अतरौलिया (आजमगढ़)। आगामी त्योहारों होली और रमजान को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। क्षेत्राधिकारी बूढ़नपुर किरन पाल सिंह के नेतृत्व में मंगलवार रात व बुधवार को थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने भारी पुलिस बल के साथ अतरौलिया थाना से नगर पंचायत व प्रमुख चौराहों पर फ्लैग मार्च किया। पूरे नगर पंचायत सहित अतरैठ बाजार और बूढ़नपुर चौक पर भी पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों और आम नागरिकों से मुलाकात की। उनकी समस्याएं सुनीं और बेहतर व्यवस्था के लिए सुझाव लिए।

क्षेत्राधिकारी ने सभी से आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया।

साइबर और सोशल मीडिया सेल भ्रामक खबरें और भड़काऊ टिप्पणियां फैलाने वालों पर कड़ी नजर रख रही है। आगामी त्योहारों के को देखते हुए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। थानाअध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा ने ने आश्वासन दिया है कि त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। किसी को किसी प्रकार की समस्या हो तो तुरंत आकर मिले या फिर हमारे सीयूजी नंबर पर सूचना दें। **फूलपुर प्रतिनिधि** के अनुसार क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार वर्मा के नेतृत्व में बुधवार को कोतवाली प्रभारी सच्चिदानंद यादव सहित पुलिस कर्मियों नेबस स्टाप से, मेन रोड, सिनेमा रोड, कुंवर नदी पुल, सिकरौर मोड, शंकर जी तिराहा, शनिचर बाजार, चूना चौक, उदपुर, सदरपुर, बरौली में पैदल मार्च करते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने का कड़ा सन्देश दिया। इस अवसर पर एसएसआई गंगाराम विन्द, ओमप्रकाश, अरविंद तिवारी, बिरेन्द्र यादव, प्रियंका त्रिपाठी आदि उपस्थित रहीं। मंगलवार को भी क्षेत्राधिकार और थानाध्यक्ष ने नगर में भ्रमण कर अंग्रेजी शराब एवं देसी मदिरा की दुकानों का निरीक्षण किया। दुकानदारों को 21 साल से कम उम्र के लोगों को मदिरा बेचने से भी वर्जित किया। इस मौके पर उप निरीक्षक संतोष कुमार, उपनिरीक्षक रमेश कुमार, उप निरीक्षक उमेश कुमार, मयंक कुमार, मोहम्मद शाहिद खान, महिला उपनिरीक्षक अनुराधा यादव सहित हेड कांस्टेबल एवं कांस्टेबल महिला कांस्टेबल उपस्थित रहीं।

मुबारकपुर प्रतिनिधि के अनुसार गुरुवार को पुलिस बल ने नगर में पैदल मार्च किया। रूट मार्च का नेतृत्व एएसपी अनंत शेखर, थानाध्यक्ष निहार नंदन कुमार, चौकी प्रभारी मुरारी मिश्रा, दरोगा कमल कांत यादव ने किया। जो रोडवेज से चलकर बड़ी एजेंटी, छोटी एजेंटी, शाह मोहम्मदपुर, कटरा होते हुए पुनः सब्जी मंडी, बवाली मोड़, अलीनगर, अमिलो आदि क्षेत्रों में गयी। इस अवसर पर उप निरीक्षक नौशाद अहमद, वरिष्ठ दीवान रविंद्र सिंह, भानु प्रताप पांडेय, राम केवल, सत्येन्द्र यादव,आशिष कुमार, विनय यादव, संदीप सिंह, राहुल गौड़, इजहार अंसारी आदि उपस्थित थे।

पवई प्रतिनिधि के अनुसार एसएचओ प्रदीप कुमार मिश्र के नेतृत्व में पुलिस ने पवई, मिल्कीपुर, मित्तुपुर, खैरूद्दीनपुर, मैगना, गोधना, ओरिल समेत कई कस्बों में रूट मार्च किया। लोगों से त्योहार शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। कोई भी अराजक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पूर्व विधायक सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

आवासीय पट्टा पर बन रहे मकानों को गिरवाने का है आरोप

कार्रवाई

घटना स्थल पर ग्रामीणों ने जमकर किया विरोध प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

घटना स्थल पर विरोध प्रदर्शन करते इब्राहिमपुर के ग्रामीण।

फूलपुर (आजमगढ़)। स्थानीय कोतवाली के इब्राहिमपुर गांव में बन रहे आवासीय पट्टे के मकान को जेसीबी से गिरवाने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। दिए गए प्रार्थना पत्र के अनुसार पूर्व विधायक अरुण कांत यादव सहित 5 लोगों के खिलाफ फूलपुर कोतवाली की पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

वही ग्रामीणों ने घटना स्थल पर विरोध प्रदर्शन कर नाराजगी जाहिर किया।

फूलपुर के इब्राहिमपुर गांव स्थित लखनऊ-बलिया रोड पर गाटा संख्या 155 पर 22 लोगों के नाम आवासीय पट्टा हुआ था। ग्रामीणों का आरोप है कि मंगलवार की रात जेसीबी लगाकर पूर्व विधायक अरुण कान्त यादव अपने साथ भजमन यादव पुत्र दुखंती, छोटेलाल पुत्र राम लखन, राहुल पुत्र राजेश, श्रीकांत पुत्र अखिलेश, दिनेश पुत्र राम दुलार आदि को लेकर निमार्णाधीन मकान को गिरवा दिया। जिससे हम गरीबों की भारी क्षति हुई है।

इस सम्बंध में रामधनी यादव पुत्र श्रीपति यादव ने एसडीएम और कोतवाली फूलपुर में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज करने की मांग किया। घटना स्थल पर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी किया। इस संबंध में कोतवाल सच्चिदानंद का कहना है कि तहरीर के अनुसार पूर्व विधायक अरुण कान्त यादव सहित 5 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में पूर्व विधायक अरुण कान्त से फोन पर सम्पर्क करने का प्रयास किया गया परन्तु फोन रिसीव नहीं हुआ।

त्योहार के मद्देनजर पुलिस ने की पेट्रोलिंग

पेट्रोलिंग पर जाते बरदह थाने के पुलिसकर्मी।

जनसंदेश न्यूज

मार्टिनगंज (आजमगढ़)। आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए शांति व्यवस्था कायम रखने के उद्देश्य से बरदह थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने पेट्रोलिंग किया। आमजन को यह संदेश दिया कि आने वाला त्योहार होली और रमजान जुमे की नमाज एक साथ पड़ रही है इसलिए आपसी भाईचारा को कायम करते हुए आपस में गले मिलकर शांतिपूर्ण पूर्ण माहौल में त्योहार का आनंद उठाएं। त्योहार आपस के गिले शिकवे दूर करने के लिए आता है। उन्होंने कहाकि किसी नई परंपरा का प्रचलन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। त्योहार में यदि किसी ने माहौल को खराब करने की कोशिश की तो उसका स्थान कारागार होगा, चाहे वह कितनी ही ऊंची पहुंच वाला क्यों न हो। यह पेट्रोलिंग लल्लूगंज, बरौना, मुक्तिपुर, राजगंज, सराय मोहन, गोडहरा, जीवली होते हुए थाना परिसर पहुंची। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राजीव कुमार सिंह, सत्यभान सिंह, अनिल कुमार सरोज, मनोज कुमार यादव, उप निरीक्षक अजीत कुशवाहा, राजेंद्र कुशवाहा, आशुतोष वर्मा सहित महिला कांस्टेबल उपस्थित रहीं।

कियान फिलिंग स्टेशन खुलने से किसानों को नहीं जाना होगा दूर

जनसंदेश न्यूज

अतरौलिया(आजमगढ़)। बुधवार को अतरौलिया-नंदना मार्ग पर हैदरपुर स्थित नवनिर्मित इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प कियान फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.सरोज

फीता काटकर उद्घाटन करते डॉ.सरोज पांडेय व नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र जायसवाल।

पांडेय व नगर अध्यक्ष सुभाष चंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

संचालक पंकज जयसवाल ने बताया कि किसानों को सिंचाई के लिए डीजल लेने के लिए दूर तक जाना होता था। मेरे पिताजी का सपना था कि एक पेट्रोल पंप खोला जाए जिससे लोगों को अच्छी सुविधा के साथ ही समय की बचत भी हो। आज उनका सपना साकार हुआ। इस पेट्रोल पंप के खुल जाने से किसानों को समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस पेट्रोल पंप पर शुद्धता ही सर्वोपरि है, हवा, पानी की व्यवस्था पर्याप्त है। रामचंद्र जायसवाल ने कहा कि पेट्रोल पंप खुलने पर आसपास के ग्रामीणों ने खुशी व्यक्त किया। काफी दूर तक इस मार्ग पर कोई पेट्रोल पंप नहीं था जिससे लोगों को काफी परेशानियां होती थी। इस अवसर पर शुभम शेखर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि संतोष यादव, फूलचंद यादव, अखंड सिंह, आनंद तिवारी, टीटू विनायकर, संतराम निषाद, सुभाष निषाद,रमाकांत यादव, राजकरन जायसवाल, रिंकू, सूरज, आनंद, महेश, अनिल, किशन सोनी आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य कर्मियों पर लगाया लापरवाही का आरोप

बूढनपुर (आजमगढ़)। स्थानीय नगर पंचायत के रानीपुर गांव निवासी स्वराज पटेल ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोयलसा रानीपुर के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए लापरवाह कर्मी के खिलाफ सख्त कारवाई की मांग की है। स्वराज पटेल वर्तमान में अपना दल एस विधानसभा क्षेत्र अतरौलिया के कार्यवाहक अध्यक्ष भी हैं। इनका कहना है कि बीते दिनों बाइक से गिरकर इनके सर में चोट लग गई थी। जिसकी पट्टी बदलवाने यह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोयलसा रानीपुर गये हुए थे। परंतु उनकी पट्टी नहीं बदली गयी। कारण था कि अपने काउंटर से पट्टी मरहम-पट्टी करने वाले कर्मचारी गायब थे। इनके द्वारा काफी खोजबीन व पूछताछ के बाद भी कोई ऐसा कर्मचारी नहीं मिला जो इनकी चोट की पट्टी मरहम-पट्टी कर सके। जब कोई कर्मचारी नहीं मिला तो यह वहां से निराश होकर वापस आ गये और किसी निजी अस्पताल पर जाकर मरहम-पट्टी कराया।

होली की तैयारी को लेकर बाजार में रौनक बढ़ी

प्रेशर गन की हो रही काफी डिमांड

जनसंदेश न्यूज

होली के सामानों से सजी दुकान, खरीददारी करते लोग।

लालगंज (आजमगढ़)। होली पर्व नजदीक आते ही बाजारों में पिचकरी, रंग-गुलाल संग मिठाइयों की दुकानें सज गई हैं। बाजार में खरीदारी को लेकर काफी भीड़ देखने को मिल रही है। स्कूलों और कालेजों में छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को जमकर अबीर गुलाल लगाए। दुकान पर विभिन्न प्रकार की स्वदेशी पिचकरियां व बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के मुखौटा, प्रेशर गन पट गये हैं। बच्चों को यह खूब भा रहे हैं। मिठाई की दुकानें सज गई हैं।

हर्बल गुलाल व रंग के साथ प्रेशर गन, मोदी, म्यूजिकल, टैंक पिचकारी और कार्टून मुखौटे और सूखी गुझिया, ड्राई फ्रूट गुझिया, खोया, पनीर की काफी मांग है। बाजार में सामान्य टोपी के अलावा बाल वाली टोपी, मुखौटा में शेर, चीता, डोरेमोन मौजूद हैं। महिलाएं चिप्स पापड़ और अन्य खाने-पीने की चीजों को खरीदने में जुटी हैं। किरना की दुकानों पर विभिन्न प्रकार के उत्पाद दिखाई दे रहे हैं।

होली पर्व पर घरों में पकवान बनाने की तैयारी में महिलाएं जुटी हुई हैं। नगर पंचायत कटघर लालगंज, देवगांव, कंजहित, गोसाईगंज में गुलाल रंग और पिचकारी के विक्रेताओं ने बताया कि हर्बल रंग और गुलाल पिचकारी की ज्यादा डिमांड है। प्रेशर पिचकारी 150 से 600 रुपये व पिचकारी गन 30 रुपये से 500 रुपये तक मिल रही है।

बीमारियों को जड़ से समाप्त करती हैं जड़ी-बूटी से बनी दवाएं: मुकेश सिंह

नेक कार्य

कैंप में किया गया जांच व दी गयी दवाएं

जनसंदेश न्यूज

पंचकर्म सेंटर का फीता काटकर शुभारंभ करते समाजसेवी मुकेश कुमार सिंह।

मेंहनगर (आजमगढ़)। स्थानीय कस्बे के अक्षैबर नगर में बुधवार को आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति से उपचार करने के लिए सुयोग्य डॉक्टरों द्वारा मां पाली क्लिनिक व पंचकर्म सेंटर का शुभारंभ क्षेत्र के युवा नेता व समाजसेवी मुकेश कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

श्री सिंह ने कहा कि आदिकाल से ऋषि मुनियों ने जंगल से जड़ी बूटी और औषधियों के प्रयोग से असाध्य रोगियों का उपचार करने की विधि अपनाते हुए समाज को एक स्वस्थ परंपरा में जीने का हक दिया था। परंतु समय बीतता गया और इन औषधियों की जगह एलोपैथिक चिकित्सा ने ले ली। इस चिकित्सा पद्धति से उपचार जहां आम लोगों की पंहुच से दूर और शरीर के अंगों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव से धीरे-धीरे लोगों का मोहभंग होने लगा और फिर से पुरानी ऋषि मुनियों की परंपरा वाली चिकित्सा पद्धति पर लोग विश्वास कर असाध्य रोगों से छुटकारा पाने लगे हैं। इसी विधा को आगे बढ़ाने के लिए डा.शशांक सिंह द्वारा इस पिछड़े इलाके में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर लोगों को कैम्प के माध्यम से फ्री चेकअप के साथ ही दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर डॉ. एके मिश्रा बीएचयू, डॉ.अंकुर वर्मा, डॉ.धीरेन्द्र सिंह, डॉ.चंदन सिंह, डॉ.स्वराज वर्मा, महिला रोग विशेषज्ञ डॉ.संजना सिंह, अखिलेश मिश्र गुड्डू, नीरज सिंह आदि उपस्थित रहे।

होलिकोत्सव को लेकर बच्चे प्रफुल्लित

फूलपुर (आजमगढ़)। होली त्योहार हो और गुझिया की सुगंध न हो, ऐसा भला कहा संभव है। रंगभरी एकादशी के साथ हर घर पर पापड़ चिप्स के साथ मीठे ठोकवा, गुझिया की सुगंध घुलने लगी है। जिनके घर गुझिया न बन पाए वह दुकानों से गुझिया खरीद रहे हैं। होलिकोत्सव से हर मन प्रफुल्लित है तो बच्चे उत्साहित हो मन पसन्द पिचकारी की जिद करने लगे हैं। अभिभावक हस कर दिलाने का सांत्वना देने लगे हैं। रंग बिरंगे मन भावन टोपी, पिचकारी रंग, अबीर गुलाल की दुकानें सज गई हैं तो सूखे मेवा, रंग बिरंगे चिप्स, किस्म किस्म के पापड़, बाजार में खूब पसंद किए जा रहे हैं।

स्टाफ व डाक अदालत 21 को

आजमगढ़। प्रवर अधीक्षक डाकघर ने बताया कि उनके कार्यालय में आगामी 21 मार्च को स्टाफ अदालत का आयोजन किया गया है जिसमें डाक संबंधी परिवादों का निस्तारण किया जायेगा। साथ ही उक्त तिथि को ही डाक अदालत का भी आयोजन किया गया है जिसमें डाक संबंधी परिवादों का निसतारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता अपनी शिकायतें एवं आपत्तियां 20 मार्च तक प्रवर अधीक्षक डाकघर के कार्यालय में प्रेषित करें या निर्धारित समय पर स्वयं उपस्थित होकर शिकायतों के निस्तारण में सहयोग करें।

आधे-अधूरे सड़क निर्माण पर करा लिया पूरा भुगतान

मनमानी

कोटिला-मंगरावां मार्ग के निर्माण का मामला

आम आदमी पार्टी ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

आजमगढ़। कोटिला मंगरावां मार्ग में बिना निर्माण पूर्ण कराये भुगतान कराने व खराब गुणवत्ता तथा अधूरे निर्माण के कारण जनता को आयेदिन हो रही परेशानियों के निवारण के लिए आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेज कर कार्रवाई की मांग की। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष रविन्द्र यादव ने बताया कि कोटिला मंगरावां सड़क 9.7 किमी का

जिलाधिकारी को ज्ञापन देने जाते आप कार्यकर्ता।

निर्माण ग्रामीण विकास मंत्रालय का कार्य मेसर्स दीप कंस्ट्रक्सन एलएलपी लखनऊ द्वारा करवाया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा रोड पर बोर्ड लगाकर 14 मई 2024 को कार्य पूर्ण दर्शाया गया है जबकि वास्तविकता यह है कि रोड अभी तक बना ही नहीं है। लगभग एक किमी के आसपास ही बना है जिसकी गुणवत्ता बहुत ही खराब है। रोड पर जगह-जगह मिट्टी व गिट्टी बेतरतीब फैली हुई है। इससे स्पष्ट है कि भुगतान भी अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा करवा लिया गया है। उक्त प्रकरण की जांच कराकर तत्काल दोषियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करते हुए अधूरे निर्माण को एक माह के अन्दर पूर्ण कराया जाय। अन्यथा पार्टी ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होगी।

संक्षेप

एक दिन पूर्व घर से लापता बच्ची का खेत में मिला शव



पटवध (आजमगढ़)। कंधरापुर थाना अंतर्गत ग्यासपुर गांव निवासी विजय प्रताप की 7 वर्षीय बेटी प्रीति निषाद मंगलवार की शाम दुकान से सामान लेने गई थी जो वापस घर नहीं आई। परिजनों ने काफी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। थक हारकर कंधरापुर थाने में बेटी के लापता होने की सूचना दी। बुधवार को सुबह प्रीति का शव गांव वालों ने घर से 200 मीटर दूर सरसों के खेत में पाया जिसकी सूचना परिजनों को दी गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मौके पर पहुंच गये। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतका के पिता का कहना है कि उनकी पत्नी से उनका कुछ विवाद हुआ था। पत्नी अपनी एक बेटी और दो बेटों को लेकर अपने मायके चली गई। एक बेटी प्रीति इनके पास थी। पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। थानाध्यक्ष का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्यों का पता चल पाएगा।

ट्रैक्टर चालक के खिलाफ दी नामजद तहरीर

निजामाबाद (आजमगढ़)। स्थानीय थाना पर बुधवार को श्यामा सोनकर पुत्र मुरायन सोनकर निवासी करीमपुर ने भाजपा मण्डल अध्यक्ष मिजार्पुर नीरज गिरी के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नामजद लिखित तहरीर दिया कि 5 मार्च को ट्रैक्टर से दबकर उसके पुत्र आशीष सोनकर और उसके पड़ोसी बब्लू पुत्र रामचंद्र की मृत्यु हो गई और विशाल पुत्र कालीचरण घायल हो गया था। जिसमें मेरे द्वारा अज्ञात ट्रैक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पता चला कि वह ट्रैक्टर मुड़ियार गांव का है। पीड़ित ने ट्रैक्टर और चालक का नाम समेत मुकदमा दर्ज करने लिए पुनः तहरीर दिया। थाना प्रभारी निजामाबाद हिरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उसमें मुकदमा पहले से ही तहरीर के आधार पर दर्ज है। उसकी विवेचना हो रही है जो विधिक कार्यवाही होगी विवेचक करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मिजार्पुर नीरज गिरी, बलराम तिवारी, श्यामा सोनकर आदि उपस्थित थे।

स्नेहिल फुहार में महादेवी के बच्चों ने जमकर की मस्ती

आजमगढ़। महादेवी हायर सेकेंडरी स्कूल में रंगों का त्योहार होली के मौके पर विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम होली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को स्नेहिल फुहार का नाम दिया गया, जिसमें नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के बच्चों के साथ-साथ कक्षा एक से लेकर 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने जमकर मस्ती की। प्रबंधक डीपी मौर्य ने कहा कि होली परंपरा, प्रसन्नता और भाईचारे की भावना का त्योहार है। हमें होली आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण होली नृत्य-होली खेलें रघुवीरा अवध में, होली खेल रहे बांके बिहारी जैसे गीतों पर खूब झूमे। एक दूसरे को रंग लगाया और होली की बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य रामनयन मौर्य, उप प्रधानाचार्य एसएन यादव, कोऑर्डिनेटर आनंद मौर्य, राम चरण मौर्य, दीपिका सिंह, दिनेश यादव, किशन यादव, आरोही मोदनवाल, अजय कुमार, धीरेंद्र मोहन, शरद गुप्ता, प्रेमा यादव, अजय कुमार यादव आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का हुआ समापन

महराजगंज (आजमगढ़)। मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के तहत सात दिवसीय विशेष शिविर का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न समाजसेवी गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और सेवा, सहयोग व जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान गीता पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि बाबूराम पाण्डेय उपस्थित रहे, जिन्होंने स्वयं सेवकों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. युगान्त उपाध्याय व प्राचार्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह ने शिविर की गतिविधियों का विवरण प्रस्तुत किया और प्रतिभागियों के योगदान की सराहना की द्य स्वयंसेवकों ने जहां सफाई अभियान के तहत स्वच्छता का संदेश दिया। तो वही जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाने और उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूकता तथा योग व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया एवं नशा मुक्ति, महिला सशक्तिकरण, जल संरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मदर टेरेसा टोली ने जहां भ्रूण हत्या पर नुक्कड़ एकांकी प्रस्तुत किया तो वहीं मीराबाई टोली ने नुक्कड़ एकांकी के माध्यम से दहेज प्रथा पर मंचन किया। मुख्य अतिथि ने कहा, राष्ट्रीय सेवा योजना युवाओं में सामाजिक उत्तरदायित्व और सेवा की भावना विकसित करने का बेहतरीन मंच है। इस शिविर से मिली सीख समाज के उत्थान में सहायक होगी। कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से युवा स्वयंसेवकों ने समाज सेवा का जो उदाहरण प्रस्तुत किया है, वह प्रेरणादायक है। इस सात दिवसीय शिविर के सफल समापन से सभी प्रतिभागियों में एक नई ऊर्जा और समाजसेवा का जज्बा देखने को मिला।

भारप महासंघ ने सीएम को भेजा पांच सूत्री मांग पत्र

आजमगढ़। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने सीतापुर में हुए पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या पर रोष जताया। अध्यक्ष दुर्गा राय के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पांच सूत्री मांग पत्र भेजा। ज्ञापन में उल्लेख किया है कि मृत पत्रकार परिवार को सुरक्षा, हत्यारों की तत्काल गिरफ्तारी की जाय। साथ ही हत्या कांड की सीबीआई से जांच करायी जाय। इस अवसर पर रामचन्द्र राय, कृष्णमणि शुक्ला, सुरेश चंद्र यादव, मंतराज यादव, गोविन्द शर्मा, प्रभात सिंह, रमेश यादव, विशाल कुमार, तेज प्रताप यादव, राजेश चौबे आदि उपस्थित रहे।

होली मिलन समारोह में खेली गयी फूलों की होली

पटवध (आजमगढ़)। विकासखंड बिलरियागंज अंतर्गत श्रीनगर सिरहां स्थित राधा कृष्ण शिव मंदिर पर सोमवार की शाम जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति श्रीनगर सियरहां के नेतृत्व में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अशोक सिंह, मुख्य अतिथि श्रीकृष्ण पाल जिलाध्यक्ष भाजपा, बेंच आफ मजिस्ट्रेट अखिलेश कुमार सिंह, मुख्य वक्ता प्रो. प्रशांत कुमार राय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आदित्य, प्रेम प्रकाश राय, हरिकेश राजभर उपस्थित रहे। अध्यक्षता दिनेश राय तथा संचालन संतोष पासवान ने किया। वक्ताओं ने होली मिलन कार्यक्रम पर प्रकाश डाला। बेंच आफ मजिस्ट्रेट अखिलेश सिंह ने होलिका दहन से लेकर होली क्यों मनाई जाती है,की विस्तृत जानकारी दी। प्रो. प्रशांत कुमार राय ने अपने सनातन धर्म के नव वर्ष तथा त्योहारों के बारे में विशेष जानकारी दी। भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीकृष्ण पाल ने बताया कि यह सनातन धर्म और बुद्ध का देश है। आसुरी शक्तियां कभी भी सत्य को पराजित नहीं कर सकतीं। हमें हमेशा अपने हिंदुत्व और सनातन धर्म को ध्यान में रखते हुए होली के इस खुशहाली के पर्व में एक दूसरे को गले से लगाकर त्योहार मनाना है। इस अवसर पर प्रो. विजेंदर राय, श्रीनिवास राय, श्रवण यादव, सूर्य प्रकाश मिश्रा, अशोक राय, विनोद पाठक, उमेश राय, दुःखी मौर्या, रामनयन राय, संतोष राय, कृपा शंकर राय, त्रिपुरारी राय, सुरेश पासवान,भीम राय, राहुल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

श्रीनगर सियरहां में होली खेलते लोग।

गोल्ड मेडल हासिल कर देश का भविष्य सवार रहीं लड़कियां : आनंदीबेन

राज्यपाल को सम्मानित करती राज्यमंत्री

जनसंदेश न्यूज

समारोह

वित्तीय प्रबंधन व बैंकिंग के लिए महिलाओं को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

टीकाकरण में लापरवाही करने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

हलिया। प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार को क्षेत्र के मवई कलां स्थित पंचशील डिग्री कालेज में अपने उद्बोधन में कहा कि विश्वविद्यालयों में 100 में से 80 लड़कियां गोल्ड मेडल हासिल कर रही है और उनके सापेक्ष लड़के 20 गोल्ड मेडल ही पा रहे हैं। राज्यपाल ने कहा कि आज हर क्षेत्र में लड़कियां सफलता प्राप्त कर देश को संवारने का कार्य कर रही हैं। राज्यपाल ने पांच उत्कृष्ट प्रधानों व दो ग्राम विकास अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों में दिव्यांग आंगनबाड़ी, कृषि व कौशल विकास से संबंधित पुरस्कार राज्यपाल ने दिया। राज्यपाल ने ग्रीन आर्मी की महिलाओं से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया। साइकिल वितरण एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रशस्ति पत्र और स्वच्छता प्रतिष्ठा की चाबी वितरण कार्यक्रम में शामिल हुईं। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का जिक्र करते हुए कहा कि मेहनत और शिक्षा से कोई भी व्यक्ति बुलंदियों तक पहुंच सकता है।

राज्यपाल ने कहा कि बैंक सखी योजना के तहत महिलाओं को वित्तीय प्रबंधन और बैंकिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे वे अपने परिवार और समाज को आर्थिक रूप से सशक्त बना सकें। राज्यपाल आनंदीबेन ने कहा कि बच्चों के शुरूआती नौ महीने माता-पिता और समाज की सामूहिक जिम्मेदारी होते हैं। डिलीवरी हमेशा अस्पताल में करानी चाहिए जिससे नवजात की सेहत और देखभाल सही ढंग से हो सके।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण को लेकर लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि जीवन शैली से जुड़ी बीमारी सबको हो रही है जिसके लिए 100 दिन सघन अभियान चलाकर जांच की जा रही है। इस अवसर पर एमएलसी विनीत सिंह, विधायक रिंकी कोल, सोहनलाल श्रीमाली, श्यामसुंदर केशरी, जगदीश पटेल, मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी, आईजी आरपी सिंह, डीएम प्रियंका निरंजन, एसपी सोमेन बर्मा, एडीएम शिव प्रताप शुक्ला, एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, एसडीएम सदर गुलाब चंद, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी, बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

राज्यपाल ने टीबी रोगियों को वितरित किया पोषण पोटली

मीरजापुर। हलिया विकास खंड अंतर्गत पंचशील डिग्री कालेज मवई कला के प्रांगण में बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जनपद के कई विभागों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित होते हुए सर्वम सेवा संस्था वाराणसी की अध्यक्ष मीनाक्षी भट्टाचार्य व सचिव सूरज मौर्या द्वारा हलिया एवं लालगंज क्षेत्र के 51 टीबी मरीजों को पोषण पोटली भेंट करते हुए गोद लिए गए। मरीजों को अपने हाथों पोषण पोटली भेंट करते हुए संस्था के टीबी उन्मूलन क्षेत्र में किए गए पहल की सराहना करते हुए मरीजों के हित में समाज के अन्य जनों को भी सहभागिता निभाने हेतु आगे आने का आह्वान किया। संस्था अध्यक्ष मीनाक्षी भट्टाचार्या द्वारा राज्यपाल से कहा गया कि भविष्य में वह उनकी उपस्थिति में जनपद के 1100 टीबी रोगियों को पुनः गोद लेने के लिए सहर्ष तैयार हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने प्रधानमंत्री द्वारा टीबी उन्मूलन क्षेत्र में किए जा रहे संपूर्ण प्रयासों का विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि भारत देश से इस रोग को 2025 तक पूर्ण रूप से समाप्त करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान एमएलसी श्यामनारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह, मंडलायुक्त, डीआईजी, डीएम, एसपी, सीडीओ, डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर सतीश शंकर यादव आदि रहे।

उत्कृष्ट कार्य करने पर ग्राम प्रधान को मिला प्रशस्ति पत्र

बरौंधा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्राम सभा में उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा पंचशील डिग्री कॉलेज हलिया में लालगंज ब्लाक के ग्राम सभा अतरैला राजा के प्रधान महानारायण भारती को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने ग्राम सभा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महानारायण भारती क्षेत्र में भी काफी मशहूर है। साफ-सफाई हो, सड़क हो या अन्य जो भी ग्राम सभा के कार्य है उसमें बढ़-चढ़ के हिस्सा लेने वह कुशलता पूर्वक लोगों की समस्या का निवारण करने में ग्राम प्रधान अतरैला राजा महानारायण भारती सबसे आगे है। राज्यपाल द्वारा प्रशस्तपत्र पत्र पाने पर गांव में खुशी की लहर है। ग्रामीण प्रधान को शुभकामना देने वालों में चंद्रभूषण पांडेय, निरंजन प्रसाद पांडेय, गेंदालाल, मूलचंद सोनी, सुनील पटेल, भोलानाथ, ओमप्रकाश आदि लोग रहे।

संक्षेप

गिट्टी लदी हाइवा ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर

अदलहाट। नारायनपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत शेरपुर गांव के समीप हाइवे पर बुधवार की भोर में गिट्टी लदी हाइवा खड़ी ट्रक में टक्कर मारने के बाद सड़क के किनारे स्थित चाय की दुकान पर लगे टीनशेड और बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए पेड़ से टकरा गई। इस घटना में दुकान पर चाय पी रहे चार व्यक्ति बाल बाल बच गए। चाय विक्रेता पप्पू पटेल निवासी बैकुंठपुर की शेरपुर गांव के समीप हाइवे पर चाय पान की दुकान है। हाइवा चालक नवीन कुमार गोंड़ डगमगपुर से गिट्टी लादकर महाराजगंज में गिराने जा रहा था। चालक ने शेरपुर के समीप आने पर अपना नियंत्रण खो दिया और खड़ी ट्रक में टक्कर मारने के बाद चाय के दुकान में लगे टीनशेड और बाइक को क्षतिग्रस्त करते हुए पेड़ से टकरा गया। चाय की दुकान पर चाय पी रहे चार व्यक्ति बाल बाल बच गए।

तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत

अदलहाट। क्षेत्र के कोलना गांव में बुधवार को मां भगवती मंदिर के सामने तालाब में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई। जहां मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर पंचनामा के बाद शव को अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया गया। क्षेत्र के कोलना गांव निवासी चंद्रभूषण पटेल पुत्र स्व0 कल्लू ने पुलिस को दिए तहरीर में बताया कि उसका छोटा भाई अदेव पटेल उर्फ मटुक उम्र 45 वर्ष जो गांव में ही काम करता था। बीते 10 मार्च की देर शाम से वह लापता था। कुछ ग्रामीणों ने मंगलवार की सुबह भी उसे देखा था। बुधवार को उसका शव गांव के भगवती मंदिर के सामने शिव तालाब में मिला है। आशंका है कि उसकी मौत तालाब में डूबने से हुई है। तहरीर पर पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को अंत्य परीक्षण हेतु भेज दिया। मृतक अपने चार भाइयों में सबसे छोटा था। इस सम्बंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रथम दृष्टिया तालाब में डूबने से मौत प्रतीत हो रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

सफाई कर्मी की लापरवाही से बजबजा रही नालियां

लालगंज। स्थानीय लालगंज बाजार में सड़क के किनारे बनी नालियां विगत दो माह से साफ सफाई न होने से पूरी तरह से जाम हो गई है। बगल में स्थित दुकानदार नाक पर रूमाल रखकर अपने कार्य को संचालित कर रहे हैं। जबकि बाजार वासियों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के यहां शिकायतदर्ज करने के बावजूद भी नाली की सफाई नहीं हो सकी। लालगंज बाजार में सड़क के किनारे दोनों तरफ नाली बनाई गई है जिससे बाजार वासियों के पानी का निकास इसी नाली से होकर गुजरता है। विगत दो माह से दुबार रोड से विजयपुर रोड की नाली पूरी तरह से जाम होकर अवरूद्ध हो गई है। एडीओ पंचायत अजय शंकर से फोन से संपर्क किया गया किंतु उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सम्भावना ने बढ़ाया कदम

मीरजापुर। बीटेक की छात्रा सम्भावना जायसवाल ने सरकार की योजनाओं को लेकर लड़कियों व महिलाओं को स्वावलंबी बनाने व जागरूक करने के लिए समाज में उनको आगे करने के लिए कदम बढ़ाया है। ग्राम सभा चील्ह में सिलाई कढ़ाई सीख रही लड़कियों और महिलाओं को स्वावलंबी बनने हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं और कार्यक्रमों से अधिक से अधिक लाभ उठाने व आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करने हेतु बीटेक की छात्रा सम्भावना जायसवाल ने केंद्र की महिलाओं और लड़कियों को सम्बोधित किया। उक्त अवसर पर बहुत सी महिलाएं सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आत्म निर्भर बनने का संकल्प लिया। इस मौके पर अधिक संख्या में लड़कियां व महिलाएं मौजूद रही।

लाभकारी योजनाओं के बारें में जानकारी प्रदान कर किया जागरुक

मीरजापुर। महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत बुधवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के निर्देशन में जनपद में महिला बीट आरक्षी, एंटी रोमियों पुलिस टीम सहित पुलिस अधिकारीगण के माध्यम से क्षेत्र में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, कस्बों, बाजारों, मन्दिर, शापिंग मॉल, भीड़भाड़ वाले इलाकों, स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों, रेलवे स्टेशन, रोडवेज सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों व गांवों में जाकर बालिकाओं, छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ०प्र० राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पी०एम०स्वानिधि योजना, पी०एम० सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना आदि योजनाओं के बारे में बताया गया। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए साइबर हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों के विषय में जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया।

घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

हलिया। थाना क्षेत्र के बेदउर गांव में एक युवक की उपचार के दौरान ट्रामा सेंटर वाराणसी में मौत हो गई। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम कार्रवाई में जुट गई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी बाइक चालक मोनू शर्मा (18) पुत्र राधेश्याम शर्मा अपने साथी गांव निवासी गुलाब के साथ घर से बीते 12 फरवरी को सोठिया चौराहे दवा लेने गया था। दवा लेकर घर वापस लौटते समय अचानक दुबही नहर के पास अनियंत्रित होकर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर देखकर चालक को मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। वहीं पीछे बैठे साथी गुलाब की हालत ठीक होने के बाद घर के लिए डिस्चार्ज कर दिया गया है। बुधवार की सुबह मोनू की वाराणसी के ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की शादी 24 फरवरी को निश्चित थी लेकिन गंभीर रूप से घायल होने के बाद समय टाल दिया गया था। घटना से घर में कोहराम मच गया।

मृतक मोनू शर्मा की फाइल फोटो

एसपी को पत्रक सौंप लगाई न्याय की गुहार

मीरजापुर। पुलिस की अवैध डिमांड को करीब 5 माह से पूरा करने के लिए 5 हजार रुपया महिना दे रहा था, कुछ विलंब हुआ तो दरोगा जी भड़क गए। मोबाइल पर ही माँ बहन करने लगे। इससे युवक इतना क्षुब्ध हुआ कि दरोगा के खिलाफ शिकायती पत्र लेकर मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंच गया। एसपी को पत्रक देकर न्याय किए जाने की मांग की है। लालगंज थाना क्षेत्र के बरौंधा पुलिस चौकी इलाके के तिलई गांव निवासी पवन कुमार ने प्रमोशन पाकर हेड कांस्टेबल से दरोगा बने सुरेंद्र पर महीना वसूली का आरोप लगाया हैं। पत्रक में कहा हैं कि वह जेसीबी चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। चौकी इंचार्ज सुरेन्द्र कुमार जबरदस्ती 5 हजार रुपया अवैध रुप से प्रति माह देने का दबाव बनाते है। न देने पर मां बहन की गाली देते हुए वाहन को सीज कर फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी देते हैं। फोन करके माँ बहन की गाली दिया जिसका आडियों मेरे पास है। एक जिम्मेदार व्यक्ति के द्वारा इस अशोभनीय कृत्य से काफी डरा सहमा हैं। फर्जी मुकदमें में फंसा कर जीवन बर्बाद करने की धमकी दी जा रही है। ऐसी स्थिति में विभागीय जाँच करा कर आरोपी के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही किया जाय।

बस्ती में पहुंचा मगरमच्छ, ग्रामीणों में मचा हड़कंप

हलिया। ड्रमंडगंज वनरेंज के अहुंगी कलां गांव के धरकार बस्ती में मंगलवार की देर रात छह फीट लंबा मगरमच्छ पहुंचने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने मगरमच्छ पहुंचने की सूचना रेंजर ड्रमंडगंज वीरेंद्र कुमार तिवारी को दी। रेंजर के निर्देश पर पहुंचे वन सुरक्षा प्रहरी सौरभ सिंह उर्फ सोनल ने ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर बुधवार सुबह सुखड़ा बांध में छोड़ दिया। अहुंगी कलां गांव के धरकार बस्ती निवासी कोमल धरकार के घर के बाहर पहुंचे मगरमच्छ को देखकर कुत्तों के लगातार भौंकने से कोमल धरकार व घर की महिलाओं की नींद खुल गई। महिलाओं ने टार्च जलाकर घर के बाहर देखा तो घर के भीतर की ओर चले आ रहे मगरमच्छ को देखकर होश उड़ गए। शोरगुल मचाने पर अगल बगल के लोग लाठी डंडा लेकर मौके पर पहुंचे और मगरमच्छ के ऊपर बोरा फेंककर उसे घेर लिया। ग्रामीणों ने बस्ती में मगरमच्छ आने की सूचना रेंजर ड्रमंडगंज को दी। रेंजर ड्रमंडगंज के निर्देश पर वन सुरक्षा प्रहरी सौरभ सिंह देर रात अहुंगी कलां गांव पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से मगरमच्छ को सुरक्षित पकड़कर बुधवार की सुबह ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर सुखड़ा बांध में छोड़ दिया।

अभियुक्त को पांच वर्ष कारावास के साथ सुनाई गई अर्थदण्ड की सजा

फैसला

अर्थदण्ड अदा न करने पर की भुगतनी होगी अतिरिक्त कारावास

मीरजापुर। पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देश पर चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन, वाराणसी पीयूष मोर्डिया के निर्देशन व पुलिस महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा जनपद में महिला सम्बन्धित अपराध सहित लूट, हत्या, डकैती, धर्म परिवर्तन, गोवध अधिनियम व अन्य जघन्य अपराधों में प्राथमिकता के आधार पर लगातार गुणवत्तापूर्ण विवेचना तथा अभियोजन की सशक्त एवं प्रभावी पैरवी करायी जा रही है। उक्त अभियान के क्रम में थाना लालगंज पर नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगाने से सम्बन्धित अभियोग में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही करायी गयी। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, अपर सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त को 05 वर्ष के कठोर कारावास एवं 5000 के अर्थदण्ड की सजा सुनायी गयी। घटना के बारे में बताया गया कि विगत 17 नवम्बर 2015 को थाना लालगंज पर एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्त के विरुद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना लालगंज पुलिस एवं मॉनीटरिंग, पैरवी सेल को निर्देशित करते हुए गुणवत्तापूर्ण तथा सशक्त एवं प्रभावी पैरवी कराया गया। अभियोजन अधिकारी एडीजीसी सुनीता गुप्ता, विवेचक-उपनिरीक्षक जितेन्द्र यादव, कोर्ट मुहर्रिर-महिला मुख्य आरक्षी प्रज्ञा चतुर्वेदी व मुख्य आरक्षी पंकज कुमार तथा पैरोकार-आरक्षी अनिल विश्वकर्मा द्वारा प्रभावी पैरवी की गई। जिसके फलस्वरूप न्यायालय विशेष न्यायाधीश अपर सत्र न्यायाधीश सुरेन्द्र कुमार राय द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त रामनरेश उर्फ संतोष कुमार पुत्र पारसनाथ निवासी बसाहीपुर थाना लालगंज को 05 वर्ष के कठोर कारावास व 5000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 02 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

माफिया के जेल में होने के बाद ही बढ़ रहा अपराध का ग्राफ : सुधाकर

जमालपुर। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) के ब्लॉक कमेटी की बैठक बुधवार को मदरा गांव स्थित राज्य कमेटी सदस्य रामकृत बियार के आवास पर सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा के राज्य सचिव सुधाकर यादव ने कहा कि सरकार कह रही है कि अपराधी माफिया जेल में है तो प्रदेश में अपराध का ग्राफ क्यों बढ़ रहा है। प्रशासन के भ्रष्टाचार और लूट को उजागर करने वाले पत्रकारों की हत्या की जा रहीं है। उन्हें धमकाया जा रहा है। सीतापुर में पत्रकार की हत्या, मीरजापुर में पत्रकार को गोली मारने के धमकी की घटना इसके उदाहरण है। ध्वस्त कानून व्यवस्था और फासीवाद को परास्त करने के लिए 16 मार्च से जन जागरण अभियान निकाला जायेगा जो 22 मार्च तक चलेगा तथा 23 मार्च को शहीदे आजम भगत सिंह राजगुरु सहित अन्य की शहादत दिवस मनाया जायेगा। इस दौरान सोमारू पटेल, पारस सिंह, प्रभू बियार, महंगी पासवान, कल्लू बियार सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पारस पटेल व संचालन रामकृत बियार ने किया।

सब्जी शोध में नवाचारों को लागू करने की हुई सिफारिश

जनसंदेश न्यूज

बैठक

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना में संपन्न हुआ सब्जी वैज्ञानिकों का वार्षिक सम्मेलन

चुनार। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की संस्था भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान के तत्वावधान में संचालित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना (सब्जी फसल) की 43वीं वार्षिक समूह बैठक का आयोजन लुधियाना स्थित प्रतिष्ठित पंजाब कृषि विश्वविद्यालय में किया। इस मंच पर देश भर के ख्यातिलब्ध सब्जी वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, निजी बीज कंपनियों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाकर वैज्ञानिक चर्चा को बढ़ावा देने, अनुसंधान सहयोग को सशक्त बनाने और भारत में सब्जी फसलों के सतत विकास के लिए नवाचारों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया गया। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. एसके सिंह, उपमहानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने उद्घाटन भाषण में सब्जी फसलों की खाद्य एवं पोषण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने सब्जी वैज्ञानिकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी विकसित की गई किस्में देश भर में व्यापक रूप से अपनाई जा रही हैं, जिससे किसानों और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिल रहा है। पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति, डा. सतबीर सिंह गोसल ने बताया कि 1970 के दशक की शुरूआत में इस विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित सब्जी विज्ञान विभाग, सब्जी अनुसंधान एवं उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने पंजाब में सब्जियों की खेती से सम्बंधित शोध उपलब्धियों की चर्चा की तथा शोध सहयोग हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आइसीएआर के सहायक महानिदेशक (उद्यान) डा. सुधाकर पांडेय, भारतीय सब्जी अनुसन्धान संस्थान वाराणसी के कार्यवाहक निदेशक डा. नागेन्द्र राय, डा. राजेश कुमार, डा. एएस, डा. एमआईएस गिल ने भी महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किया। बैठक के दौरान परियोजना समन्वयक डा. राजेश कुमार ने परियोजना का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। बैठक के अंतिम दिन गहन चर्चा और तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया।

संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध ने फांसी लगाकर दी जान

मड़िहान। संतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रैकल के गेरूआही गांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध ने घर से पांच सौ मीटर दूर छिवलहा तालाब किनारे आम के पेड़ में गमछा गले में डालकर लटकर जान दे दिया। गांव निवासी उमाशंकर कोल पुत्र स्व0 जवाहिर के दोनों पुत्र रणजीत 28, समरजीत 22 वर्ष परदेश में रहकर मजदूरी करते है। घर में दोनों बहू रहती है। मंगलवार शाम मृतक उमाशंकर खाना खाकर सोने घर से बगल झोपड़ी में चले गये। बुधवार की सुबह घर से पांच सौ मीटर दूर सुनसान जगह छिवलहा तालाब किनारे आम के पेड़ में लटकता शव मिला। ग्रामीण सुबह शौच के लिए सिवान में तालाब किनारे गये तो आम के पेड़ से शव लटकता दिखाई दिया। पास जाकर देखा तो गांव के ही उमाशंकर का शव लटक रहा था। गांव में जाकर घटना की सूचना दिया। फांसी की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई। जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर संतनगर पुलिस पहुंचकर शव को आम के पेड़ से नीचे उतरवाकर पीएम हेतु भेजकर अग्रिम कार्यवाई में जुट गई। घटना के सबंध में थानाध्यक्ष जितेंद्र सरोज ने बताया कि फांसी लगाने से मौत हुई है। शव को पीएम हेतु भेजकर अग्रिम कार्यवाई किया जा रहा है।

पुलिस ने बाल अपचारी को हिरासत में लेकर भेजा बाल सुधार गृह

मीरजापुर। थाना मड़िहान पर विगत 10 मार्च को एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपियों के विरुद्ध वादी की नाबालिक पुत्री को शादी का झांसा देकर बहला फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में थाना प्रभारी मड़िहान को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में उप निरीक्षक सैदय अख्तर मय पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना मड़िहान पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए बुधवार को मुखबिर सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को हिरासत में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते बाल सुधार गृह भेजा गया।

पिकप के धक्के से अधिवक्ता घायल

लालगंज। स्थानीय थाना क्षेत्र के फोरलेन सड़क धसड़ा मोड़ पर घर से निकले अधिवक्ता को पीछे से आ रही पिकप ने धक्का मार दिया। धक्का लगते ही बाइक सवार अधिवक्ता डिवाइडर से टकरा गए। जिससे सिर, कमर व हांथ में गंभीर रूप से चोट लग गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची लहंगपुर चौकी पुलिस ने एंबुलेंस 1033 को फोन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजवाया जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर होते देख मंडलीय अस्पताल मीरजापुर लिए रेफर किया गया। लहंगपुर निवासी अधिवक्ता प्रभाकर दुबे उर्फ मल्लू दुबे पुत्र राजेंद्र प्रसाद दुबे उम्र 50 वर्ष अपने बाइक से तहसील लालगंज कचहरी प्रेक्टिस करने जा रहे थे कि जैसे ही फोरलेन सड़क धसड़ा मोड़ पर पहुंचे कि पीछे से आ रही पिकप ने धक्का मार दिया धक्का लगते ही बाइक सवार अधिवक्ता प्रभाकर दुबे डिवाइडर पर गिर पड़े। पुलिस एवं ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस को सूचित कर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज ले जाया गया जहां पर चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद स्थिति गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच सम्पन्न हुआ वार्षिकोत्सव

चुनार। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम सिंह राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को वार्षिकोत्सव का प्रारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला व मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुधा पाण्डेय, प्राचार्य राजकीय महिला पी0जी0 कॉलेज सेवापुरी ने मां वागेश्वरी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुधा पाण्डेय ने कहा कि लोक परम्पराओं से जुड़े रहना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए प्रतिबद्धता से कार्य करने की आवश्यकता है। लोक विधाओं में भारतीय संस्कृति की विशिष्टाताएं सन्नीहित है। लोक संस्कृति में ही भारतीय संस्कृति जीवित है। महाविद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय सांस्कृतिक एवं शैक्षिक गतिविधियों में सर्वांगीण विकास कर रहा है। महाविद्यालय की वार्षिक आख्या में वर्ष भर कार्यक्रम एवं उपलब्धियों को डा0 सूबेदार यादव ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डा0 राम निहोर, डा0 देव कुमार, डा0 भास्कर प्रसाद द्विवेदी, डा0 सत्येंद्र कुमार, डा0 राजेश कुमार दूबे, डा0 अवधेश सिंह यादव, डा0 राजेंद्र कुमार, डा0 अरुणेश कुमार, डा0 मनोज कुमार प्रजापति, डा0 संकटा प्रसाद सोनकर, डा0 अरविन्द कुमार, डा0 नलिनी सिंह, डा0 गुरु प्रसाद सिंह, डा0 दीपक कुमार सिंह, डा0 शैलेन्द्र कुमार, डा0 शिखा तिवारी, डा0 रीता मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

बच्चों को पुरस्कृत करते शिक्षक

दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना चुनार पर विगत सात मार्च को एक महिला द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध वादिनी की नाबालिक पुत्री को बहला फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना चुनार पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना प्रभारी चुनार को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना चुनार पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना चुनार पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए बुधवार को उप निरीक्षक शेष बहादुर सिंह मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना चुनार क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त सूरज कुमार पुत्र लालबहादुर निवासी छित्तमपुर थाना चुनार को पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

होली मिलन समारोह में शामिल विद्यालय के प्रबंधक व अन्य।

होली के त्योहार में बनाए रखें आपसी सौहार्द्र : विवेक बरनवाल

जनसंदेश न्यूज

कार्यक्रम

होली मिलन समारोह कार्यक्रम सम्पन्न

मीरजापुर। नगर के बड़ी बसही स्थित सेमफोर्ड स्कूल में विद्यालय के सदस्यों के द्वारा होली के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह एवं विद्यालय के सत्र 2025-26 सत्र के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक ई0 विवेक बरनवाल ने आए हुए अतिथियों इन्द्र कुमार सिंह, शशी सिंह, अमरेश चन्द्र पांडेय एवं सुषमा पांडेय का स्वागत माल्यार्पण एवं अबीर लगाकर किया। प्रबंधक ई0 विवेक बरनवाल ने बताया कि होली का त्यौहार असत्य पर सत्य के विजय का त्यौहार है जिसे सभी लोग एक? दूसरे को रंग अबीर लगाकर मनाते हैं।

होलिका जिस दिन जलाया जाता है उसी दिन भक्त प्रह्लाद को होलिका अग्नि में लेकर बैठी थी। भक्त प्रह्लाद को मारने के लिए लेकिन अग्नि में होलिका ही भस्म हो गई। प्रबंधक इंजीनियर विवेक बरनवाल ने कहा कि होली के इस त्यौहार में प्राकृतिक रंगों का उपयोग करें और केमिकल वाले रंगों से दूरी बनाएं।

कार्यक्रम में सभी सदस्यों के द्वारा होली से संबंधित गीत गाए गये एवं एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया गया। होली के इस कार्यक्रम में सभी लोग गोझिया, चिप्स, पापड़, ठंडाई का आनंद लिए एवं एक दूसरे को बधाई दी। कार्यक्रम में बसही विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेश पांडेय, नटवा विद्यालय की प्रिंसिपल श्वेता मेहरोत्रा खत्री ने भी होली के गीत गाए। कार्यक्रम का सफल आयोजन सुमित कुमार, सौरभ सेठ खत्री, हरप्रित कौर डंग, वंदना यादव एवं शैलेन्द्र पांडेय आदि के नेतृत्व में किया गया।

नाबालिग को भगाने के आरोप में एक गिरफ्तार

मीरजापुर। थाना अदलहाट पर विगत 25 फरवरी को एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरुद्ध वादिनी की नाबालिक पुत्री को शादी का झासा देकर बहला फुसला के भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना अदलहाट पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी चुनार के नेतृत्व में थाना प्रभारी अदलहाट को आरोपी की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना अदलहाट पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना अदलहाट पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए बुधवार को उप निरीक्षक हंसलाल राम मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना अदलहाट क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी शेरू पुत्र गणेश प्रसाद निवासी घाटमपुर थाना अहरौरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा गया।

उज्ज्वला योजना: पात्रों को बांटा गया सब्सिडी का चेक, खिले चेहरे

आयोजन

गैस रिफलिंग सब्सिडी के मुख्यमंत्री के सम्बोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया सजीव प्रसारण



महिला को सब्सिडी चेक का डेमो देते विधायक व डीएम

सोनभद्र। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस रिफलिंग सब्सिडी कार्यक्रम के तहत बुधवार को मुख्यमंत्री के सम्बोधन का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान सदर विधायक भूपेश चौबे, जिलाधिकारी बीएन सिंह, अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र, डीएसओ ध्रुव गुप्ता, एडीआईओ विनय कुमार सिंह समेत लाभार्थियों ने सीएम के सम्बोधन प्रसारण को देखा। वहीं विधायक व जिलाधिकारी ने गैस रिफलिंग सब्सिडी के लाभार्थियों को चेक वितरण किया।

सदर विधायक ने कहा कि परिवार व समाज को मजबूत बनाने में मातृशक्ति का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए प्रधानमंत्री ने महिला सशक्तिकरण को मजबूती देने के दृष्टिगत उज्जवला योजना का गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत महिला मुखिया के नाम किया है। प्रधानमंत्री का मत है कि देश विकसित भारत तब बनेगा, जब देश की मातृशक्ति मजबूत होगी। जो लाभार्थी हैं, लाभार्थी के साथ देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। जिसके लिए सरकार द्वारा उज्जवल योजना के तहत मिलने वाले सिलेंडर की धनराशि को सब्सिडी के रूप में उनके खाते में भेजने का कार्य किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्रीउज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस रिफलिंग सब्सिडी से जनपद के लाभार्थियों को भी लाभान्वित किया जायेगा। जनपद में 2 लाख 51 हजार गैस कनेक्शन हैं, गैस की समस्या किसी भी क्षेत्र में नहीं है। सभी लाभार्थियों को गैस कनेक्शन की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो रही है। गैस रिफलिंग सब्सिडी हेतु अभी तक जिन लाभार्थियों ने रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है, वह अनिवार्य रूप से अपना रजिस्ट्रेशन करा लें, जिससे कि सब्सिडी की सुविधा उन्हें प्राप्त हो सके।

कम्पोजिट विद्यालय डोड़हर में की स्टेम लैब की स्थापना

बीजपुर। एनटीपीसी रिहंद ने अपने नैगम सामाजिक दायित्व पहल के तहत कम्पोजिट विद्यालय डोड़हर में स्टेम लैब विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित लैब की स्थापना की। लैब का उद्घाटन मुख्य अतिथि कार्यकारी निदेशक रिहंद अनिल श्रीवास्तव ने फीता काटकर किया। यह लैब विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम में सहायता प्रदान करने और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है।

स्टेम लैब में कक्षा 6 से 8 के पाठ्यक्रम अवधारणाओं पर आधारित विज्ञान और गणित के 80 कार्यशील मॉडल उपलब्ध है, जो छात्रों को प्रयोगात्मक शिक्षा का अनुभव प्रदान करेंगे। लैब को लगभग आठ लाख की लागत से निर्मित किया गया है। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

मुख्य अतिथि ने छात्रों को स्कूल बैग एवं हाइजीन किट वितरित करते हुए कहा कि एनटीपीसी रिहंद शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयासरत है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आधुनिक सुविधाएं प्राप्त हो सकें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि एनटीपीसी रिहंद भविष्य में भी शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार की पहल जारी रखेगा।

फीता काटकर लैब का शुभारंभ करते मुख्य अतिथि

संक्षेप

एकलव्य विद्यालय में चयनित छात्रों को किया गया सम्मानित



डाला। चोपन विकास खंड अंतर्गत कोटा ग्राम पंचायत के भकसिहवा प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को शारदा संगोष्ठी व वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सुख सागर उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त अध्यापक हृदय नारायण तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम का शुरूआत किया। अतिथियों ने कहा कि जितनी जिम्मेदारी बच्चों को पढ़ाने की अभिभावक की है उतनी ही शिक्षकों की है। जो अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ उनकी युवा पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है। प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री गांव, शहर व नगर में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए अनेक योजनाएं चला रहे हैं। कहा कि मानव जीवन की प्रथम पाठशाला बच्चों का परिवार है। इसलिए बच्चों को संस्कारवान बनाना, नियमित विद्यालय भेजना माता-पिता की जिम्मेदारी है। प्रधानाध्यापक डा. अरविन्द कुमार ने बताया कि विद्यालय में अध्ययनरत विवेक, अजीत व नेहा का चयन एकलव्य विद्यालय में हो गया है, यह विद्यालय के लिए गौरव की बात है। समारोह में बच्चों ने ये प्रयागराज है गीत गाकर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले बच्चों को गोल्ड मेडल व स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर मुकेश जैन, चंद्र प्रकाश शर्मा, वंदना मिश्रा, अनुराधा त्रिपाठी, प्रदीप बसु समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन राघवेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने किया।

सकुशल संपन्न बोर्ड परीक्षा, नहीं मिले एक भी नकलची

सोनभद्र। यूपी बोर्ड परीक्षा बुधवार को अंतिम दिन जनपद के समस्त केंद्रों पर संपन्न हुई। प्रथम पाली में हाई स्कूल के उर्दू और इंटर के फल एवं खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा हुई। हाई स्कूल परीक्षा में पंजीकृत 63 के सापेक्ष 57 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 6 छात्रों ने परीक्षा छोड़ दी। इंटर के फल एवं खाद्य संरक्षण विषय की परीक्षा में पंजीकृत 259 के सापेक्ष 246 छात्र उपस्थित तथा 13 बच्चे अनुपस्थित रहे। कन्ट्रोल रूम से कमलेश कुमार गुप्त ने बताया कि जनपद के अधिकांश केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षा समाप्त हुई। दूसरी पाली में इंटर के अंग्रेजी विषय की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन संपन्न हुई। दूसरी पाली में इंटर में पंजीकृत 15775 परीक्षार्थी के सापेक्ष 14919 उपस्थित तथा 856 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के दौरान गठित सातों सचल दस्ता टीम अलग अलग केंद्रों पर भ्रमण करता रहा। ज़िला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने बताया कि बोर्ड परीक्षा पूरे जनपद में शांतिपूर्ण तरीके से सकुशल संपन्न हुई। कहीं से पूरे परीक्षा में कोई शिकायत या अनियमितता नहीं मिली है। परीक्षा सकुशल संपन्न कराने में लगे सचल दस्ता टीम और कंट्रोल रूम के कार्मिकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। परीक्षा प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि 18 मार्च से कापियों का मूल्यांकन होना है, जिसकी तैयारी चल रही है।

मनरेगा मजदूरी बकाया रखना बंधुआ प्रथा, तत्काल हो भुगतान

सोनभद्र। होली पर्व और रमजान के पाक महीने में भी मनरेगा की करोड़ों रुपया मजदूरी बकाया रहने पर ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने गहरी आपत्ति दर्ज की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एआईपीएफ के जिला संयोजक कृपाशंकर पनिका द्वारा भेजे पत्र में कहा कि संविधान के अनुसार काम कराकर मजदूरी का भुगतान न करना बंधुआ प्रथा है और आपराधिक कृत्य है। पत्र में कहा गया कि नीति आयोग के अनुसार सर्वाधिक पिछड़े जनपद सोनभद्र में स्पष्ट आदेश है कि मनरेगा में किसी भी प्रकार का बकाया न रखा जाए। बावजूद महीनों से मजदूरों की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया है। हालत यह है कि म्योरपुर ब्लॉक में ही 5 करोड़ से ज्यादा मजदूरी बकाया पड़ी हुई है। परिणाम स्वरुप मजदूरों के परिवारों के सामने भुखमरी की नौबत आ गई है और वह होली जैसे पावन पर्व को मना नहीं पा रहे हैं। एआईपीएफ नेता ने कहा कि मनरेगा बकाया का जो संकट आज पैदा हुआ है उसका बड़ा कारण मोदी सरकार की नीतियां है। मोदी सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के रोजगार वाले मनरेगा कानून को खत्म करने पर आमादा है। इस साल बजट में सरकार ने मनरेगा में कोई वृद्धि नहीं की और पिछले वित्तीय वर्ष में आवंटित 86000 करोड़ रुपए ही दिए हैं। उन्होंने प्रधानों, जनप्रतिनिधियों, मजदूरों व ग्रामीणों से अपील किया कि वह मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ खड़े हो और चल रहे रोजगार अधिकार अभियान का हिस्सा बनें।

अनियंत्रित बाइक पलटी, तीन हुए घायल, दो गंभीर

सकलडीहा। सकलडीहा कस्बे में पुराने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप मंगलवार की देर शाम चहनियां शादी से घर लौट रहे तीन बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गए। बताया जा रहा है कि निमार्णाधीन फोर लेन सड़क अर्धनिर्मित होने के कारण तेज रफ्तार बाइक हवा में उछलकर 12 फीट दूर जा गिरी। जिससे तीनों को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों का सकलडीहा सीएचसी पर प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। चंदौली के बरिया खुर्जा गांव निवासी सुजीत कुमार 32, रोहित चौहान 35 और बृजेश चौहान 40 तीनों अपने किसी नजदीकी रिश्तेदार के शादी से चहनियां से सकलडीहा होते हुए अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान चंदौली से सकलडीहा होते हुए चहनियां सैदपुर तक फोर लेन सड़क बन रही है। सड़क खोदने और कई जगह गिट्टी गिराये जाने के कारण बाइक सवार अनियंत्रित होकर हवा में उड़ गई और कुछ दूर जाकर गिरने से पलट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक लगभग 12 फीट हवा में उड़ने के बाद कुछ दूर जा गिरी। जिसमें तीनों बाइक सवार काफी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई। मौके पर पहुंचे समाजसेवी मुकुन्द सिंह ने तीनों घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से सकलडीहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया। जहां तीनो का प्राथमिक इलाज के दौरान हालत गंभीर होने पर डॉ बीके प्रसाद ने तीनों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार जिला अस्पताल से इलाज के दौरान हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। वही इस घटना की जानकारी होने पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए, जहां उनका इलाज अभी चल रहा है।

ट्रैक्टर के धक्के से बाइक सवार तीन लोग घायल

डीडीयू नगर। मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री कालोनी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने मंगलवार की देर रात एक बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे बाइक सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद लोगों ने घायल को राजकीय महिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।वही दूसरी तरफ ट्रैक्टर चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। क्षेत्र के सकलडीहा थाना क्षेत्र के मनिहरा निवासी अमरजीत कुमार अपने चचेरे भाई पंकज कुमार के साथ मंगलवार की रात डीडीय स्टेशन पर अपने सगे भाई अमित कुमार को लेने आया था। अमित के आने के बाद तीनों लोग एक ही बाइक से मनिहरा जाने के लिए निकल गए। बाइक से शास्त्री कालोनी पहुंचे, तभी पीछे से आ रही ट्रैक्टर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। इस दौरान अमरजीत को हल्की चोट आई। जबकि अमित और पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों के अनुसार ट्रैक्टर के पीछे नंबर भी नहीं लिखा था। आस-पास के लोगों के सहयोग से घायलों को राजकीय महिला चिकित्सालय ले आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर मालिक ने ट्रैक्टर को दूसरे वाहन से टोचन कर मौके से लेकर फरार हो गए। चिकित्सकों घायलों का प्राथमिक उपचार कर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इस बाबत कोतवाल विजय बहादुर सिंह ने कहा कि ट्रैक्टर ने बाइक सवारों को धक्का मार कर मौके से फरार हो गया। घायलों के तरफ से अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस ट्रैक्टर की तलाश में जुटी है।

सड़क हादसे में एक की मौत, सात घायल

नौगढ़। मध्यप्रदेश में जनपद सीधी के बीना थाना क्षेत्र में मटेहनी गांव के समीप ट्रेलर से धक्का लगने से टैज्क्टर सवार नौगढ थाना क्षेत्र के कमार्बांध गांव निवासी पारस नाथ 40 वर्ष पुत्र शिवधारी की मौत हो गई। वहीं 07 लोग घायल हो गए, जिनका ईलाज जिला चिकित्सालय सीधी मप्र में चल रहा है। कर्मा बांध व अमृतपुर गांव के रहने वाले आधा दर्जन से अधिक की संख्या में मजदूर मध्यप्रदेश के सुरहट में कराए जा रहे सड़क का पीसी कार्य में मजदूरी करने के लिए एक पखवाड़े पूर्व टैज्क्टर से गये थे। होली के त्योहार पर सभी मजदूर टैज्क्टर पर सवार होकर के अपने घर वापस आ रहे थे। अमृतपुर गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता रामभवन ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम हाउस से सुपुर्दगी में लेकर के घर भेजवाए जाने की पहल किया गया है। गंभीर रूप से घायल अमृतपुर गांव निवासी बुल्लू 35 वर्ष व कर्मा बांध गांव के सुनील कुमार 25 वर्ष, रामआसरे 40 वर्ष महेंद्र 20 वर्ष, सुदामा 45 वर्ष, अगनू खरवार 55 वर्ष, सुदर्शन 32 वर्ष का दवा उपचार जिला चिकित्सालय सीधी मध्य प्रदेश में किया जा रहा है।

चौहान बस्ती में सदर ब्लॉक प्रमुख ने किया सड़क का लोकार्पण

सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज विकास खंड के नरैना गांव के चौहान बस्ती में इंटरलाकिंग कार्य का लोकार्पण सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत ने विधि विधान से पूजन अर्चन कर किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ग्रामीण विकास को नई गति देने के लिए प्रतिबद्ध है। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए काम कर रही है। हमारा उद्देश्य लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और युवा विकास को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। महिलाओं और युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं। कहा कि इंटरलाकिंग जैसे कार्य होने से रहवासियों को सहूलियत मिलेगी। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर पेयजल किल्लत को देखते हुए वाटर पम्प लगवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर श्याम धर, प्रिन्स सिंह, उषा देवी, रामलाल, धीरेन्द्र सिंह, हंसराज चौहान, राकेश चौहान, पार्वती देवी, मुन्नी, शांति देवी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

इंटरलॉकिंग सड़क का लोकार्पण करते सदर ब्लॉक प्रमुख

भू-माफिया ने प्राकृतिक नाला किया अवरुद्ध, प्रदर्शन

दबंगई

जिला प्रशासन, नगर पंचायत का आदेश बेअसर

प्रदर्शन करते रहवासी

अनपरा। सदियों से कौवा नाला परिक्षेत्र के पहाड़ी से आने वाले जल को रिहंद में समाहित करने वाले प्राकृतिक नाले पर भू माफिया की नजर पड़ गई है। नगर पंचायत और जिला प्रशासन के फरमान के बावजूद माफिया द्वारा प्राकृतिक नाले को मिट्टी से पाट कर उस पर बाउंड्री वॉल तान लिया गया है। जिसके चलते वहां के सैकड़ो लोगों को गर्मी में अपने घरों में पानी घुसने का अंदेशा अभी से सताने लगा है।

इस संबंध में रहवासियों ने जिलाधिकारी सहित उप जिलाधिकारी दुद्धी के यहां फरियाद की। स्थानीय राजस्व अधिकारियों ने इसे प्राकृतिक नाला मानते हुए कब्जे की बात अपने रिपोर्ट में लगाई, बावजूद इसके साल भर बाद भी प्राकृतिक नाले पर हुआ कब्जा जस का तस बरकरार है। अभी 2 दिन पहले नगर पंचायत के अधिकारी भी मौके पर जाकर जांच किए और इस संबंध में उप जिलाधिकारी दुद्धी को अवगत भी कराया।

बताया गया कि नगर पंचायत अनपरा वार्ड नं-14 के कहुआ माला क्षेत्र के पश्चिम में वहीं के रहवासियों द्वारा 30 वर्षों से मकान बनाकर रहा जा रहा है जहां पर 20 फीट का चौड़ा नाला स्थित है। जिसमें करीब 20 से 50 मकानों के साथ-साथ बारिश के पानी का भी निकासी किया जा रहा था, लेकिन विजय चन्द्रवंशी द्वारा उस भूमि पर कब्जा किया गया। जिसके उपरान्त उनके द्वारा उस नाले को मिट्टी भरकर समतल कर दिया गया और उनके द्वारा किये नये कृत से वहीं के स्थानीय लोगों द्वारा नगर पंचायत कार्यालय एवं अन्य अधिकारियों को शिकायते की गयी जिसके सम्बन्ध में ईओ द्वारा 8 मार्च को जांच की गई।

इस दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि विजय चन्द्रवंशी द्वारा अवैध रूप से नाला को मिट्टी भरकर समतलीकरण कर दिया गया। ईओ द्वारा उन्हें पुनः नाले को अपने प्राकृतिक रूप में करने के लिए आदेशित किया गया लेकिन चंद्रवंशी द्वारा उनके आदेश को ठेंगा दिखा दिया गया। इसके बाद एक पत्र ईओ द्वारा एसडीएम दुद्धि को प्रेषित किया गया और बताया गया कि नाले का प्रवाह रोक देने से स्थानीय लोगों में भयंकर आक्रोश है और अगर जल्द अवैध निर्माण को ध्वस्त नहीं किया गया तो लोग सड़क पर भी उतार सकते हैं। कानून व्यवस्था भी ध्वस्त हो सकता है।

दो लग्जरी कार से साढ़े आठ लाख का गांजा बरामद, सात गिरफ्तार

पकड़े गये आरोपियों को मीडिया से रूबरू कराती सीओ

सोनभद्र। होली पर्व को लेकर मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध चल रहे अभियान के क्रम में जिले की एसओजी /सर्विलांस टीम व चोपन की संयुक्त पुलिस ने दो कार से 42 किलो गांजा, 11 मोबाइल बरामद करते हुए सात अन्तर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। पकड़े गये कार व गांजा की अनुमानित कीमत 30 लाख 40 हजार बतायी जा रही है।

चुर्क पुलिस लाइन सभागार में तस्करों को मीडिया से रूबरू कराते हुए सीओ नगर डा. चारू द्विवेदी ने बताया कि एसओजी/सर्विलांस टीम व चोपन की संयुक्त पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वाराणसी-शक्तिनगर राज्य मार्ग पर बग्धानाला पुल के पहले ओबरा मोड़ के उतराई के पास चेकिंग से बचने के उद्देश्य से छुप कर खड़े दो वाहनों से प्लास्टिक के बंडल में 42 किलो गांजा बरामद कर लिया। जिसकी अनुमानित कीमत आठ लाख 40 हजार रुपये बतायी जा रही है। वहीं धीरेंद्र तिवारी पुत्र कैलाश तिवारी निवासी सलैया थाना कमरजी, सीधी, मप्र, आयुष पांडे पुत्र सुनील कुमार पांडे निवासी बनाई का पूरा जुड़ा पुर जीर बरी भोज, नवाबगंज, प्रयागराज, आकाश शुक्ला पुत्र दिनेश कुमार शुक्ला निवासी बारी सोरांव थाना फाफामऊ, प्रयागराज, बृजेश कुमार पुत्र राम कैलाश निवासी जगदीशपुर मसनी, प्रयागराज, विवेक कुमार तिवारी पुत्र राजकुमार तिवारी निवासी केशवपुर रुधौली, मानिकपुर, कुंडा, प्रतापगढ़, कान्हा त्रिपाठी पुत्र विजय कुमार त्रिपाठी निवासी चंदई का पुरवा थाना बाघराय जनपद कुंडा, प्रतापगढ़ व संयम बागची पुत्र गौरांग बागची निवासी खिजिरपुर अतराम, नवाबगंज, प्रयागराज को गिरफ़्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया गया कि हम लोग उड़ीसा से गांजा लेकर प्रयागराज जा रहे थे। जब हम लोग गांजा लेकर चले हैं तो गांजा वाली गाड़ी रुक-रुक कर चल रही थी और बोलेरो, नियो गाड़ी हमारी गाड़ी से काफी आगे पुलिस का लोकेशन लेकर हम लोगों को बताते हुए चल रहे थे। जिसके अनुसार हम लोग सुरक्षित उनके बताए अनुसार गांजा लेकर चल रहे थे। रास्ते में सड़क किनारे रुक कर लघुशंका कर गाड़ी में बैठकर निकलने वाले थे, कि पकड़े गये।

एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है। टीम में चोपन थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया, नागेश सिंह प्रभारी स्वॉट/सर्विलांस, राम स्वरूप वर्मा, आशीष कुमार पटेल चौकी प्रभारी डाला, सुनील यादव, हरीश चंद्र, हरि सिंह, मुकेश कुमार, प्रकाश सिंह, सतीश सिंह पटेल, अजीत कुमार, प्रेमप्रकाश चौरसिया, जयप्रकाश सरोज, सत्यम पांडेय आदि शामिल रहे।

डाला क्रशर प्लांट में मजदूर की मौत पर न्यायालय सख्त

जनसंदेश न्यूज

सोनभद्र। सीजीएम न्यायालय ने क्रशर मालिक राजेश जायसवाल के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना किये जाने का आदेश दिया है।

पीड़िता फुलवंती ने विकाश शाक्य एडवोकेट के जरिये सीजेएम न्यायालय मे 173(4) बीएनएस मे प्रार्थना प्रस्तुत कर के आरोप लगाई कि राजेश जायसवाल का सोनांचल क्रशर स्टोन प्लांट बिल्ली बाड़ी डाला में है जिसमें उसका पति जगबंधन मजदूरी का काम कर रहा था तभी क्रेशर के बेल्ट में फंसकर जग बंधन की मृत्यु हो गई पुलिस ने इस मामले को सुलह-समझौता करा कर मामले को समाप्त कर दिया था।

परंतु मृतका की पत्नी ने सीजीएम न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर क्रेशर मालिक के खिलाफ आरोप लगाई कि क्रेशर मालिक की लापरवाही से पति का मौत हुई है। न्यायालय मे मृतक की पत्नी ने यह भी आरोप लगायी है कि खतरनाक जगह पर बिना सेफ्टी के मजदूर से कम कराया जा रहा था इसी दौरान यह घटना हुई है।

फुलवंती ने पुलिस अधीक्षक को भी घटना की सूचना दी थी परंतु करवाई वाई नहीं की गई तब न्यायालय मे घटना के सम्बन्ध मुकदमा दर्ज करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। न्यायालय ने पुलिस से रिपोर्ट तलब किया पुलिस के रिपोर्ट और पत्राली पर उपलब्ध साक्ष्य को देखते हुए मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अलोक यादव ने क्रशर मालिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विवेचना किया जाने का आदेश थाना चोपन को दिया है।

...आज बिरज में होली रे रसिया, रंगभरी एकादशी महोत्सव में झूमे लोग

रामजानकी मंदिर परिसर में भजन गाते कलाकार

जनसंदेश न्यूज

भजन संध्या

रंगभरी एकादशी पर भजन संध्या का आयोजन, उड़े अबीर गुलाल

सोनभद्र। रंगभरी एकादशी के उपलक्ष्य में मंगलवार की देर शाम जिला मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में मानस भजन समिति द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया गया। इसके पूर्व मंदिर के पुजारी राजकुमार पांडे ने राम जानकी एवं हनुमान का भव्य श्रृंगार किया।

संध्या कालीन आरती में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। हर हर महादेव, जय श्रीराम, जय हनुमान के जयकारे से मंदिर प्रांगण गुंजायमान हो गया।

भजन संध्या में गायक दिलकश भारती और सुरज गुप्ता ने मैं कैसे होली खेलू री सांवरिया के संग.. हमको मिले बनवारी वो तो मारे पिचकारी, आज बिरज में होली रे रसिया, हरि खेल रहे बृज में होली समेत एक से बढ़कर एक होली गीत और भगवान राम, भोलेनाथ, हनुमान भजनों का गायन किया। जिसे सुनकर वहां पर उपस्थित भक्त मंत्रमुग्ध होकर झूमने लगे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने खूब अबीर गुलाल उड़ाए।

इस मौके पर डूंगरमल अग्रवाल, संतोष चतुर्वेदी, आत्मानंद पांडे, शिवपूजन दुबे, शिवा पांडे, देवानंद सोनी, अजीत शुक्ला, अभिषेक जयसवाल, राहुल केसरी, राजा, केतन, हिमांशु, अंशु मोदनवाल, प्रिंस पटेल, पप्पू चौबे, गोलू गुप्ता, अवधेश कुमार समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

आर्यन्स एकेडमी में होली की धूम, बच्चों ने उड़ाये गुलाल

सोनभद्र। दी आर्यंस एकेडमी विद्यालय प्रांगण में बुधवार को होली का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। बच्चों व अध्यापकों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। बच्चों ने होली खेलकर अपनी खुशी जाहिर की। प्रधानाचार्य चित्रा जालान ने बताया कि होली का त्योहार आपसी भाईचारे व एकता का प्रतीक है। वहीं दूसरी ओर प्रबंध निदेशक विनोद कुमार जालान ने सभी बच्चों को गुलाल लगाकर बधाई देते हुए बताया कि हमको ऑर्गेनिक रंग का ही प्रयोग करना चाहिए। बाजार में तमाम मिलावटी रंग मिल रहे हैं जो स्कीन इन्फेक्शन व अन्य बीमारियों के कारण बन सकते हैं। इस मौके पर निशा चौबे, प्रियंका, नवीन पांडे, अपर्णा, सुल्ताना, प्रतिमा, सुमन, सुषमा, महेश, नितिश, अश्विन मिश्रा, हरिओम पांडे, धन्या, नित्या, आभास, अमन, आराध्या, तृषा, अंशु, आदविक समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

होली मिलन समारोह में अधिवक्ताओं ने उड़ाये अबीर-गुलाल

दुद्धी। स्थानीय कचहरी में बुधवार को रंगारंग होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दुद्धी एवं सिविल बार की अगुवाई में आयोजित समारोह में अधिवक्ताओं ने जमकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाया और गले मिल होली की शुभकामनाएं दी। कई अधिवक्ताओं ने अपनी सुरीली आवाज में फाग व चैता गीत गाकर समारोह में चार चांद लगा दिया। वक्ताओं ने कहा कि होली समरसता का त्योहार है। आपसी गले शिकवे भुलाकर एक दूसरे को प्रेम से जोड़ने वाले इस पर्व का आदि काल से अलग ही महत्व है। भगवान श्रीकृष्ण के धाम मथुरा व ब्रज की होली मशहूर है। इस मौके पर ठंडई व मिष्ठान की सुंदर व्यवस्था का लुत्फ लोग उठाते रहे। अन्त में सभी अधिवक्ता एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिले और बधाई दी। इस मौके पर सिविल बार अध्यक्ष विष्णुकांत तिवारी, न्यायाधीश भागलपुर बिहार विश्वविभूति गुप्ता, एसडीएम निखिल यादव, अश्विनी कुमार, नंदलाल, रामलोचन तिवारी, नागेंद्र श्रीवास्तव, विजय कुमार, रामपाल जौहरी, राकेश श्रीवास्तव, सत्य नरायण, कुलभूषण पांडेय, प्रेमचंद गुप्ता, दिलीप पांडे, राकेश कुमार गुप्ता समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

बीए की छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, मचा कोहराम

कोतवाली पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम की कार्रवाई में जुटी

सकलडीहा सीएचसी पर घटना के बाबत जानकारी लेते कोतवाल हरिनारायण पटेल व अन्य।

सकलडीहा। कोतवाली क्षेत्र के धरहरा गांव में बुधवार को दोपहर में अपने घर की पंखा में बीए की एक छात्रा ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। हादसे के समय घर मे परिवार के अन्य सदस्य नहीं था।

आस-पड़ोस के लोगों ने युवती को सीएचसी सकलडीहा लाया, जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। वही सूचना पर पहुची शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज। मामले की जांच में जुट गई है। बताते हैं कि धरहरा गांव निवासी बिजेंद्र विश्वकर्मा को दो पुत्री अर्चना विश्वकर्मा, आराधना विश्वकर्मा और दो पुत्र आशीष विश्वकर्मा, आयुष विश्वकर्मा है। 23 वर्षीय आराधना विश्वकर्मा बुधवार की दोपहर करीब साढ़े बारह बजे घर मे लगे पंखे पर दुपट्टे के सहारे लटक गई। हादसे के समय परिवार कोई सदस्य नहीं था। आस-पड़ोस का कोई जब मृतक के घर गया तब घटना की जानकारी हुई। पड़ोस के लोगो ने युवती को सकलडीहा सीएचसी पहुचाया। जहां चिकित्सको ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। कोतवाल हरिनारायण पटेल ने बताया कि फांसी लगाने की बात परिजन कह रहे है। हालांकि की मौत कैसे और किस वजह से हुई इसकी जांच की जा रही है।

सकलडीहा अलीनगर तिराहे पर जाम से राहगीर परेशान

सकलडीहा। होली की त्योहार को लेकर कस्बा के अलीनगर तिराहे पर सुबह शाम जाम की समस्या से लोग परेशान रहे। तिराहे के तीनों ओर से वाहनों का तांता लग गया। इसके बाद भी फोरलेन निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था के लोग निर्माण कार्य शुरू कराने को लेकर चुप्पी साधे हुए है। बुधवार को सुबह से लेकर शाम तक कई बार जाम में राहगीरो और वाहन में फसे लोग काफी परेशान दिखे। जाम की समस्या को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ने लगा है। इसके बाद भी स्थानीय पुलिस प्रशासन के लोग अनजान बने रहे। चन्दौली से सैदपुर वाया सकलडीहा में फोरलेन सड़क का निर्माण किया जा रहा है। व्यापारियो व राहगीरो का आरोप है कि निर्माण में लगी कार्यदायी संस्था सकलडीहा में जगह-जगह गड्ढा खोदकर छोड़ दी है। जिससे सड़क सकरा हो गया है। जिससे आए दिन अलीनगर तिराहे पर जाम की स्थिति बनी हुई है। बुधवार को भी ऐसा ही हुआ। तीनो तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। एंबुलेंस सहित वाहन फस गए। जाम ऐसा की पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। वाहनो में फसे ट्रेन पकड़ने वाले यात्री काफी परेशान दिखे। वही एम्बुलेंस में फसे मरीजो के तीमारदार जल्दी जाम खुलने की आस में देखते रहे। इस दौरान उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष दिलीप गुप्पात सहित अन्य व्यापारियों ने कहा कि जल्द कार्यदाई संस्था कस्बा में निर्माण का कार्य पूरा कर देती तो जाम से मुक्ति मिल जाती।

सीबीआई की टीम सबूतों का गट्ठर लेकर लखनऊ रवाना

जनसंदेश न्यूज

पेपर लीक मामला

सीबीआई के जाने से मंडल स्तरीय अधिकारियों ने ली राहत की सांस

डीडीयू नगर। रेलवे के विभागीय प्रमोशन में पेपर लीक मामले की जांच करने आई सीबीआई की टीम बुधवार की भोर में सबूतों का गट्ठर लेकर लखनऊ रवाना हो गई। लगातार छह दिनों तक जांच पड़ताल के बाद बुधवार को टीम के रवाना होने से डीआरएम ऑफिस के मंडल स्तरीय अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

सीबीआई ने रेलवे में विभागीय प्रमोशन में बड़े पैमाने पर लेन देन का खुलासा करते हुए लोको पायलट से चीफ लोको इंस्पेक्टर पद के लिए होने वाली परीक्षा के पहले ही पेपर लीक मामले का खुलासा किया। इस मामले में चार मार्च को वरीय मंडल विद्युत अभियंता परिचालन सुशांत परासर, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी सुरजीत सिंह के साथ लोको पायलट, कार्यालय अधीक्षक सहित 26 लोगों को गिरफ्तार कर लखनऊ ले गई थी।

इस घटना की चर्चा हो ही रही थी कि सात मार्च को एक बार फिर सीबीआई की आठ सदस्यीय टीम धमक पड़ी। टीम डीआरएम ऑफिस के बगल में स्थित गेस्ट हाउस में रुकी। इसके बाद रेलवे प्रशासन से सबूतों को एकत्र करने के लिए अस्थायी कार्यालय की मांग की।

डीआरएम ऑफिस के पहले तल पर एक कमरा मिलने के बाद सीबीआई ने इसे अस्थायी कार्यालय बनाया। पेपर लीक मामले में पकड़े गए आरोपियों के कार्यालय अधीक्षकों से पूछताछ की। यही नहीं आरोपियों के बैंक एकाउंट, मोबाइल कॉल डिटेल सहित अन्य दस्तावेज एकत्र किए।

एक एक बिंदू पर सबूत एकत्र करने के बाद बुधवार की सुबह टीम लखनऊ के लिए रवाना हो गई। बुधवार को मंडल कार्यालय खुले रहे और समय से अधिकारी कर्मचारी पहुंचे लेकिन कार्यालय में सीबीआई टीम के वापस जाने की सूचना पर राहत की सांस ली। हालांकि सीबीआई के वापस जाने के बाद लगभग एक सप्ताह तक हुई कार्रवाई को लेकर चर्चा होती रही।

संक्षेप

उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरित

चंदौली। उज्ज्वला लाभार्थियों में सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट चंदौली में सीधा प्रसारण किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उक्त योजना के बारे में जानकारी दी, जिसे अधिकारियों व लाभार्थियों ने देखा व सुना। तत्पश्चात शासन द्वारा दिये गये दिशा-निदेर्शों के अनुरूप अपर जिलाधिकारी सुरेन्द्र सिंह द्वारा उपस्थित उज्जवला लाभार्थियों को उक्त योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि चंदौली जिले में कुल 1 लाख 97 हजार 521 लाभार्थियों को इस सब्सिडी का लाभ मिलेगा। होली और रमजान से पहले दी गई यह सब्सिडी त्योहारों को सुगमता से मनाने में मददगार साबित होगी। आयोजन के दौरान अपर जिलाधिकारी ने चिन्हित जनपद के कुल 117 उज्ज्वला लाभार्थियों को उज्ज्वला सिलेंडर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित लाभार्थियों को अवगत कराया गया कि उक्त योजना के अन्तर्गत उज्ज्वला लाभार्थियों को निशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी उनके खाते में अंतरित कर दी गयी है। शेष लाभार्थियों द्वारा रिफिल प्राप्त करने के उपरान्त निःशुल्क सिलेंडर रिफिल की सब्सिडी उनके खाते में अंतरित कर दी जायेगी। इस दौरान जिला पूर्ति अधिकारी, लाभार्थी सहित अन्य संबंधित गैस एजेंसी के मालिक उपस्थित रहे।

हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव का हुआ आयोजन

चहनियां। ब्लॉक संसाधन केन्द्र मथेला चहनियां पर बुधवार को हमारे आँगन हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि खंड अधिकारी शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र प्रताप सहाय, अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ चंदौली अजय सिंह और वीरेंद्र सिंह यादव के द्वारा सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ एआरपी मनोज कुमार गुप्ता द्वारा नई शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्र प्रताप सहाय द्वारा बताया कि बाल विकास एवं पुष्टाहार वह बेसिक शिक्षा के मध्य संबंध स्थापित करते हुए 3 से 8 वर्ष के बच्चों को आगामी सत्र के लिए प्रवेश के लिए तैयार करना है तथा इन बच्चों को भाषा व गणित पर विशेष ध्यान दिया जाना है तथा सभी रेडिनेस प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों तथा आंगनवाड़ी, सुपरवाइजारों को दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान अखिलेश श्रीवास्तव, राजीव यादव, हंसराज यादव, चमन यादव आत्मप्रकाश पांडेय, अवधेश मौर्या, अमरनाथ दुबे, प्रेमशंकर आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन आत्मप्रकाश पाण्डेय की किया।

मंत्री के संज्ञान में लेते ही बहाल हुई पेयजल आपूर्ति

सकलडीहा। जल निगम और फोरलेन सड़क निर्माण कराने वाली कार्यदायी संस्था की लापरवाही से सकलडीहा कस्बा में आये दिन पेयजल की समस्या बनी रहती है। बीते चार दिन से चकवाल खराब होने के कारण कस्बा में पेयजल के लिये हाहाकार मचा हुआ था। बुधवार को कस्बावासियों ने मंत्री अनिल राजभर से मिलकर समस्या से अवगत कराया। मंत्री ने तत्काल विभागीय अधिकारियों को फोन करके समस्या दूर कराने का निर्देश दिया। देर शाम तक पेयजल आपूर्ति बहाल होने पर कस्बावासियों ने राहत की सांस लिया। इस दौरान मंत्री ने अधूरा पड़े ट्यूववेल को शुरू कराये जाने का निर्देश दिया। मंत्री ने कस्बावासियों की समस्या को संज्ञान में लेते ही देर शाम तक पेयजल आपूर्ति शुरू होने पर कस्बावासियों ने राहत की सांस लिया। कहा कि होली और रमजान के त्योहार पर पानी की समस्या नही हो। इस मौके पर रतेन्द्र राजभर, अरविंद, विकास, अच्छे, अनूप जायसवाल, सुरेश यादव, सुमित, अभय यादव, मंगल, पंकज, शिव, मनीष चौहान सहित अन्य रहे।

लेखपाल व कानूनगो ने कैंप लगाकर किया अंश निर्धारण

चहनियां। इन दिनों खतौनी में अंश निर्धारण का कार्य चल रहा है। उसी क्रम में बुधवार को पंचायत भवन मारूफपुर में लेखपाल व कानूनगो कैंप लगवाकर अंश निर्धारण किया। इस दौरान गांव के किसान जुटे रहे। अंश निर्धारण के लिये उपस्थित लेखपाल दीपराज पंकज ने बताया कि शासन की मंशा के अनुसार एसडीएम व तहसीलदार सकलडीहा के निर्देश पर गांव की भूमिधरी का अंश निर्धारण किया जा रहा है। जिसमें एक ही आराजी नंबर में नामांकित कई काश्तकारों के नाम होने पर क्रय विक्रम या अन्य किसी विधिक कार्य के लिये कोई दिक्कत न आये इसके लिये अंश का निर्धारण होना अति आवश्यक है। राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश ने कहा कि अंश निर्धारण कार्य के लिये ग्रामीणों को जागरूक होना जरुरी है। प्रत्येक काश्तकार सक्रिय होकर अपना अंश निर्धारण करा लें ताकि गलती होने की गुंजाइश कम हो। इस दौरान गांव के पूर्व प्रधान वकील राम शर्मा, दुर्गेश पाण्डेय, रामआश्रय मिश्रा, नन्दलाल सिंह, कमलेश यादव, अमित मिश्रा, रामकरन यादव, जयदीप यादव, राधेश्याम यादव, ओमप्रकाश यादव, श्रीप्रताप गौड, जीतेन्द्र यादव, यदुनन्दन यादव, मोती लाल यादव, योगेश यादव सहित सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।

18 लीटर अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

इलिया। खजरा गांव के समीप से बुधवार को पुलिस ने 90 पाउच ब्लू लाइम देसी शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस खजरा गांव के समीप चेकिंग कर रहे थे। तभी बोरे में लेकर बिहार की तरफ जाते दो ब्यक्ति दिखाई दिया। उसे रोककर तलाशी ली गई तो बोरे में 90 पाउच अवैध देशी शराब बरामद हुआ। थानाध्यक्ष प्रियंका सिंह ने बताया कि पकड़ा गया व्यक्ति सुनील कुमार चांद थाना के केशरी गांव और संजय कुमार गांव अइलाय थाना चांद जो बिहार में बेचने हेतु शराब ले जा रहा था। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

डीपीआरओ में तीन सफाई कर्मियों को किया निलंबित

कार्रवाई

सचिवालय का कंप्यूटर प्रधान के घर में रख सफाई कर्मी

चंदौली। जिला पंचायत राज अधिकारी नीरज कुमार सिन्हा ने लापरवाही पर मंगलवार को तीन सफाईकर्मियों को निलंबित कर दिया। दो सफाईकर्मी उच्चाधिकारियों के निर्देश के बावजूद गांवों में सफाई करने की बजाए लापता थे। वहीं सहायक विकास अधिकारी कार्यालय से संबद्ध खर्रा गांव में कार्यरत सफाई कर्मी की घोर लापरवाही सामने आई। सचिवालय का कंप्यूटर प्रधान के घर में रख दिया, वहीं से भुगतान समेत अन्य काम किए जा रहे थे। गंभीर लापरवाही पर कार्रवाई की गई।

चहनियां ब्लॉक के शेरपुर सरैया की ग्राम प्रधान कमला देवी ने बताया कि सफाईकर्मी राजेश सोनकर उनकी ग्रापं के राजस्व ग्राम शेरपुर और रमेश कुमार राजस्व गांव भुसौला में कार्यरत हैं। दोनों गांवों में सफाई करने की बजाय उपस्थिति लगाकर गायब हो जाते हैं। उनके न रहने पर अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। शिकायत के बाद सफाईकर्मी रमेश कुमार को गांव में सफाई के निर्देश दिए गए थे। हालांकि उनके द्वारा उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना की गई। इस पर उन्हें निलंबित कर दिया गया। इसी तरह राजेश सोनकर को भी उच्चाधिकारियों के आदेश की अवहेलना के आरोप में निलंबित कर दिया गया। वहीं राजस्व गांव खर्रा में कार्यरत और सहायक विकास अधिकारी कार्यालय से संबद्ध सफाईकर्मी सर्वजीत कुमार पर गंभीर आरोप लगे हैं। स्वच्छ भारत मिशन के जिला कंसल्टेंट मनोज कुमार श्रीवास्तव ने ग्रापं का निरीक्षण किया था। उस दौरान पता चला कि कंप्यूटर सचिवालय की बजाय प्रधान के घर में रखा है। सफाईकर्मी वहीं से भुगतान आदि अन्य कार्य करते हैं। घोर लापरवाही पर सर्वजीत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया।

भारत के बौद्धों को सौंपा जाए महाबोधि महाविहार

बोले शैलेंद्र कुमार

महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट-1949 को रद्द करने की मांग

जनसंदेश न्यूज

बिछियां धरनास्थल से पैदल मार्च करते भीम आर्मी के पदाधिकारी।

चंदौली। महाबोधि महाविहार पूर्ण रूप से बौद्ध के हाथ सौंपने की मांग को लेकर भीम आर्मी समेत कई संगठनों ने बुधवार को बिछियां धरनास्थल से पैदल मार्च निकाला और कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारी को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा और महाबोधि महाविहार टेंपल ऐक्ट-1949 तत्काल रद्द कर नए कानून बनाने की मांग की। साथ ही उक्त पवित्र बौद्ध स्थल को भारत के बुद्धों के हवाले करने की आवश्यकता जताई।

इस दौरान भीम आर्मी जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार ने कहा कि महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट-1949 के तहत पांच सदस्य गैर बौद्ध रखना खुले तौर पर बौद्ध धर्म का अपमान है। इसके अलावा शैववादी महंत, ब्राह्मण को समिति में रखना भी बौद्ध धर्म का अपमान है। क्योंकि आदि शंकराचार्य द्वारा बौद्ध धर्म के खिलाफ हिंसा कराया गया था। उन्हीं ब्राह्मणों का महाबोधि पर कब्जा कराना न्यायसंगत नहीं है। आरोप लगाया कि पवित्र महाबोधि महाविहार के बरामदे में एक कमरे में शिवलिंग को स्थापित कर इस अंतर्राष्ट्रीय धरोहर को हड़पना चाहते हैं। बोधगया केवल बिहार या भारत का ही नहीं, बल्कि विश्व का गौरव है। बोधगया विश्व धरोहर है।

इस पवित्र स्थल पर मनुवादियों द्वारा कब्जा किया जा रहा है इसकी वजह से महाबोधि महाविहार टेंपल एक्ट है। चेताया कि यदि सरकार ने हमारी मांगे नहीं मनी तो इसके विरोध में उग्र आंदोलन पूरे देश भर में होगा। ऐसे में कानून-व्यवस्था बिगड़ती है तो इसके लिए सीधे तौर पर सरकार स्वयं जिम्मेदार होगी। महाबोधि महाविहार को आजाद करने के लिए तथा उक्त पावन स्थल को बौद्धों के हवाले करने के लिए आने वाले समय में बड़ा आंदोलन होगा। इस अवसर पर नन्दन कुमार, कोमल राव, अभिषेक चौधरी, उत्तम कुमार, भानू प्रताप, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

जीवन में उत्साह, उमंग व खुशियां लेकर आते हैं त्योहार

बोले अमरेंद्र

होली मिलन समारोह में जमकर थिरके अधिवक्ता एक-दूजे को दी बधाई

चंदौली कचहरी में होली मिलन समारोह में रंगों से सराबोर अधिवक्ता।

चंदौली। डिस्ट्रिक्ट डेमोक्रेटिक बार एसोसिएशन की ओर से बुधवार को कचहरी परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर त्यौहार की खुशियां साझा की और मुबारकबाद दी। साथ ही होली त्यौहार की महत्ता पर प्रकाश डाला और होली की गीतों पर जमकर थिरके।

इस दौरान अध्यक्ष अमरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि त्योहार मानव जीवन में उत्साह, उमंग व खुशियां लेकर आते हैं। ऐसे पावन अवसर पर हम सभी को अपने गिले-सिकवे भुलाकर मिलजुलकर हर्षोल्लास के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाना चाहिए। इस दौरान चंदौली कचहरी में अधिवक्ता रंगों से सराबोर नजर आए। साथ ही एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर गले मिला और त्यौहार की खुशियां साझा की।

अधिवक्ताओं की टोली ने पूरे कचहरी का भ्रमण कर साथी अधिवक्ताओं को अबीर गुलाल लगाया और होली की गीत भी गाए और जमकर थिरके भी। कहा कि अधिवक्ता समाज एक परिवार है और इस परिवार की एकता व मजबूती को बनाए रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। अधिवक्ता हित हम सभी के लिए सर्वोपरि है और बीते कुछ सालों में जिस तरह से अधिवक्ताओं ने अपने हितों के साथ ही आमजन के हितों के लिए सड़क पर उतरकर संगठित होकर संघर्ष किया, उसे सदैव याद रखा जाएगा।

हम सभी को इस परम्परा को मिलकर आगे बढ़ाना होगा। इस अवसर पर अनिल कुमार सिंह, संतोष सिंह, झन्मेजय सिंह, विद्याचरण सिंह, आनन्द कुमार सिंह, मोहम्मद अकरम, सुल्तान अहमद, शमशुद्दीन, लालप्यारे श्रीवास्तव, राज बहादुर सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन महामंत्री राघवेंद्र सिंह ने किया।

जनपद में 1670 स्थान पर जलेगी होलिका पुलिस प्रशासन अलर्ट

चंदौली। होली के पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन अलर्ट हैं। इस बार पुलिस ने होलिका दहन के लिए 1670 स्थानों को चिन्हित किया गया हैं। वहीं पुलिस प्रशासन की ओर से संवेदनशील और अतिसंवेदनशील होलिका को चिह्नित किया गया है, जहां पर विशेष व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया है, ताकि होली पर्व पर किसी प्रकार की कोई अपनी घटना ना होने पाए। अबकी बार जिले में 1670 होलिका की स्थापना हुई है। जिला प्रशासन की ओर से 64 संवेदनशील व 25 अतिसंवेदनशील होलिका को चिह्नित किया गया है। इसे लेकर सुरक्षा के लिए पुलिस बल के साथ पीएसी बलों की भी तैनाती की जाएगी। विभागीय अधिकारियों की माने तो इसे लेकर सभी थानों में बैठक के साथ-साथ पैदल गस्त भी कर लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में त्यौहार मनाने का आह्वान किया है। साथ ही ग्रापं में बनाई गई समिति के सदस्यों को निर्देशित किया गया है। अपने-अपने क्षेत्र में शांति कायम रखने के लिए प्रयास करें। वहीं थानों पर बैठक करके संभ्रांत नागरिकों को निर्देश दिया कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा।

गौसिया मस्जिद में तरावीह मुकम्मल, मांगी अमन की दुआ

मुस्लिम महाल के गौसिया मस्जिद में ईमाम से गले मिलते मुस्लिम बंधु।

डीडीयू नगर। नगर के मुस्लिम महाल स्थित गौसिया मस्जिद में चांद के 11वॉ दिन रमजान के 10वॉ दिन तरावीह की नमाज रखा गया था। जोकि मंगलवार की रात्रि में बाद नमाज ईशा वाराणसी से आये हाफिज जमाल अहमद साहब ने मुक्कमल कराये।

नमाज के बाद गौसिया मस्जिद के इमाम हाजी फकीहउद्दीन साहब ने अपनी तकरीर में कहा कि रमजान माह में तरावीह में कम से कम एक कुरान सुनी जाती है। यह दो-दो रकात करके पढ़ी जाती है। हर चार रकात के बाद थोड़े वक्फे के लिए रुका जाता है और दुआ मांगी जाती है। उन्होंने कहा की इस्लाम में बहुत ही सहूलियत है। लोगों ने इसे मुश्किल बना दिया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों को इस्लाम के बताए हुए रास्ते पर चलना चाहिए। इस रास्ते में झूठ, जीना, कत्ल का कोई स्थान नही है। अंत में देश में अमन-चौन के लिए लोगों ने एक साथ हाथ उठाकर अल्लाह से दुआ मांगी। तत्पश्चात तबरुख वितरण किया गया। इस दौरान मस्जिद कमेटी के साथ-साथ मुहल्ले के आवाम मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 40 जोड़ों ने लिए सात फेरे

नियामताबाद। विकास खंड परिसर नियामताबाद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान विधि विधान व मंत्रोच्चार के साथ 40 जोड़ों का विवाह और एक जोड़े का निकाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल व विशिष्ट अतिथि कमला यादव उपस्थित रही। सभी लाभार्थियों को विधायक रमेश जायसवाल व खंड विकास अधिकारी शरद चंद्र शुक्ला द्वारा प्रमाण पत्र सौंपा गया।

मुख्य अतिथि मुगलसराय विधायक रमेश जायसवाल ने कहा कि सभी का सपना होता है कि बेटी का विवाह धूमधाम से किया जाए पर आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों की शादी में खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है बेटियां जब बड़ी होती है तो परिवार को शादी की चिंताएं सताने लगती है पर प्रदेश सरकार पारदर्शिता के साथ सामूहिक शादी का आयोजन कर ऐसे गरीब असहाय परिवारों की मदद करती है। खण्ड विकास अधिकारी शरद चंद्र शुक्ला ने कहा कि विकास खंड परिसर में 40 जोड़ों का विवाह और एक जोड़े का निकाह संपन्न कराया गया। लाभार्थियों को 35 हजार बैंक खाते में भेज कर सीधे लाभ पहुंचाया जा रहा है बाकी 10 हजार का उपहार दिया जा रहा है और शेष 6 हजार व्यवस्थाओं में लगाया जा रहा है। मौके पर लेखाकार अभिमन्यु कुमार, एडीओ समाज कल्याण प्रिया, ग्राम विकास अधिकारी गणेश, अशोक कुमार, प्रमोद, बिनोद, उर्वशी, गौरी प्रधान, राजू, संजय, दीनदयाल, कमलेश आदि लोग उपस्थित रहे।

चहनियां में 42 व शहाबगंज में 35 परिणय सूत्र में बंधे वर-वधू

चहनियां/शहाबगंज। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह कार्यक्रम योजना अंतर्गत खण्ड विकास कार्यालय चहनिया ब्लाक मुख्यालय परिसर में बुधवार को 42 युगल जोड़े दामपत्य सूत्र बन्धन मे बंधे। जिससे ठोल नगाड़े बैंड बाजे कि गुज व मंत्रोच्चार के बीच वर-वधु ने अग्निकुंड को साक्षी मानकर एक साथ जीने की कसम खाई। मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार जायसवाल नव विवाहितों को प्रमाण पत्र व आशीर्वाद प्रदान करते हुए कहा कि आप ने सात फेरे लेकर जो जीवन भर साथ रहने का संकल्प लिया है उसे मन से निभाएं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सरकारी खर्च कराया जा रहा है। जिससे उनके परिवारों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ता। खंड विकास अधिकारी प्रकाश प्रसाद ने वर वधू प्रगति पथ पर बढ़ने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष सर्वेश कुशवाहा, मनोज कुशवाहा, संकठा राजभर, ग्राम प्रधान सावित्री गुप्ता, ग्राम पंचायत अधिकारी आनंद यादव, जागृति यादव आशुतोष सिंह, मनोज कुमार, ग्रामीण अभियंता विरेन्द्र कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार, सुमित नन्दन, सौरभ सिंह यादव, सतिश गुप्ता, रामअवतार चौहान आदि लोग मौजूद रहे। संचालन तकनीकी सहायक दीनानाथ यादव ने किया। शहाबगंज। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विकास खण्ड परिसर में बुधवार को 35 जोड़ों का विवाह पारम्परिक रीति-रिवाज व मंत्रोच्चारण के साथ को संपन्न हुआ। सामूहिक शादी समारोह विधायक कैलाश आचार्य, ब्लाक प्रमुख गीता देवी, खण्ड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने नवविवाहित जोड़ों को खुशहाल दांपत्य जीवन का आशीर्वाद व उपहार दिया और नव दाम्पत्य जीवन की उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विधायक कैलाश आचार्य ने कहा कि प्रदेश के गरीब व्यक्ति जो आर्थिक रूप से कमजोर है। उनकी बेटी की शादी के लिए दूसरों के सामने हाथ फैलाना नहीं पडेगा। इस अवसर पर राकेश सिंह, अजय सिंह, एकाउंटेंट प्रेम प्रकाश आर्या, एडीओ समाज कल्याण सुरेन्द्र कुमार विन्द, मुन्ना भाष्कर, सजाउद्दीन, आजाद राम, राधा कृष्ण मालवीय, राजेन्द्र भारती, सिरताज अंसारी, सीतांजली शर्मा, रविन्द्र कुमार, अखिलेश सोनकर, राकेश कुमार आदि उपस्थित थे।

परिणय सूत्र में बंधे 30 वर-वधू

नौगढ़। मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजनान्तर्गत कार्यक्रम में बुधवार को ब्लाक सभागार में कुल 30 जोड़ो का विवाह धार्मिक रीति रिवाजों के अनुरूप कराया गया। सभी पंजीकृत जोड़ों को योजना के अनुरूप बैंक खाते में नगद धनराशि व आवश्यक सामग्री प्रदान कर के लाभान्वित किया गया। मौजूद विकास विभाग के अधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने सभी नव विवाहित जोड़ों को आशिर्वाद देकर उज्जवल भविष्य की कामना किया। मौके पर खण्ड विकास अधिकारी अमित कुमार ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सुजीत कुमार सहित क्षेत्र के प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व गांववासी मौजूद रहे।

सकलडीहा ब्लॉक मुख्यालय पर 71 बेटियों की हुई शादी

सकलडीहा। सकलडीहा ब्लॉक मुख्यालय पर बुधवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह के नेतृत्व में सामुहिक विवाह में 68 जोड़ा हिंदू और तीन मुस्लिम समाज की बेटियों का हाथ पीला कराया गया। इस मौके पर विधि विधान से मंडप में हवन पूजन और सात फेरे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। 71 जोड़ों की शादी विधि विधान से विद्वान पंडित और मौलवी ने कराया। मौके पर बीडीओ विजय सिंह, एडीओ पंचायत बजंरगी पांडेय, एडीओ आईएसबी हवलदार यादव, सचिव पवन दूबे, शशीकांत, अरविंद गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष प्रधान संघ जेपी चौहान, अश्वनी श्रीवास्तव, एडीओ समाज कल्याण आशीष गुप्ता, जेई विनोद मिश्रा सचिव संजय यादव सहित अन्य रहे।

चार महीने के अंदर 142 गरीब बेटियों की हुई शादी

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत सकलडीहा ब्लॉक प्रशासन की कवायद से दिसम्बर से लेकर मार्च तक कुल 142 गरीब बेटियों की शादी कराया गया। बीते 14 दिसम्बर को 34 युवती की शादी कराया गया था। इसके बाद 27 जनवरी को 37 युवती का हाथ पीला कराया गया। मार्च में 71 गरीब बेटियों की शादी धूमधाम से शासन की योजनाओं के साथ किया गया।

स्पोर्ट्स

इंडियन वेल्स में बीएनपी परिबास ओपन टेनिस में खेलती हुई चेक गणराज्य की केरोलिना मुचोवा।

शुभमन गिल आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ, तीसरी बार अवॉर्ड हासिल किया

दुबई। भारतीय ओपनर शुभमन गिल को आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का अवॉर्ड मिला है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पीछे छोड़कर यह अवॉर्ड हासिल किया। गिल का यह तीसरा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड है, इससे पहले 2023 में उन्होंने जनवरी और सितंबर में इसे जीता था। भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज

ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ को पीछे छोड़ा

शुभमन गिल को लगातार अच्छे प्रदर्शन का लाभ मिला है। इसी कारण शुभमन को फरवरी महीने का आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड मिला है। शुभमन के अलावा ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स भी इस पुरस्कार की दौड़ में शामिल थे। गिल को ये पुरस्कार तीसरी बार मिला है। इससे पहले उन्हें 2023 में दो बार जनवरी और सितंबर में यह पुरस्कार मिला था। शुभमन ने कहा, मैं फरवरी के लिए पुरस्कार जीतकर बहुत खुश हूं।

बल्लेबाजी करके और अपने देश के लिए मैच जीतकर मुझे इससे अधिक प्रेरणा कुछ नहीं देता। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की तैयारी बहुत अहम थी और मुझे खुशी है कि मैं इसका पूरा लाभ उठा पाया। व्यक्तिगत रूप से और एक इकाई के रूप में हमारे लिए यह साल एक शानदार शुरूआत रही है। मैं आने वाले एक बेहतर खेल की उम्मीद कर रहा हूं और भारत के लिए कई और मैच जीतने का प्रयास करुंगा।

शुभमन ने फरवरी महीने के दौरान सिर्फ पांच एकदिवसीय मैचों में 406 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 101.50 और स्ट्राइक रेट 94.19 रहा। इसमें इंग्लैंड के खिलाफ 3-0 की सीरीज जीत में उनका शानदार प्रदर्शन भी शामिल है, जहां उन्होंने लगातार तीन बार पचास से ज्यादा का स्कोर बनाया। इस बल्लेबाज ने नागपुर में 87 रनों की शानदार पारी खेली, उसके बाद कटक में 60 रनों की पारी खेली और अहमदाबाद में 102 गेंदों पर 112 रनों की शानदार पारी खेलकर सीरीज का अंत किया। अपनी इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला।

आईसीसी वनडे रैंकिंग में रोहित शर्मा नंबर-3 बल्लेबाज बने

शुभमन पहले नंबर पर कायम, गेंदबाजी में जडेजा की टॉप-10 में एंट्री, कुलदीप तीसरे स्थान पर

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर पहुंच गए हैं जबकि भारत के ही शुभमन गिल शीर्ष पर बने हुए हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में 76 रन की पारी खेली थी इससे उन्हें दो स्थानों का लाभ मिला है। वहीं टूनामेंट में 218 रन बनाने वाले अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली पांचवें स्थान पर हैं। वहीं उपन्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को भी रैंकिंग में लाभ मिला है। डेरिल मिशेल एक स्थान के लाभ के साथ ही छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि रचिन रविंद्र 14 पायदान की छलांग लागाकर 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। ग्लेन फिलिप्स भी छह पायदान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर पहुंच गए हैं। कप्तान मिशेल सेंटनर को टूनार्मेंट में नौ विकेट लेने के कारण छह स्थान का लाभ मिला है वह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। वह गेंदबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं माइकल ब्रेसवेल 10 पायदान ऊपर चढ़कर 18वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय स्पिनरों कुलदीप यादव और रवींद्र जडेजा की रैंकिंग भी बेहतर हुई है। किया है। कुलदीप तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि जडेजा पांच विकेट लेने के बाद 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

संक्षेप

आईसीसी रैंकिंग में भारत की मंधाना और दीप्ति शीर्ष दस में शामिल

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटट परिषद (आईसीसी) ताज एकदिवसीय रैंकिंग में दो भारतीय महिला क्रिकेटरों को शीर्ष दस में जगह मिली है। बल्लेबाजी रैंकिंग में स्मति मंधाना दूसरे नंबर पर जबकि ऑलराउंडरों की रैंकिंग में दीप्ति शर्मा पांचवें स्थान पर हैं। दीप्ति ने रैंकिंग में न्यूजीलैंड की अमेलिया केर को पीछे छोड़ा है। दीप्ति 344 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं जबकि ऑस्ट्रेलिया की एश्लेग गार्डनर पहले स्थान पर बरकरार है। वहीं श्रीलंका की शीर्ष ऑलराउंडर चामरी अटापट्टू न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के बाद दो स्थान के लाभ से ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड के साथ संयुक्त रूप से सातवें स्थान पर है। न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ सीरीज 2-0 से जीती थी जिसमें अटापट्टू ने 25 रन बनाने के अलावा तीन विकेट लिए थे। वहीं एकदिवसीय बल्लेबाजी रैंकिंग में मंधाना शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय हैं। वह दक्षिण अफ्रीका की लॉरा वोलवार्ट के साथ दूसरे स्थान पर हैं। नैट स्किवर ब्रंट तीसरे स्थान पर हैं। उन्होंने अटापट्टू को पीछे छोड़ा।

आईपीए की तैयारियों के लिए कोलकाता पहुंची केकेआर

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम 22 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की तैयारियों के लिए कोलकाता पहुंच गयी है। टीम को यहां 12 मार्च से ईडन गार्डन्स में एक अभ्यास सत्र में भाग लेना है। इस कैंप से टीम को तैयारी का अंतिम अवसर मिलेगा। इस प्री-सीजन कैंप में नए कप्तान और मजबूत कोचिंग स्टाफ के नेतृत्व में रणनीति को बेहतर बनाने और टीम के तालमेल को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा।
इस बार मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित, सहायक कोच ओटिस गिब्सन और टीम मेंटर डवेन ब्रावो के मार्गदर्शन में टीम आईपीएल नये उत्साह से उतरेगी। गत विजेता टीम 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में टूनार्मेंट के उद्घाटन मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला करेगी। केकेआर ने आईपीएल फाइनल में चार बार भाग लिया है, जिसमें से तीन बार (2012, 2014, 2024) चैंपियनशिप जीती है। वह 2021 सत्र में उपविजेता रही थी। केकेआर ने इस सत्र के जिए जहां अजिंक्य रहाणे को कप्तान बनाया है। वहीं आरसीबी ने रजत पाटीदार को कप्तानी सौंपी है।

शादाब की टीम में वापसी पर भड़के अफरीदी

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने ऑलराउंडर शादाब खान की टीम में वापसी पर नाराजगी जतायी है। अफरीदी ने कहा कि इस प्रकार के फैसलों से ही टीम इतनी खराब हालत होग गयी है। इससे पहले पाक चयन समिति ने न्यूजीलैंड दौरे के लिए सलमान अली आगा के रूप में नया टी20 कप्तान नियुक्त किया था। अफरीदी ने कहा, किस आधार पर शादाब को वापस बुलाया गया है। घरेलू क्रिकेट में उसका प्रदर्शन कैसा रहा है सभी ने देखा है फिर भी उसे टीम में रखा गया है। साथ ही कहा कि जब तक इस प्रकार से फैसले लिएस जाएंगे टीम बदतर होती जाएगी। अफरीदी ने कहा, ह्यह्यहम हमेशा तैयारियों की बात करते हैं और जब कोई प्रतियोगिता आती है और हम नाकाम रहते हैं तो हम इसका इलाज करने की बात करते हैं। सच्चाई यह है कि गलत फैसलों की वजह से ही पाक क्रिकेट अंतिम सांसे ले रहा है। पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि जब भी कोई नया अध्यक्ष कार्यभार संभालता है तो वह आकर सब कुछ बदल देता है। अफरीदी ने सवाल किया, बोर्ड के फैसलों और नीतियों में कोई निरंतरता या एकरूपता नहीं है। हम कप्तान, कोच या कुछ खिलाड़ी बदलते रहते हैं पर बोर्ड अधिकारियों की जवाबदेही तय नहीं की जाती।

रोहित एकदिवसीय विश्वकप जीतने संन्यास नहीं ले रहे : पोटिंग

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा के चैम्पियंस ट्रॉली में जीत के बाद संन्यास लेने की अटकलें लगायी जा रहीं थीं पर जीत के बाद रोहित ने साफ कर दिया कि अभी वह संन्यास नहीं ले रहे। इसी को लेकर अब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिक्की पोटिंग ने कहा है कि रोहित इसलिए संन्यास नहीं ले रहे क्योंकि उनका लक्ष्य एकदिवसीय विश्वकप जीतना है। पिछले साल उनकी कप्तानी में टीम ने टी20 विश्वकप वहीं अब चैम्पियंस ट्रॉफी जीती है। पोटिंग के अनुसार रोहित 37 के हैं और ऐसे में जानते हैं कि उनको कब रिटायर होना है। उन्होंने कहा, जब आप अपने करियर की उस जगह पर पहुंचने लगते हैं, तो हर कोई आपके रिटायर होने का इंतजार कर रहा होता है। मुझे नहीं पता कि क्यों, जब आप अभी भी उतना ही अच्छा खेल सकते हैं, जितना उन्होंने फाइनल में खेला है, मुझे लगता है कि वह बस उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अभी भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम की कप्तानी करना पसंद है। पोंटिंग ने साथ ही कहा, और मुझे लगता है कि उन्होंने जो कहा, उसका मतलब है कि उनके मन में अगले 50 ओवर विश्व कप 2027 में खेलने का लक्ष्य अवश्य होगा। पोंटिंग का मानना ??है कि रोहित के दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में होने वाले 2027 पुरुष क्रिकेट विश्व कप तक कप्तान बने रहने के फैसले के पीछे टीम के लिए एकदिवसीय विश्वप जीतना है। ये इसलिए क्योंकि पिछली बार 2023 विश्वकप में उनकी कप्तानी में टीम लगातार 10 मैच जीतने के बाद फाइनल में खिताब नहीं जीत पायी थी।

राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान बनने से इंकार किया

मुम्बई। अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल फेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स का कप्तान नहीं बनना चाहते है। राहुल ने इसी कारण उन्हें मिले कप्तानी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार राहुल एक खिलाड़ी के तौर पर ही उतरना चाहते हैं। राहुल ने इससे पहले पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जायंट्स की कप्तानी भी की थी। राहुल को आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी में दिल्ली फ्रेंचाइजी ने 14 करोड़ रुपये में खरीदा था। राहुल के कप्तानी स्वीकार करने से इंकार के बाद अब दिल्ली कैपिटल्स की टीम ऑलराउंडर अक्षर पटेल को नया कप्तान बना सकती है। अक्षर 2019 सीजन से ही दिल्ली कैपिटल्स में रहे हैं। उन्हें आईपीएल 2025 की मेगा ऑक्शन से पहले टीम ने 18 करोड़ रुपये में रिटेन किया था। अक्षर ने आईपीएल 2024 सीजन में एक मैच के लिए दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी की है। तब ऋषभ पंत को अधिक वजन होने के कारण मैच खेलने की अनुमति नहीं मिल थी। अक्षर ने अब तक 150 आईपीएल मैच खेलकर उन्होंने 1653 रन बनाए हैं, साथ ही 123 विकेट भी लिए हैं। उन्होंने आईपीएल में 2014 सीजन में पंजाब किंग्स के लिए डेब्यू किया था और 2019 में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हुए थे।

स्वितोलिना सहित तीन खिलाड़ी इंडियन वेल्स के क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं

इंडियन वेल्स। यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना, रुस की मीरा एंड्रीवा और पोलैंड की इगा स्वीटेक बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयी हैं। स्वितोलिना ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी। स्वितोलिना अंतिम 15 गेम में से 12 गेम जीतकर अपने 21वें डब्ल्यूटीए 1000 क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है।

स्वितोलिना और पेगुला के बीच मुकाबले के दौरान तीसरे सेट के पहले गेम के बाद बारिश से भी बाधा आई। इसके बाद भी स्वितोलिना ने पीछे मुड़कर नहीं देखा और मुकाबला अपने नाम किया। स्वितोलिना का सामना अब एंड्रीवा से होगा। एंड्रीवा ने एक अन्य मैच में एलेना रिबाकिना को 6-1, 6-2 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी है। एंड्रीवा 2007 के बाद से ही शीर्ष 10 में पहुंचने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनी हैं। वहीं एक अन्य मुकाकाबले में स्वीयाटेक ने 15वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिन मुचोवा को

6-1, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। स्वीयाटेक तीन दौर में केवल छह गेम हारी हैं। स्वीयाटेक तीन इंडियन वेल्स ओपन खिताब जीतने वाली पहली महिला बनने की ओर अग्रसर है। वह 1991 में मार्टिना नवरातिलोवा के बाद से यहां अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने वाली पहली खिलाड़ी बन सकती हैं।

150 वीं सालगिरह पर होगा एमसीजी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड का मुकाबला

सिडनी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर आज से ठीक दो साल बाद 11 मार्च 2027 को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एक महामुकाबला होगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की टीमें इस अवसर पर 11 से 15 मार्च 2027 तक एमसीजी में दिन-रात का एक टेस्ट मैच गुलाबी गेंद से खेलेंगी। सीए ने कहा है कि यह ऐतिहासिक मैच एमसीजी में दोनों टीमों के बीच होने वाला पहला दिन-रात का टेस्ट मैच होगा। इस ऐतिहासिक स्टेडियम में ही साल 1877 में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट मैच खेला गया था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में शताब्दी टेस्ट मैच भी एमसीजी पर ही हुआ था। तब ऑस्ट्रेलिया ने इन दोनों मैच में 45 रन से जीत हासिल की थी। सीए के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, एमसीजी में टेस्ट क्रिकेट की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक बड़े मैच का आयोजन किया।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर सैयद आबिद अली का निधन, 34 मैच खेले

397 विकेट लिए

नई दिल्ली। भारत के पूर्व क्रिकेटर सैयद आबिद अली का बुधवार को अमेरिका में निधन हो गया। वे 83 साल के थे। सैयद ने 34 मैचों में भारत को रिप्रजेंट किया था। 9 सितंबर 1941 को हैदराबाद में सैयद का जन्म हुआ था। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 397 विकेट लिए। सैयद ने दिसंबर 1967 एडिलेड में भारत के लिए डेब्यू किया था। उन्होंने अपने पहले मैच में ही 6 विकेट लिए थे, जो उनके करियर का बेस्ट प्रदर्शन था। उन्होंने सिडनी में 78 और 81 रन की पारी भी खेली थी। सैयद ने 1974 तक टेस्ट क्रिकेट खेला। उन्होंने इस फॉर्मेट में 47 विकेट और 1018 रन अपने नाम किए। आबिद अली ने 1967-68 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना टेस्ट डेब्यू किया था। ब्रिसबेन में खेले गए मैच में उन्होंने 55 रन देकर 6 विकेट लिए थे। हैदराबाद के इस खिलाड़ी को 'चिच्चा' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने मालदीव और वअए की क्रिकेट टीम सहित आंध्रप्रदेश रणजी टीमों को कोचिंग भी दी। सैयद को विकेटों के बीच अपनी तेज दौड़ के लिए जाना जाता था। वे हैदराबाद के फतेह मैदान, (जिसे अब लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम के नाम से जाना जाता है) में रोलर पर पानी डालते थे और उस पर बॉल उछालकर कैच पकड़ने की प्रैक्टिस करते थे।

हार्दिक पांड्या मुंबई इंडियंस टीम से जुड़े

मुंबई। चैम्पियंस ट्रॉफी से लौटने के बाद ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या 22 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए अपनी टीम

मुंबई इंडियंस से जुड़ गये हैं। पांड्या टीम के कप्तान भी हैं। मुंबई इंडियंस ने सोशल मीडिया पर अपने कप्तान की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा द गन हैज अराइव। पांड्या ने चैम्पियंस ट्रॉफी में गेंद और बल्ले से भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। अब उनका लक्ष्य मुम्बई को आईपीएल के 18 वें सत्र में जीत दिलाना रहेगा। आईपीएल 2024 में उन्हें मुम्बई का कप्तान बनाया गया था पर टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उसे 14 मैचों में से चार में जीत मिली थी और वह सबसे निचले स्थान पर रही। ऑलराउंडर को आगामी सीजन में बेहतर परिणाम की उम्मीद होगी।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम डब्ल्यूपीएल के फाइनल में पहुंची

मुम्बई। कप्तान मेग लैनिंग की दिल्ली कैपिटल्स महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के फाइनल में पहुंच गयी हैं। कैपिटल्स (डीसी) ने लगातार तीसरी बार डब्ल्यूपीएल के फाइनल में सीधे जगह बनायी है। टीम नें अंक तालिका में नंबर एक पर रहने के साथ ही फाइनल में जगह बनाई, है। इस टूनार्मेंट का खिताबी मुकाबला 15 मार्च को खेला जाएगा।
दिल्ली को आठ मैचों में से पांच में जीत के साथ ही 10 अंक मिले हैं जबकि उसे तीन मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर की मुंबई इंडियंस के भी इतने ही अंक हैं पर वह नेट रनरेट कम होने के कारण दूसरे स्थान पर रही। मुंबई का नेट रन रेट (+0.192) जबक दिल्ली का नेट रनरेट (+0.396) है। वहीं प्लेऑफ से बाहर हो गयी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने एक अन्य मैच में मुंबई को 11 रनों से हरा दिया।
अब मुम्बई को फाइनल में पहुंचने के लिए 13 मार्च को गुजरात जायंट्स (जीटी) से एलिमिनेटर मैच खेलना होगा। जो भी टीम एलिमिनेटर जीतेगी, उसकी फाइनल में दिल्ली से टक्कर होगी। आरसीबी अंक तालिका में चौथे और यूपी वॉरियर्स पांचवें पायदान पर रही। दोनों ने तीन-तीन मैच जीते और 6 अंक हासिल किये।

बेंगलुरु ने मुंबई को 11 रन से हराया, स्मृति मंधाना की फिफ्टी

ब्रेबोर्न। विमेंस प्रीमियर लीग के 20वें मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को 11 रन से हरा दिया। ब्रेबोर्न स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 3 विकेट खोकर 199 का स्कोर बनाया। कप्तान स्मृति मंधाना ने 53 रन की पारी खेली। मंगलवार को 200 रन का पीछा कर रही मुंबई की टीम 20 ओवर 9 विकेट खोकर 188 रन ही बना सकी। नैट सिवर ब्रंट ने सबसे ज्यादा 69 रन बनाए। बेंगलुरु के लिए ऑलराउंडर स्नेह राणा ने 3 विकेट लिए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया। मुंबई इस हार के बावजूद खिताबी रेस में शामिल है। वहीं डिफेंडिंग चैंपियन आरसीबी जीत के बावजूद टूनार्मेंट से बाहर हो गई है। बेंगलुरु की टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 3 विकेट पर 199 रन बनाए। टीम से कप्तान स्मृति मंधाना ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाए। 37 गेंद की पारी में उन्होंने 6 चौके और 3 छक्के भी लगाए। एलिस पैरी ने 38 गेंद में 49 रन की नाबाद पारी खेली। ऋचा घोष ने 22 गेंद में 36 रन बनाए। वहीं जॉर्जिया वेयरहैम 10 गेंद में 31 रन बनाकर नाबाद रहीं। ओपनर सबनेनी मेघना ने 13 गेंद में 26 रन बनाए।

स्नेह राणा को 3 विकेट सिवर ब्रंट ने 69 रन बनाए

मुंबई इंडियंस से हैली मैथ्यूज को 2 और अमेलिया केर को एक विकेट मिला। फ्ळइ ने आखिरी 5 ओवर में 70 रन जोड़े। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई इंडियंस के लिए सिवर ब्रंट ने 69 रन की बेहतरीन पारी खेली लेकिन उन्हें दूसरे छोर से साथ नहीं मिला। आखिरी ओवरों में सजीवन संजना (23 रन), कप्तान हरमनप्रीत कौर (20 रन), हैली मैथ्यूज (19 रन) और अमनजोत कौर (17 रन) को शुरूआत अच्छी मिले लेकिन वे सभी अपनी पारी को लंबी नहीं कर सकी। स्नेह राणा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। किम गार्थ और एलिस पेरी को 2-2 विकेट मिले। मुंबई इंडियंस अगर यह मैच जीत लेती तो वह सीधे फाइनल में जगह बना लेती, हारने की वजह से टीम पॉइंट टेबल में दूसरे नंबर पर रह गई। ऐसे में दिल्ली कैपिटल्स ने पॉइंट टेबल में पहले नंबर पर रहते हुए फाइनल में जगह बना ली। दूसरी फाइनलिस्ट टीम का फैसला मुंबई इंडियंस और गुजरात जायंट्स के बीच होने वाले एलिमिनेटर मुकाबले में होगा। यह मुकाबला 13 मार्च होगा। एलिमिनेटर मुकाबला जीतने वाली टीम 15 मार्च को फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स से भिड़ेगी।

गावस्कर ने धोनी को बनाया अपनी ऑल टाइम वनडे इलेवन टीम का कप्तान

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने अपनी अपनी ऑल टाइम इंडिया वनडे प्लेइंग इलेवन बनायी है। गावस्कर ने अपनी इस टीम की कप्तानी महेन्द्र सिंह धोनी को दी है पर हैरानी की बात है कि इसमें मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को जगह नहीं मिली है।

गावस्कर ने अपनी इस टीम के लिए सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा की जोड़ी को सलामी बल्लेबाज के तौर पर रखा है। तेंदुलकर के एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे अधिक 8,436 रन है जबकि रोहित के भी नाम 11,000 से अधिक रन हैं। वहीं अनुभवी

बुमराह को नहीं मिली जगह

बल्लेबाज विराट कोहली को गावस्कर ने तीसरे नंबर के लिए रखा है। पूर्व क्रिकेटर मोहिंदर अमरनाथ को नंबर 4 पर जगह दी गयी है जबकि युवराज सिंह को पांचवें स्थान के लिए रखा गया है।

गावस्कर ने अपनी इस टीम में महान ऑलराउंडर कपिल देव के अलावा मोहम्मद शमी और जहीर खान को तेज गेंदबाजी के लिए रखा है। गावस्कर की इस ऑल टाइम वनडे प्लेइंग इलेवन में में दो स्पिनर के तौर पर रविंद्र जडेजा और हरभजन सिंह को शामिल किया गया है।

गावस्कर की ऑल टाइम एकदिवसीय टीम : एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), सचिन तेंदुलकर, रोहित शर्मा, विराट कोहली, मोहिंदर अमरनाथ, युवराज सिंह, कपिल देव, रविंद्र जडेजा, हरभजन सिंह, मोहम्मद शमी, जहीर खान।

टीम इंडिया के आगे का सत्र है बेहद व्यस्त, आईपीएल के बाद इंग्लैंड से खेलेगी टीम

मुम्बई। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के बाद अब भारतीय टीम का आगे का कार्यक्रम बेहद व्यस्त है। कुछ दिनों के आराम के बाद टीम के अधिकतर खिलाड़ी 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के 18 वें सत्र में खेलते दिखेंगे ।वहीं इसके बाद टीम को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। इसेस 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की शुरूआत होगी। भारतीय टीम इस बार विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में नहीं पहुंच पाई है इसलिए उसका लक्ष्य नये सत्र की अच्छी शुरूआत करना रहेगा। भारत 18 साल के अंतराल के बाद पटौदी ट्रॉफी जीतना भी चाहेगा क्योंकि 2021-22 में वे इसे बहुत कम अंतर से हार गए थे।

स्पेन में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलती हुई एफसी बार्सिलोना और एस एल बेनफिका की टीमें।

आईएमएल : सिमंस के शतक से वेस्टइंडीज मास्टर्स सेमीफाइनल में

रायपुर (ईएमएस)। लेंडल सिमंस के तेजी से लगाये शतक से वेस्टइंडीज मास्टर्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) में दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किा है। सिमंस के शतक से वेस्टइंडीज मास्टर्स ने 5 विकेट पर 200 रन बनाये। इसके बाद इस मैच में जीत के लिए दक्षिण अफ्रीकी मास्टर्स को 201 रनों का लक्ष्य मिला। जिसका पीछा करते हुए दक्षिण अफ्रीकी मास्टर्स 8 विकेट पर 171 रन ही बना पायी। इस मुकाबले में वेस्टइंडीज मास्टर्स की ओर से सिमंस ने 59 गेंद में 108 रन की आक्रामक पारी खेली।

जौनपुर महोत्सव में मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुबह से ही खस्ताहाल सड़कों का निर्माण कार्य जारी रहा।

जौनपुर

जौनपुर को बनायेंगे स्मार्ट सिटी : सीएम योगी

बोले, यहां की इमरती भी जीआई टैग हो गई, इसे भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मिलेगी मान्यता

जनसंदेश न्यूज

जौनपुर। मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने शाही किला में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के तहत 1001 जोड़ों के विवाह में सम्मलित हुए। मुख्यमंत्री ने नवदंपतियों पर पुष्पवर्षा कर उनके वैवाहिक जीवन की मंगल कामना की तथा उनके परिवारजन को भी शुभकामना दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंच पर स्नेहा-अंकुश, अमीना निशा-शौकत शेख, रंजना-शुभम, सीसम-विकास, सुषमा पाल-विकास को उपहार स्वरूप अपने हाथों से प्रमाण पत्र व चांदी की पायल भेंट की। मुख्यमंत्री के जनपद आगमन पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार खेल एवं युवा कल्याण गिरीश चन्द्र यादव द्वारा पुष्पगुच्छ, शॉल तथा राधाकृष्ण की प्रतिमा देकर स्वागत किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधिगणों ने भी मुख्यमंत्री का स्वागत किया। जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया।

अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सामूहिक विवाह का कार्यक्रम प्रधानमंत्री के सबका साथ-सबका विकास के भाव को नई ऊंचाई प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि विकास की कोई सीमा नहीं हो सकती। यह हर मनुष्य की आवश्यकता के अनुरूप और उनके जीवन में उत्साह व उमंग का भाव पैदा करने वाला होना चाहिए। डबल इंजन सरकार इसी भाव से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ गरीब, गांव, किसान, युवा, महिला समेत समाज के प्रत्येक तबके को उपलब्ध कराती है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह आदि कार्यक्रम लोकमंगल के भाव के साथ समाज के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का माध्यम है। जहां कोई नहीं, वहां सरकार आपके साथ के भाव के साथ कार्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत मार्च 2025 तक प्रदेश में चार लाख शादी संपन्न हो चुकी है। इससे प्रतीत होता है कि यह समाज की आवश्यकता थी। दहेज के अभाव में कोई बेटी अविवाहित न रह जाए। सरकार जिम्मेदारी लेगी कि बेटी का कन्यादान करेंगे और परिवार के साथ संबल बनकर खड़े रहेंगे। जब सरकार का यह भाव होता है तो परिवार आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में अग्रसर होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कुम्भ मेले में श्रद्धालुओं की सेवा और मदद करने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल व जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र सिंह सहित जनपदवासियों की काफी तारीफ की कहाकि खासतौर पर मैं जौनपुर महोत्सव के जरिये यहां आना चाहता था। उन्होंने कहा कि लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के नाम पर हर जनपद में इंप्लाईमेंट जोन बनेगा। हर व्यक्ति को स्किल डवलपमेंट, रोजगार, सम्मानजनक कार्य मिल सके, यहां इसके लिए निरंतर प्रयास होंगे। 100 एकड़ के क्षेत्रफल में ट्रेनिंग के साथ प्लेसमेंट, करियर काउंसिलिंग के कार्यक्रम प्रारंभ होते दिखाई देंगे। जौनपुर इस कार्यक्रम के लिए अभी से तैयारी करे, जिससे स्थानीय युवाओं को बाहर जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। मुख्यमंत्री ने आयोजन स्थल पर लगी प्रदर्शनी की तारीफ की। बोले कि यहां की इमरती भी जीआई टैग हो गई। इसे भी अंतरराष्ट्रीय बाजार में मान्यता मिलेगी और इसका निर्यात होगा। प्रयास होना चाहिए कि किसी को उपहार स्वरूप यहां की इमरती ही दी जाए। उसकी मिठास जीवन में हमेशा घुली रहेगी। इत्र दीजिए, उसकी सुगंध लोगों को जौनपुर के साथ जोड़ेगी और जनपद को नई पहचान दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जौनपुर को स्मार्ट सिटी बनाने जा रहे हैं। शहर के अंदर की सभी सड़कों, ड्रेनेज, बिजली के झूलते तारों की समस्या का एक झटके में समाधान होगा। सीएम ने गोमती तट पर बने घाटों व सड़कों की तारीफ की। बोले कि जौनपुर अब विकास में पीछे नहीं रहने वाला है। जफराबाद-जौनपुर में फ्लाईओवर, जौनपुर से जफराबाद सुल्तानपुर लखनऊ रेल सेक्शन के जौनपुर सिटी के उत्तर में समपार फाटक पर फ्लाईओवर, जौनपुर-अकबरपुर मार्ग को नेशनल हाईवे के फोरलेन का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इसके लिए 216 करोड़ रुपये और दोनों उपरिगामी सेतु के लिए 169 करोड़ व 92 करोड़ रुपये की स्वीकृति पहले दी जा चुकी है। जौनपुर-मीरजापुर मार्ग (विंध्यवासिनी धाम) से जोड़ने का कार्य भी सरकार ले रही है। मुंगराबादशाहपुर में बाईपास निर्माण को भी सरकार तेजी से बढ़ा रही है। सरकार ने जौनपुर में 17 पुल स्वीकृत किए हैं। सरकार जौनपुर की कनेक्टिविटी को बेहतर कर रही है। सेतु भी दो स्थानों को जोड़ रहा है तो सामूहिक विवाह की योजना दो परिवारों को अटूट संबंध में जोड़ने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने जौनपुर के नागरिकों के प्रति आभार प्रकट किया। बोले-हर बड़े आयोजन में सबकी सामूहिक जिम्मेदारी होती है। मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज महाकुम्भ में जब भीड़ बढ़ रही थी तो जौनपुर में 40 हजार बसों समेत सबके भोजन की व्यवस्था की गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन, बेसिक शिक्षा परिषद के रसोइए, नगर निकाय धन्यवाद के पात्र हैं, जिन्होंने अतिथि सत्कार का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया और महाकुम्भ की सफलता में संबल बने। उन्होंने कहा कि 100 देशों के श्रद्धालु महाकुम्भ में शामिल हुए और यह मानवता के समागम का सबसे बड़ा समारोह बन गया। इस पर्व ने प्रयागराज व प्रदेश को एक भारत-श्रेष्ठ भारत के भाव से जोड़ने का कार्य किया। आस्था का सम्मान हुआ तो आजीविका बढ़ती हुई दिखी।

मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का अवलोकन किया और जनपद में कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक विनय कुमार, राजेश कुमार राव, रामनंदन, राजेंद्र प्रसाद पासवान को मुख्यमंत्री के द्वारा सम्मानित किया गया और अमित सिंह को ड्रोन छिड़कने वाली मशीन का वितरण किया गया। उद्यान विभाग के अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री को जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में स्ट्राबेरी की खेती की जा रही है और किसान बक्शा केन्द्र में हाईटेक नर्सरी स्थापित की गयी है जहाँ पर किसानों को नई तकनीक के पौधे उपलब्ध कराये जाते हैं जिस पर मुख्यमंत्री द्वारा निर्देश दिया गया कि इसका अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए। मुख्यमंत्री ने आर्यन और इशिता का अन्नप्राशन कराया तथा दिव्यांगजन विभाग के अंतर्गत दिव्यांगों को ट्राई साइकिल भी वितरित किया। बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा लगाए गए स्टॉल के निरीक्षण के दौरान बच्चों के द्वारा मुख्यमंत्री का अभिवादन किया गया। कंपोजिट विद्यालय तारा उमरी की छात्रा दीपिका शर्मा के द्वारा रश्मिरथी का तृतीय सर्ग मुख्यमंत्री को सुनाया गया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना के अंतर्गत जनपद से कुल 153 लाभार्थियों को कुल रु0 3 करोड़ 75 लाख का ऋण वितरण एवं ओडीओपी टूल किट प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत टूल किट वितरण मुख्यमंत्री के कर कमलों द्वारा किया गया।

राज्यमंत्री ने जनपद वासियों की ओर से मुख्यमंत्री का स्वागत तथा आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में तथा प्रधानमंत्री के कुशल निर्देशन में उत्तर प्रदेश को विकास का नया आयाम मिला है और प्रदेश विकास के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस दौरान खेल व युवा कल्याण राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव, राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी, विधायक रमेश चंद्र मिश्र, रमेश सिंह, विधान परिषद सदस्य बृजेश सिंह प्रिंसू, पूर्व सांसद विद्यासागर सोनकर, नगर पालिका परिषद चेयरमैन मनोरमा मौर्या, भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, रामविलाश पाल, पूर्व विधायक हरेन्द्र सिंह, दिनेश चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र, मुख्य विकास अधिकारी साईं तेजा सीलम, ज्वाइट मजिस्ट्रेट इशिता किशोर सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारीगण सहित आमजनमानस उपस्थित रहे।

सामूहिक विवाह का आयोजन

- शहर के अंदर की सभी सड़कों, ड्रेनेज, बिजली के झूलते तारों की समस्या का होगा समाधान
- इत्र की सुगंध जनपद को दिलाएगी नई पहचान
- शाही किला में आयोजित सामूहिक विवाह में शिरकत करने पहुंचे प्रदेश के मुखिया
- मंच पर नवनिवाहित जोड़ों को दिया प्रमाण पत्र व भेंट की चांदी की पायल

कला का सम्मान होना चाहिए : सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जौनपुर में बाबू उमानाथ सिंह मेडिकल कॉलेज, टीडी कॉलेज, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय है। जौनपुर ने जगद्गुरु श्रीरामभद्राचार्य, वैज्ञानिक प्रो. लाल जी सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. कीर्ति सिंह, यादवेंद्र दत्त द्विवेदी, वासुदेव चतुर्वेदी, मोहम्मद जौनपुरी और रवि किशन दिया है। उन्हें गोरखपुर से दूसरी बार सांसद बना दिया गया। कला का सम्मान होना चाहिए। कला समाज को रचनात्मक गति और आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। जौनपुर महोत्सव में एक हजार से अधिक कलाकारों को मंच मिला। स्थानीय कलाकारों ने अपनी विद्या के माध्यम से लोककला को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए वित्तीय वर्ष में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में हर बेटी की शादी पर एक लाख रुपये खर्च करेंगे। मेधावी बेटियों को स्कूटी भी देंगे। जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहली अप्रैल से कार्यक्रम बढ़ेगा तो गरीबों-वंचितों को उन सभी योजनाओं से आच्छादित करेंगे, जिसका लाभ उन्हें नहीं मिल पाया है।

संक्षेप

आर्थिक रूप से कमजोर 325 छात्रों में वितरित हुई फीस राशि

मुंगराबादशाहपुर। मादरडीह गांव में स्थित प्रधान बृजेश यादव पप्पू के आवास पर स्वर्गीय बंशीलाल यादव की स्मृति में गांव के ही आर्थिक रूप से कमजोर कक्षा एक से लेकर 12 तक की छात्र-छात्राओं को फीस वितरित किया गया। शिक्षा से कोई भी छात्र-छात्राएं वंचित न हो इस सोच के साथ बुधवार को प्रधान बृजेश यादव ने विगत कई वर्षों से सरकारी व गैर-सरकारी विद्यालयों में शिक्षा लेने वाले आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को फीस राशि वितरित किया। जिसमें कक्षा 9 से लेकर इंटरमीडिएट छात्रों को पन्द्रह सौ रुपए, कक्षा 1 से लेकर 8 तक एक हजार रुपए व एक से लेकर 5 तक कक्षाओं के छात्र छात्राओं पांच सौ रुपए वितरित किया गया। छात्रों में दीपिका, हिमा, शिवेंद्र पटेल, अंकित प्रजापति, आकांक्षा बिंद, संध्या, रीमा सरोज, रूपा, सत्यम, निलेश, शिवा, काजल, नित्या मौर्या व शिवम पटेल छात्र-छात्राओं समेत कुल 325 लोगों को फीस राशि दिया गया। इस दौरान प्रधान बृजेश यादव पप्पू ने बताया कि पैसों की कमी के कारण शिक्षा से वंचित रहने वाली जरूरतमंद बच्चों के लिए समाजसेवी दिनेश चंद यादव ने विगत कई वर्षों से पहल की है कि बच्चों की स्टेशनरी, यूनिफॉर्म व शूज जैसे जरूरत के सामान वितरित कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रधान पप्पू यादव, चंद्रभूषण यादव, जगत चंद यादव, अनिल कुमार, नंदलाल यादव व दुर्गा प्रसाद बिंद आदि लोग मौजूद रहे।

परीक्षा देने गई नाबालिग छात्रा गायब, तीन के खिलाफ मुकदमा

मुंगराबादशाहपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिग छात्रा के अपहरण मामले में पुलिस तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और आरोपियों की तलाश कर रही है। परीक्षा देने घर से निकली छात्रा का फत्तुपुर निस्फी गांव निवासी युवक विनय सरोज अपने पड़ोसी कालीदीन व कुछ अज्ञात लोगों की मदद से अपहृत कर लिया। पीड़ित पिता के प्रार्थना पत्र पर पुलिस ने दो नामजद व अन्य अज्ञात के विरुद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस छात्रा व आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। इस संदर्भ में पूंछे जाने पर थानाध्यक्ष विनोद मिश्र ने बताया कि नाबालिग छात्रा के अपहरण मामले में दो नामजद व कुछ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है छात्रा व आरोपियों की तलाश में पुलिस जगह जगह छापेमारी कर रही है।

नागरिक पीजी कॉलेज में 8 वर्षों से नहीं मिला परीक्षा ड्यूटी का पैसा

जंघई। नागरिक पीजी कॉलेज में निवर्तमान प्राचार्य राजीव मालवीय द्वारा परीक्षा का पारिश्रमिक न देने के कारण शिक्षकों एवं कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। निवर्तमान प्राचार्य की कार्यप्रणाली से महाविद्यालय के वित्त पोषित एवं स्ववित्त पोषित कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। 2021 अक्टूबर में प्राचार्य पद ग्रहण करने के बाद प्राचार्य राजीव मालवीय द्वारा लगातार धन उगाही किया जा रहा था। इनके निर्देश पर भ्रष्टाचार चरम पर रहा और महाविद्यालय में प्रवेश का स्तर दिन प्रतिदिन गिरता गया। महाविद्यालय में परीक्षा के दौरान गर्मी में पीने के लिए पानी नहीं था और शौचालय गंदा, दूषित एवं दुर्गंध वाला पानी बच्चे मजबूरी में पी रहे थे। महाविद्यालय में गंदगी है और जंगल घांस उग आई थी। महाविद्यालय की दुर्दशा एवं अव्यवस्था के कारण प्रतिवर्ष बच्चों की संख्या कम हो रही है। अपने कार्य प्रणाली के चलते राजीव मालवीय को इस्तीफा देना पड़ा। इस्तीफे के बाद डॉ. नीरज प्राचार्य बने लगभग 5 महीने होने वाले हैं लेकिन परीक्षा ड्यूटी में लगे कक्ष निरीक्षकों को पैसा नहीं मिल पा रहा है। महाविद्यालय में अंक पत्र एवं नाम सुधरवाने के लिए 2 हजार रुपए प्रति बच्चों से लिया जाता है और 6 महीने चक्कर लगाने के बाद बच्चों को अंकपत्र मिलता है। शिक्षकों एवं कर्मचारियों के अनुसार सत्र 2016-20 का पारिश्रमिक शुल्क निवर्तमान प्राचार्य राजीव मालवीय के खाते में लगभग 6 लाख आया था लेकिन वितरण नहीं किया गया और शिक्षकों एवं कर्मचारियों के परिश्रम का पैसा खुद डकार गए। इसी प्रकार सत्र 2021-23 तक का 6 सेमेस्टर की परीक्षा ड्यूटी का पैसा कर्मचारियों के खाते में आया लेकिन स्ववित्त पोषित कर्मचारियों का आईएफएससी कोड कालेज कर्मचारियों द्वारा गलत कर देने के कारण उनके खाते में नहीं आ सका है जिसके कारण स्ववित्त पोषित कर्मचारी अपने परिश्रम का पैसा पाने के लिए दर दर भटक रहे हैं। महाविद्यालय के नये प्राचार्य डॉ. नीरज द्वारा भी परीक्षा ड्यूटी का पैसा दिलवाने के लिए भी कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है जिसके कारण शिक्षकों, कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। बहुत जल्द इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से की जाएगी।

दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में तीन घायल, दो का पैर टूटा

गौराबादशाहपुर। थाना क्षेत्र के जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे स्थित चोरसंड गांव के पास दो बाइक सवार की आमने-सामने हुई टक्कर में जिसमे तीन घायल हो गए। मंगलवार की रात जौनपुर-आजमगढ़ हाईवे स्थित थाना क्षेत्र के चोरसंड गांव के पास दो बाइक की आमने-सामने तेज टक्कर हो गई, जिसमें एक बाइक पर सवार सखैला गांव के मदन कुमार (40) विनोद कुमार (38) तथा दूसरी बाइक पर कुरेथु गांव का सुजीत (23) घायल हो गये। इस दुर्घटना में मदन कुमार व विनोद का पैर टूट गया है। उनकी हालत गंभीर देख सीएचसी के चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

दबंगों ने ढहा दी बाग की बाउंड्री वॉल

जफराबाद। कजगांव के सादात मसौड़ा निवासी रूपेश कुमार पांडे जो कि पेशे से अधिवक्ता है उन्होंने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि गांव में ही उनकी एक बाग है जिसका उन्होंने बाउंड्री वॉल करा रखा है। गांव के ही रामप्रसाद वह मंगल कुमार उस बाग की बाउंड्री वाल को तोड़ रहे थे इसका विरोध किए जाने पर उन लोगों ने उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए दौड़ा लिया, किसी तरह से वे अपने घर में घुसकर अपनी जान बचाए। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव का कहना है कि तहरीर के आधार पर दो नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

संदिग्ध परिस्थिति में नवयुवक की मौत

केराकत। सिपाह निवासी सचिन निषाद पुत्र दिनेश 17 वर्ष को देर शाम को संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। युवक देर शाम को गोमतेश्वर महादेव पर भंडारा खाकर घर को निकल गया। परिजनों की माने तो युवक घर पर ही विद्युत सही कर रहा था कि उसे झटका लग गया और वह अचेत हो गया जिसे परिजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस भी सूचना पाते ही शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी ।

शोरूम का शटर काटकर लाखों की मोबाइल चोरी

जौनपुर। शहर कोतवाली क्षेत्र स्थित ओलंदगंज में स्थित रवि कम्युनिकेशन मोबाइल शोरूम में बीती रात चोरों ने शटर काटकर लाखों रुपए नकद समेत मोबाइल चोरी कर पुलिस को चुनौती दे दिया। इस घटना से जहां एक ओर शहर के व्यापारियों में डर का माहौल है, वहीं दूसरी ओर प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही शोरूम के मालिक ने पुलिस को सूचित किया और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन किया है। बताया गया कि चोरों ने शोरूम की सुरक्षा व्यवस्था को भेदते हुए शटर काटकर चोरी को अंजाम दिया। चोरों ने शोरूम के अंदर घुसकर लाखों नकद समेत कीमती अनगिनत मोबाइल फोन चुराया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू कर दी, लेकिन चोरों का कोई सुराग नहीं मिला। शोरूम मालिक ने बताया कि चोरी की घटना से उनका व्यवसाय प्रभावित हो गया है। पुलिस ने शोरूम के आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू की है और इलाके के लोगों से पूछताछ कर रही है। अभी तक चोरों का कोई ठोस सुराग नहीं मिला है, लेकिन पुलिस का कहना है कि जल्दी ही चोरों का पता चल जाएगा और उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। ज्ञात हो कि इस चोरी की घटना ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। जब मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर तैयारियां चल रही थी और प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद हो, तब इस तरह की घटना होना सुरक्षा की कमजोर कड़ी को उजागर करता है।

बाइक से गिरकर महिला व ट्रैक्टर से दबकर बालक की मौत

चंदवक। क्षेत्र के बीरीबारी बाजार के पास बाइक से गिरकर महिला व लोहराखोर गांव में सड़क किनारे खेल रहे बालक की ट्रैक्टर से दबकर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई कर रही है। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरकी गांव निवासी प्रधानाध्यापक अरुण सिंह की पत्नी 50 वर्षीय कंचन सिंह बेटे आदर्श के साथ मायके चोलापुर वाराणसी थानाक्षेत्र के नियार गांव गई थी। दोपहर में वापस आते समय बीरीबारी बाजार के पास सड़क पर हुए गड्ढे में बाइक जाने से असंतुलित होकर गिर गई जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं। घायलावस्था में सीएचसी डोभी लाया गया जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं लोहराखोर गांव में ननिहाल में नाना दशरथ के यहां रह रहे वाराणसी के धरसौना निवासी श्रवण राजभर का पुत्र 4 वर्षीय कार्तिक दोपहर में गांव में जाने वाली सड़क पर खेल रहा था इसी बीच ट्रैक्टर की चपेट में आ गया। परिजन सीएचसी ले आए जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की।

विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल परिसर में हेलमेट और कार में सीट बेल्ट न लगाने वालों को प्रवेश नहीं मिलेगा। सड़क सुरक्षा समिति द्वारा दिए गए निर्देशों को विश्वविद्यालय ने कड़ाई से पालन करने के लिए आदेश जारी किया। विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान भी चलाएगा।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त ने सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में हुई बैठक मिले निर्देशों के पालन के लिए विश्वविद्यालय में पत्र भेजा है। इसके क्रम में सड़क सुरक्षा के लिए कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कार्यालय आदेश जारी किए हैं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा के लिए जो दिशा निर्देश मिले हैं इसका कड़ाई से पालन करना है। पूर्वांचल विश्वविद्यालय में कार्यरत सभी शिक्षक, नियमित, संविदा एवं अन्य कर्मचारी तथा अध्ययनरत विद्यार्थी समेत अन्य जो दुपहिया वाहन से आते हैं वे हेलमेट अनिवार्य रूप से पहने मोबाइल का प्रयोग न करे। उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य है। चार पहिया वाहन से जो लोग कार्यालय आते हैं, वे वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें एवं अन्य सभी सह यात्रियों के लिए सीट बेल्ट पहनना अनिवार्य

होगा। सभी विभागाध्यक्षों और कार्यालयाध्यक्ष को यह सुनिश्चित करना पड़ेगा कि वह इन दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन कराए। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार पर तैनात सुरक्षाकर्मी हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की जांच करेंगे। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रवेश करने पर रोक लगाई जायेगी। इसके लिए पुलिस प्रशासन की भी सहायता ली जाएगी। उन्होंने कहा कि यह निर्देश केवल एक औपचारिकता न होकर प्रत्येक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत आवश्यक है। हम सभी को इस पहल को गंभीरता से लेना चहिए और समाज एक सकारात्मक वातावरण का सृजन करना चाहिए। सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी डॉ. श्याम कन्हैया सिंह ने सभी से अपील की है कि अपनी सुरक्षा के भी इन दिशा निर्देशों का पालन करें।

मुख्यमंत्री के प्रस्थान तक ऑफिस अरेस्ट रहे किसान नेता अजीत सिंह

चंदवक। जनपद के शाही किला में आयोजित जौनपुर महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने आ रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से किसान नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में किसानों के प्रतिनिधि मंडल के मिलने की तैयारियों की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के कान खड़े हो गए। खुफिया तंत्र से लेकर पुलिस प्रशासन एलर्ट हो गया। रात से ही पुलिस अफसरों के फोन घनघनाने लगें। किसानों संग चंदवक स्थित पूर्वांचल किसान संगठन के कार्यालय पर पहुंचते ही पुलिस ने किसान नेता अजीत सिंह को ऑफिस अरेस्ट कर लिया।

मुख्यमंत्री के शाही किला में आयोजित जौनपुर महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने के दौरान किसानों ने केराकत तहसील के राष्ट्रीय राजमार्ग 233 के निर्माण से प्रभावित किसानों के

मुआवजे के संबंध में समस्या से अवगत कराने के लिए किसान नेता अजीत सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन देने का कार्यक्रम बनाया था। इसके लिए संबंधित पोर्टल पर समय भी मांगा गया था। इसकी जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन के कान खड़े हो गए। खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया। पुलिस प्रशासन के फोन घनघनाने लगें। किसानों की घेरेबंदी में पुलिस सुबह से ही जगह जगह सक्रिय हो गई। किसानों संग संगठन के चंदवक स्थित कार्यालय पर पहुंचते ही किसान नेता अजीत सिंह को किसानों संग पुलिस ने ऑफिस अरेस्ट कर लिया जो मुख्यमंत्री के प्रस्थान तक जारी रहा। मुख्यमंत्री के जाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।

घटिया सड़क निर्माण कार्य को लेकर कॉलोनी वासियों ने किया प्रदर्शन

भदोही। राजपुरा स्थित हरियाव आवासीय योजना राजपुरा कॉलोनी फेस 3 में भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण बीडा द्वारा बनाए जा रहे सड़क निर्माण में अनियमित बढ़ते जाने एवं घटिया निर्माण की शिकायत कॉलोनी वासियों द्वारा की गई है तथा इसके विरोध में बुधवार को प्रदर्शन भी किया गया।

प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि हरियांव आवासीय योजना (रजपुरा बीडा कालोनी फेज-3) में विगत 10 वर्षों से सभी सड़कें टूटी-फूटी एवं बदहाल स्थिति में हैं। वर्तमान में प्राधिकरण द्वारा कालोनियों के रखरखाव सम्बन्धित चार्ज का हस्तान्तरण नगर पालिका भदोही को करने के फलस्वरूप अत्यंत ही घटिया गुणवत्तविहीन सड़क का निर्माण कराया जा रहा है, जो सिर्फ रंगाई जैसा प्रतीत हो रहा है तथा बनते ही आने जाने वाली गाड़ियो से ही उखड़ रहा है, जिस पर कालोनीवासीयो में भारी रोष है। प्रदर्शन करने वालों ने भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण बीडा सहित जिलाधिकारी से मांग किया है कि तत्काल खराब मरम्मत कार्य के निविदा को समाप्त कर अन्तिम बार प्राधिकरण से मशीन द्वारा नवीन सड़क की स्वीकृति करते हुए उच्च गुणवत्तायुक्त नवीन सड़क का निमार्ण किया जाए। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से ज्ञानचंद सरोज, कमलेश सरोज, प्रवीण सिंह, अभिषेक उपाध्याय, मृत्युंजय खरवार, अजीत पटेल, रिंकू मौर्या, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, अजय पटेल, दयानंद शर्मा आदि शामिल रहे।

होली व रमजान के अवसर एसपी ने 102 लोगों को लौटाया खोया मोबाइल

भदोही। जनपद की पुलिस टीम ने 102 मोबाइल उपभोक्ताओं का खोया व गिरा विभिन्न कंपनियों के मल्टीमीडिया मोबाइल फोन लौटाकर सभी एक सौ दो उपभोक्ताओं के चेहरे पर मुस्कान बिखेरते हुए होली व रमजान की शुभकामनाएं दिया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत 17 लाख 50 हजार रुपये आँकी गयी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने जनसुनवाई, पोर्टल व डायल 112 के माध्यम से प्राप्त खोये गिरे मोबाइलों से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों का संज्ञान लेते हुए एसओजी व सर्विलांस की टीम को गुमशुदा मोबाइलों की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा अथक प्रयास से विभिन्न कम्पनियों के कुल-102 अदद मल्टीमीडिया मोबाइल फोन बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई। होली एवं रमजान के अवसर पर बुधवार को पुलिस अधीक्षक भदोही ने पुलिस लाईन ज्ञानपुर सभागार कक्ष में बरामदशुदा मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को सुपुर्द किया। सफलता प्राप्त करने वाली टीम में निरीक्षक श्याम बहादुर यादव प्रभारी एसओजी सर्विलांस सेल, हेड कॉन्स्टेबल धीरेन्द्र श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल हरिकेश यादव, बृजेश सिंह सुर्यवंश, हिमान्शु सिंह, प्रवेश कुमार, गोपाल खरवार, नीरज यादव, शेराफुल हसन, अहम सिंह, प्रिन्स भार्गव आदि शामिल रहें।

नगर में सजी होलिका, स्थापित की गई प्रतिमा

गोपीगंज। नगर व ग्रामीण क्षेत्र होली को लेकर तैयार हो गया है। बाजार मे रंग गुलाल के साथ ही गुझिया, मिठाई समेत अन्य पकवानो की खरीददारी के साथ मिठाई की दुकानों पर भीड़ लगनी शुरू हो गई, दहन के लिए नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व निर्धारित स्थान पर होलिका सजाई जा गई है। गोपीगंज नगर के काली देवी मीरजापुर तिराहा, सोनिया तालाब, फूलबाग, राजमार्ग सहित अन्य स्थानों पर शिवरात्रि के दिन विधि विधान पूर्वक इसकी स्थापना कर दी गई थी, जिसका आकार समय के साथ बढता गया। इसे आकर्षित ढंग से सजाया गया है। एकादशी की रात भक्त प्रह्लाद को गोद में लेकर बैठी होलिका की प्रतिमा स्थापित की गई। होलिका दहन के दिन शुभ मुहूर्त में इसमे अग्नि प्रवाहित की जाएगी, इसमे आहुति देने वाली सामाग्री लेकर फेरा लगाने के बाद जल रही होलिका मे आहुति देगे।

युवक का अपहरण, गुम होने की झूठी सूचना का पदार्फाश

भदोही। गत सात मार्चको रमाशंकर चौहान निवासी भाला थाना चौरी द्वारा थाना चौरी पर सूचना दिया गया कि उनका पुत्र प्रदीप कुमार चौहान उम्र करीब 28 वर्ष जो इंडियन बैंक में बैंक मित्र है। प्रातः वाराणसी के लिए गया था, वापस नहीं आया है तथा उसका मोबाइल नंबर भी बंद बता रहा है। उक्त सूचना पर तत्समय ही गुमशुदगी दर्ज करते हुए युवक की तलाश के प्रयास सहित विधिक कार्यवाही प्रचलित की गई। पुलिस टीम द्वारा घटना की जांच के क्रम में घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। पुलिस टीम द्वारा घटना के सभी पहलुओं की गहनता से जांच व तथाकथित पीड़ित का मोबाइल नंबर ट्रेस करते हुए लोकेशन के आधार पर सकुशल बरामदगी किया गया तो ज्ञात हआ कि युवक प्रदीप कुमार चौहान द्वारा फाइनेंस कम्पनी से लिए हुए लोन का 05 लाख रुपए जमा न करने की नीयत से अपने अपहरण की झूठी व मनगढ़ंत सूचना परिजनों के माध्यम से पुलिस को दिया गया है तथा वर्तमान में लुक-छुपकर पुणे, महाराष्ट्र में रह रहा है। थाना चौरी व जनपदीय सर्विलांस टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए युवक को महाराष्ट्र से सकुशल बरामद करते हुए उसके द्वारा दी गई झूठी सूचना का पदार्फाश किया गया। पुलिस को झूठी सूचना देकर बरगलाने के संबंध में आरोपी प्रदीप कुमार चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

नूरानी मस्जिद में तरावीह हुई मुकम्मल हाफिज हसनैन को मिली मुबारकबाद

भदोही। माहे रमजान कि 11वी शब को मोहल्ला जमुंद स्थित नूरानी मस्जिद में हाफिज हसनैन अंसारी ने तरावीह मुकम्मल कि। तरावीह मुकम्मल होते ही मुक्तदियों ने हाफिज हसनैन अंसारी को फूल माला पहनाते हुए गले मिल कर मुबारकबाद दी। तरावीह मुकम्मल होने के बाद हाफिज परवेज अच्छे मियां ने कहा कि कम उम्र में हाफिजे कुरआन होना अल्लाह कि सबसे बड़ी नेअमत है। कहा कि ये एक अच्छे और नेक माँ-बाप के परवरिश का नतीजा है कि जिसके आँगन में मजहबे इस्लाम का फूल खिल कर आज अल्लाह के मुकदस किताब कुरआन से दुनिया को महकाता हुआ नजर आ रहा है।

कहा कि जिनके बच्चे हाफिजे कुरआन होते है वे दुनिया में भी सुरखुरु होते है और उनकी आखेरत भी संवर जाती है। हाफिज हसनैन का इस्तकबा करने वालों में मुख्य रूप से हाफिज व मौलाना आबिद हुसैन, हाफिज शहजाद, मोइनुद्दीन अंसारी, परवेज अंसारी, सरफराज अंसारी, सोनू खान, आफताब अंसारी, जुनैद अंसारी, मोनू खान, जैद राइन, शहबाज अकबर, अमान राइन, सादिक कुरैशी, नफीस कुरैशी, मोहम्मद अकरम आदि मौजूद रहे। इसी तरह मोहल्ला जमुन्द स्थित कुजड़ाने वाली मस्जिद में हाफिज अशफाक रब्बानी ने तरावीह की नमाज मुकम्मल कराई। इमाम को नमाजियों ने फूल माला पहना कर मुबारकबाद दी।मस्जिद से बाहर निकलते ही हाफिज अशफाक रब्बानी के ऊपर मस्जिद व घरों के ऊपर से गुलाब के फूलों की पंखुड़ियों बरसाकर उनका इस्तकलबाल किया गया। इस मौके पर मुशीर इकबाल, आफताब अंसारी, अकबर खान, अदनान खान, इदरीस खान, मो फैज खान, इरशाद अंसारी, नूर आलम, महताब अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

पीयू के डेढ़ हजार शिक्षकों की होली होगी फीकी

मूल्यांकन के दो माह बाद नहीं मिला पारिश्रमिक

जनसंदेश टाइम्स

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में यूजी पीजी विषम सेमेस्टर की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दो माह पूर्व समाप्त हो गया है। मूल्यांकन कार्य 1500 परीक्षकों ने पूरा किया। अब होली आ गई लेकिन अब तक उनकी पारिश्रमिक नहीं मिला।

बता दें कि यूजी पीजी कक्षाओं के विषय में सेमेस्टर की परीक्षाओं (2024-25) के उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन दिसंबर के अंतिम सप्ताह में शुरू हुआ, जो फरवरी के पहले समाप्त तक हुआ। मूल्यांकन के समाप्त हुए करीब दो माह बीत चुके हैं। मूल्यांकन में कार्य डेढ़ हजार परीक्षको ने यूजी पीजी विषम सेमेस्टर के 35 विषयों के उत्तर पुस्तिकाएं का मूल्यांकन किया था। परीक्षकों ने मूल्यांकन के बाद अपनी पारिश्रमिक सीट भरकर विश्वविद्यालय को भुगतान के लिए दिया।

निराशा

पारिश्रमिक के लिए शिक्षक विश्वविद्यालय का लगा रहे हैं चक्कर

विश्वविद्यालय ने भरोसा दिलाया था कि उनका पारिश्रमिक शीघ्र उनके खाते में पहुंच जाएगा

विश्वविद्यालय ने भरोसा दिया था कि उनका पारिश्रमिक शीघ्र उनके खाते में पहुंच जाएगा लेकिन दो माह बाद भी भुगतान नहीं आया। इधर होली भी आ गई है, लेकिन डेढ़ हजार परीक्षकों के खाते में अभी तक विश्वविद्यालय ने पारिश्रमिक नहीं भेजी है जिसके लिए विश्वविद्यालय का चक्कर परीक्षक लग रहे हैं। हालांकि वहीं सूत्रों का कहना है वित्त अधिकारी की अधिकारी के जाने के बाद कार्यवाहक वित्त अधिकारी के कभी कभार आते हैं और या तो हस्ताक्षर के लिए फाइलों को लेकर अंबेडकर नगर विश्वविद्यालय जाना पड़ता है जिसके चलते परीक्षकों की पारिश्रमिक लटका है। वही उड़ाका दल के काफी सदस्यों की भी पारिश्रमिक लटकी है।

> परीक्षकों द्वारा की गई यूजी पीजी की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पारिश्रमिक भुगतान कुछ लोगों का हो गया है और प्रक्रिया में है शीघ्र उनके खाते में भुगतान हो जाएगा। भुगतान में कोई समस्या नहीं आएगी।
>
> डॉ. विनोद कुमार सिंह (परीक्षा नियंत्रक) पूर्वांचल विश्वविद्यालय)

इस तरह देखा जाए तो 1500 शिक्षकों के अलावा अन्य प्रयोगात्मक मौखिक परीक्षाओं में सेवा दो चुके शिक्षकों का भी पारिश्रमिक लटकी हुई है। इस बारे में शिक्षक नेता डॉ. एलपी मौर्य समेत अन्य शिक्षकों ने कहा कि उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हुए दो माह बीत गए हैं लेकिन अभी शिक्षकों की लाखों रुपए पारिश्रमिक नहीं भेजी गई है जिससे शिक्षकों का होली का त्योहार फीका होना तय है।

बच्चों ने अबीर गुलाल और फूलों संग जमकर खेली होली

मुंगराबादशाहपुर। सिटी पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं ने एक दूसरे को अबीर गुलाल और फूलों से जमकर होली खेली। सभी ने एक दूसरे को होली की बधाई दी।

बुधवार को कक्षा 1 से लेकर इंटरमीडिएट तक छात्र छात्राओं ने एक दूसरे के गालों में गुलाल लगाकर होली खेली। उन्होंने पानी बचाने के लिए भी अपील की। प्रबंधक आलोक कुमार गुप्ता ने बच्चों को होली का महत्व बताते हुए पानी बचाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि होली एक ऐसा रंग-बिरंगा त्योहार है, जो हर धर्म के लोग पूरे उत्साह और मस्ती के साथ मनाते हैं। प्यार भरे रंगों से सजा यह पर्व हर धर्म, संप्रदाय, जाति के बंधन खोल कर भाईचारे का संदेश देता है। प्रधानाचार्य रमेश चंद्र मिश्रा समेत शिक्षकों ने कहा कि होली मेल मिलाप का त्योहार है। इसमें सभी के लिए शिकवे भूल कर एक दूसरे को गले लगाना चाहिए। केमिकल रंगों से होली न खेलें, इसके लिए हर्बल रंगों, गुलाल का प्रयोग करें। इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवचंद तिवारी, सुभाष मिश्रा, अभिषेक गुप्ता, हिना, कुसुम, पल्लवी, पूनम, रोशनी, नीरज मिश्रा व रंजीत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

35वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में किरन व सारिका ने जीता सिल्वर मेडल

नेवढ़िया। 35वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ में आयोजित बालिका बैडमिंटन प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में वाराणसी मंडल के जौनपुर के रामपुर ब्लॉक की किरन पटेल व सारिका भारती कंपोजिट विद्यालय नोनारी एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय भवानीगंज फाइनल में सिल्वर मेडल जीतकर ब्लाक रामपुर, जिला जौनपुर का नाम पूरे प्रदेश में नाम रोशन किया है। इन लड़कियों को कोच विजयपाल अनिल पटेल प्रतिदिन अपने खर्चे से बैडमिंटन खेल घर के पास टेंट लगाकर प्रेक्टिस करवाते थे। कोच विजय पाल ने कहा अगली बार हम राष्ट्रीय स्तर में गोल्ड मेडल जीतवा कर ही दम लेंगे। इस कार्यक्रम में प्रतिभाग कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी रामपुर अश्वनी सिंह, खेल व्यायाम शिक्षक अमित सोनकर, टीम मैनेजर अनुराग सत्यार्थी, कोच विजयपाल, रविंद्र सिंह, अखिलेश कुमार, मानिकचंद पटेल एवं पूरी टीम एवं स्पोर्ट टीम की सहयोग अति सराहनीय रही। इस जीत का श्रेय विजेताओं ने अपने खेल व्यायाम शिक्षक, कोच, अध्यापक, खंड शिक्षा अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी शुभम मौर्य, चंद्रशेखर यादव जिलाध्यक्ष युवक मंगल दल को दिया।

नैंसी ने दो गोल्ड मेडल जीत जनपद का नाम रोशन किया

केराकत। क्षेत्र की डेहरी गांव निवासी नैंसी यादव ने गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ में मंगलवार को आयोजित 35वीं राज्य स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा खेल प्रतियोगिता में सौ व दो सौ मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेंडल कब्जा जमाकर गांव ही नहीं बल्कि जनपद को गौरवान्वित किया। बता दे कि केडी स्पोर्ट्स कराटे एकेडमी की खिलाड़ी नैंसी यादव उड़न परी के नाम से जानी जाती है लगातार प्रतियोगिता में अपनी खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अब तक कई मेंडल से नवाजी जा चुकी है। मेंडल मिलने की खबर जब परिवार समेत ग्रामीणों को हुई तो खुशी का ठिकाना नहीं रहा। परिवार को बधाई देने का तांता लग गया। नैंसी यादव ने अपनी जीत का श्रेय गुरु सोनू यादव समेत परिवार को देने के साथ ही भविष्य बेहतर प्रदर्शन करने की बात को कही।

खंड शिक्षा अधिकारी के साथ शिक्षकों ने होली मनायी

सुजानगंज। बीआरसी सभागार में खंड शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षकों ने होली मनाया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. किरन पांडेय की उपस्थिति में शिक्षकों ने एक-दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर एक दूसरे को होली की बधाई दी। प्रभाकर शुक्ल और अभिनव मिश्र के होली गीत पर लोग झूम उठे।

बीईओ डा. किरन पांडेय ने कहा कि आप सभी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए खुशी एवं हर्षोल्लास से होली का त्योहार मनाए। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष चंद्र प्रकाश त्रिपाठी, अजय सिंह, शेर बहादुर मौर्य अध्यक्ष पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ, ओम प्रकाश चौरसिया, राजीव मणि, डा. विनोद कुमार पाल एआरपी, अरुण मिश्रा, सुनील कुमार यादव, शेखर मिश्र, दिनेश सतीश भगत सिंह, अमर बहादुर, सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।

होली पर्व से बाजारों की बढ़ी रौनक

खरीदारी करने वालों की उमड़ी रही भीड़

खेतासराय। होली का पर्व नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। हर तरफ रंगों की छटा बिखरी हुई है और दुकानों पर तरह-तरह की पिचकारियां, गुलाल, अबीर और अन्य होली से जुड़ी सामग्रियां सजी हुई हैं। रंग-बिरंगी पिचकारियों की अलग-अलग डिजाइनों और आकारों ने खासकर बच्चों को आकर्षित किया है। छोटे आकार की साधारण पिचकारियों से लेकर बड़े वाटर गन और कार्टून थीम वाली पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं, जिन्हें खरीदने के लिए लोग उमड़ पड़े हैं। गुलाल और अबीर के साथ-साथ प्राकृतिक रंगों की भी खास मांग देखी जा रही है। लोग केमिकल-फ्री और ऑर्गेनिक रंगों को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिससे त्वचा को कोई नुकसान न हो। वहीं, बाजार में विशेष प्रकार के खुशबूदार और चमकदार रंग भी आए हैं, जो ग्राहकों को खूब लुभा रहे हैं।

मिठाई और पकवानों की दुकानों पर भी खरीदारों की अच्छी-खासी भीड़ नजर आ रही है। होली पर गुझिया, ठंडई, नमकीन और अन्य पारंपरिक व्यंजन बनाने की तैयारी जोरों पर है। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बाजार में नए तरह के उत्पाद देखने को मिल रहे हैं, जिससे ग्राहकों की दिलचस्पी बढ़ी है। होली की तैयारियों के बीच प्रशासन भी सतर्क है। बाजारों में सुरक्षा के इंतजाम कड़े कर दिए गए हैं, ताकि त्योहार के दौरान कोई अप्रिय घटना न हो। खेतासराय के खुटहन, मुख्य मार्ग, पुरानी बाजार रोड, स्टेशन गली आदि जगहों पर भीड़ को देखकर दुकानदारों के चेहरे पर खुशी है। उन्हें उम्मीद है कि जैसे-जैसे होली का दिन करीब आएगी, बिक्री और भी बढ़ेगी। लोगों के उत्साह और बाजार की रौनक से साफ है कि इस बार होली का जश्न पूरे जोश और उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

संक्षेप

डिप्टी कमिश्नर के हाथों प्रमाण पत्र पाकर खिले चेहरे

भदोही। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) मूसीलाटपुर में चल रहे 30 दिवसीय एसी फ्रीज रिपेयरिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर भदोही जनपद के डिप्टी कमिश्नर (स्वतः रोजगार) अनुराग राय द्वारा निपुण प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ने सभी प्रशिक्षणार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामना प्रकट की और कहा कि तकनीकी ज्ञान की विशेषता यही है कि यह सदैव परिष्कृत होते रहना चाहिए। इसलिए सभी लोग हमेशा अपने को अपडेट करते रहियेगा। आरसेटी के निदेशक कन्हैया चौरसिया ने सभी लोगों को प्रेरित किया कि अब आप लोग अपना रोजगार शुरू कीजिये और आवश्यतानुसार बैंक से ऋण के लिए आवेदन कर दीजिये बैंक आपके साथ है। आगे कहा कि यदि आप आत्मनिर्भर बनते है तो देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रशिक्षण समन्वयक देवेंद्र दूबे द्वारा किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला मिशन प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह व विभागीय कर्मचारी प्रेम चंद्र मिश्र, पंकज पाण्डेय, आशीष रावत, प्रमोद, विनय, लालेंद्र राय, शनि, संतोष सहित सभी 33 निपुण प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

खंड शिक्षा अधिकारी ने सेवामुक्त प्रधानाध्यापक के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

गोपीगंज। खंड शिक्षा अधिकारी डीघ की तहरीर पर तुलापुर रोही के सेवा मुक्त प्रधानाध्यापक अनुराग तिवारी के खिलाफ मुकदमा कायम कराया है। उनकी तहरीर पर कार्रवाई करते हुए संबंधित धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। फर्जी अभिलेख के आधार पर सहायक अध्यापक के रुप मे नियुक्त बरदहा आजमगढ़ निवासी अनुराग तिवारी को सेवा मुक्त कर दिया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह के निर्देश पर खंड शिक्षा अधिकारी वेद प्रकाश यादव ने थाने में तहरीर दी थी, जिसपर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संबधित धाराओं मे मुकदमा कायम कर दिया है।

ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर साइबर फ्रॉड के शिकार पीड़ित को मिली धनराशि

भदोही। जनपद में हो रहे साइबर अपराध की रोकथाम हेतु अभिमन्यु मांगलिक, पुलिस अधीक्षक भदोही द्वारा साइबर क्राइम पुलिस थाना को किसी पीड़ित व्यक्ति के साथ हुए धोखाधड़ी या सोशल साइट के दुरुपयोग पर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। रामभरोसे पाल पुत्र श्री जीतलाल पाल निवासी लक्ष्मणीया थाना औराई द्वारा साइबर क्राइम थाना भदोही पर सूचना दिया गया कि उनके साथ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा आनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर 3,56,000 रुपए का फ्रॉड किया गया। सूचना पर साइबर क्राइम पुलिस थाना द्वारा तत्समय ही आईटी एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर त्वरित कार्यवाही करते हुए नि. मनोज कुमार साइबर थाना ,का. कन्हैया कुमार सिंह एवं म.का. शालिनी सिंह द्वारा कुल एक लाख की धनराशि को पीड़ित के खाते में वापस कराया गया। पीड़ित द्वारा अपने खाते से गयी धनराशि को वापस पाकर पुलिस अधीक्षक भदोही व साइबर क्राइम पुलिस थाना टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भदोही पुलिस की भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

गोपीगंज। थाना क्षेत्र के लालानगर मे राष्ट्रीय राजमार्ग पर मंगलवार की रात हुए सड़क हादसे मे बाइक सवार अंगलेश बिंद उम्र 32 वर्ष निवासी पूरेटीका की मौत हो गई। मौके पर पहुची पुलिस शव को कब्जे में ले लिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि पूरे टीका निवासी संतलाल बिंद का पुत्र अंगलेश बिंद बाइक से जगीगंज निवासी वैभव यादव के साथ बारात मे गया था। रात मे वापस लौटते समय लालानगर मे ट्रैक्टर व बाइक की टक्कर मे बाइक चला रहे युवक की जहां मौत हो गई वहीं पीछे बैठा वैभव सुरक्षित बच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तीन भाई व एक बहन मे सबसे बड़ा था, उसकी एक वर्ष पूर्व शादी हुई थी।

कार चालक की लापरवाही से मासूम की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल

गोपीगंज। स्थानीय क्षेत्र के राजमार्ग के गिराई स्थित पावर हाउस के पास बुधवार को अनियंत्रित कार चालक ने बाईक सवार पति पत्नी और मासूम बेटे सहित साइकिल सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 112 पीआरबी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया। चिकित्सको काफी प्रयासों के बाद भी मासूम को नही बचाया जासका, वही गंभीर रूप से घायल पति व पत्नी को ट्रामा सेन्टर वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। वही साइकिल सवार को जिला अस्पताल रेफर किया गया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र के लोकमनपुर निवासी महेश 27 वर्ष पुत्र अनिल शुक्ला उनकी पत्नी आंचल 25 वर्ष तथा पुत्र शिवाय डेढ़ वर्ष बाइक से मां विंध्यवासिनी मंदिर जा रहे थे, जैसे ही गिराई राष्ट्रीय राजमार्ग के पावर हाउस पर पहुंचे थे इस दौरान प्रयागराज से वाराणसी की तरफ जा रही तेज रफ्तार फोनेक्स कार ने सायकिल सवार कोतवाली क्षेत्र के किशुनदेवपुर निवासी प्रदीप मौर्या 26 पुत्र सोला मौर्या को जोरदार टक्कर मारते हुए आगे जा रहे बाइक सवार प्रयागराज जनपद के हंडिया थाना क्षेत्र के लोकमनपुर निवासी महेश शुक्ला 27 के बाइक में भी जोरदार टक्कर मार दी। बताया जाता है अबोध बालक एकलौता पुत्र था। मौके पर क्षेत्राधिकारी, कोतवाल सहित पुलिस बल मौजूद रहे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

सुइथाकला। शिक्षा क्षेत्र में सराय मोहिउद्दीनपुर स्थित सनसाइन पब्लिक स्कूल का दसवां वार्षिकोत्सव मंगलवार को हर्षोल्लास पूर्वक धूमधाम से मनाया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने विविध कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपना जलवा बिखेरा। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्षता कर रहे वशिष्ठ नारायण चतुर्वेदी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ किया गया। जिसके बाद कक्षा 9 की रागिनी, साक्षी, वर्षा, रितिका, आकांक्षा और सौम्या द्वारा सरस्वती वंदना पर नृत्य किया गया। अंशिका मिश्रा, हिमानी, नंदिनी व रोशनी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसी कड़ी में बच्चों ने जहां एकल गीत, नृत्य, एकांकी और भाषण आदि कार्यक्रम की प्रस्तुति देने के साथ ही होली गीत पर फूलों की होली खेलकर अपना जलवा बिखेर दिया, वहीं शिक्षक व कवि राहुल राज मिश्र ने काव्य पाठ किया। स्कूल के प्रबंधक रविशंकर चतुर्वेदी ने भक्ति गीत गाकर समां बांध दिया। अंत में प्रबंधक रविशंकर चतुर्वेदी ने आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। संचालन विवेक प्रजापति और प्रधानाचार्या पूजा सिंह ने किया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह और विशिष्ट अतिथि उपायुक्त जीएसटी प्रयागराज अनिल कुमार मिश्र ने अपना आशीर्वचन दिया। इस दौरान डाक्टर आलोक सिंह पालीवाल, मो. हसन तनवीर, पवन पाल समेत अभिभावक, बच्चे आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य कर्मचारी आवास में सांप से दहशत

खेतासराय। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोंधी के कर्मचारी आवास में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब कर्मचारियों ने एक विचित्र सांप देखा। सांप को देखकर वहां मौजूद कर्मचारी डर गए और अफरा-तफरी मच गयी। कर्मी आवास छोड़कर भागने लगे। घटना की जानकारी मिलते ही फार्मासिस्ट अशोक यादव सुल्तानी को होने पर तत्काल पिलकिछा ग्राम के प्रधान नरेन्द्र यादव को बुलाकर सांप को पकड़वाया। करीब चार घण्टे की जद्दोजहद के बाद सावधानीपूर्वक सांप को पकड़ने की कोशिश सफल रही, लेकिन वह लगातार छिपने की कोशिश करता रहा। काफी मशक्कत और सूझबूझ के बाद पकड़ा गया। सांप पकड़ने वाले नरेन्द्र यादव ने बताया कि यह सांप यदा-कदा देखने को मिलता है। अपने भोजन के चूहों के तलाश में घर में आ जाता है। सांप के पकड़े जाने के बाद कर्मचारियों ने राहत की सांस ली, लेकिन परिसर में इस तरह के जीवों के पाए जाने से सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की।

शौचालय में बल्ब न होने पर किया विरोध तो दबंगों ने पीटा

करंजाकला। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पाल्हामऊ खुर्द गांव में सोमवार की रात दबंगों ने करीब 48 वर्षीय व्यक्ति को शौचालय में बल्ब गायब होने के विरोध करने पर पीट दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने बुधवार को घायल व्यक्ति का मेडिकल मुआयना करवाकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है। पालामऊ खुर्द गांव में बने सामुदायिक शौचालय पर सफाई कर्मी के रूप में तैनात गांव की निवासिनी राजकुमारी (40) ने बुधवार सरायबाजार थाने पर तहरीर दी की बीते सोमवार की रात करीब 11 बजे शौचालय में लगे बल्ब को किसी अज्ञात व्यक्ति ने चुरा लिया और इस दौरान जब उसने इसका विरोध किया तो गांव के ही दबंग किस्म के कुछ लोगों ने मौके पर पहुंचकर गाली गलौज शुरू कर दिया। मामला बिगड़ता देख पत्नी राजकुमारी ने अपने पति मोहनलाल (48) को सूचना दी। जैसे ही मोहनलाल बाहर निकला तो आक्रोशित दबंगों ने मोहनलाल व पत्नी राजकुमारी को पीटना शुरू कर दिया और मारपीट के दौरान मोहनलाल के सिर में गंभीर चोट आ गई। शोरगुल की आवाज सुनते आसपास के लोग जब एकत्रित हुए तो मौके से दबंग भाग गए और उसी बीच मोहनलाल की हालत बिगड़ते देख लोगों ने उसे इलाज के जिला अस्पताल पहुंचा दिया।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।

प्रधान सम्पादक - सुभाष राय

स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा

पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।

फोन नं. 8177008889

आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**

डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

प्रोजेक्ट्स में लापरवाही बरतने वालों की खैर नहीं



की ताकीद

सीएम ने कई प्रोजेक्ट्स में देरी पर जतायी नाराजगी

परियोजनाओं में देरी करने वालों की जवाबदेही तय करें

वाराणसी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने जिले में चल रहे प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करने और जनसुविधाओं के कार्यों को नजरअंदाज न करने का अफसरों को अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में लापरवाही बरतने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। वहीं होली एवं आगामी पर्वों को सौहार्दपूर्ण तरीके से संपन्न कराने और इसमें किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वालों से कड़ाई से निबटने का निर्देश दिया। सीएम ने धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर की आवाज पर स्थाई नियंत्रण लगाने का अफसरों को कड़ा निर्देश दिया। सीएम योगी ने बुधवार को शाम सर्किट हाउस में जनपद के विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा कर जरूरी निर्देश दिए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने राजस्व से संबंधित वादों के समयबद्ध निस्तारण के लिए लंबे समय से एक ही पटल पर जमे तथा शिथिलता बरतने वाले कर्मियों को हटाने के लिए अफसरों को निर्देशित किया। सीएम हेल्प लाइन व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का मेरिट के आधार पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने गंजारी में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम के आसपास की जमीनों को काश्तकारों से वार्ता कर क्रय करने तथा वहां पर सुनियोजित विकास का रोड़मैप तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि स्टेडियम के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल व मूलभूत सुविधाओं का विकास करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद में चल रही परियोजनाओं का गुणवत्ता के साथ टाइम लिमिट में पूरा कराया जाए। इसमें शिथिल कार्य करने वाली कार्यदायी संस्थाओं की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रत्येक निर्माणाधीन परियोजनाओं की मॉनीटरिंग के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के साथ ही प्रत्येक सप्ताह जांच कराकर रिपोर्ट प्राप्त करने का निर्देश दिया। कई परियोजनाओं की प्रगति धीमी होने पर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

गर्मी में न हो पेयजल की किल्लत

सीएम योगी ने गर्मी के दृष्टिगत कही भी पेयजल की समस्या न होने देने और समुचित पेयजलापूर्ति के प्रबंध करने का अफसरों को निर्देश दिया। सीएम ने फ्लाईओवर के पिलरों पर अच्छी पेंटिंग के साथ ही अच्छे विज्ञापन डिस्प्ले कराने, बेतरतीब तरीके से लगी होर्डिंग्स को हटाकर उसे व्यवस्थित कराने का निर्देश दिया। ठेला, पटरी व्यवसायियों के लिए शहर में पर्याप्त वेंडिंग जोन बनाने के साथ ही नगर निगम एवं विकास प्राधिकरण को समुचित स्थलों का चयन कर वहां वाहन पार्किंग बनाने की कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

क्रय केंद्रों पर किसानों को मिले सस्ता भोजन

मुख्यमंत्री ने सभी गेहूं क्रय केंद्रों पर किसानों के लिए सस्ते भोजन, पेयजल, बैठने की समुचित व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। जनपद में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए हुए एमओयू के सापेक्ष अब तक निवेश की जानकारी लेते हुए इसमें प्रभावी ढंग से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जनपद में कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास व सस्ती कैंटीन की व्यवस्था करने का निर्देश दिया।

पीडब्ल्यूडी की लेटलतीफी पर दिया अल्टीमेटम

जिलाधिकारी एस राजलिंगम ने जिले में निमार्णाधीन विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति पीपीटी के माध्यम से मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। जिसमें रिंग रोड फेज-2 के गंगा पर निमार्णाधीन पुल के एक लेंन का कार्य आगामी मार्च तक तथा जून 2025 तक पूरी परियोजना को पूरा किया जायेगा। यूपीपीसीएल तथा पीडब्ल्यूडी के लगभग सभी प्रोजेक्ट्स में देरी पर मुख्यमंत्री ने नाराजगी जताते हुए कार्य में तेजी लाने की हिदायत दी। उन्होंने परियोजना शुरू होने से पहले ही एनओसी आदि की प्रक्रिया पूरी करने तथा बड़ा लालपुर में निमार्णाधीन निफ्ट कैम्पस के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने निमार्णाधीन परियोजनाओं की एक्सपर्ट्स से गुणवत्ता तथा भौतिक प्रगति चेक कराने का निर्देश दिया। चंद्रावती घाट पर कार्य की खराब गुणवत्ता की शिकायत पर कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल को कार्य की गुणवत्ता में सुधार लाने का निर्देश दिया।

नौवीं के विद्यार्थियों को इसरो में जाने का शानदार मौका

अपॉरच्यूनिटी

इसरो ने युवा वैज्ञानिक प्रोग्राम 2025 के लिए मांगे आवेदन, 23 मार्च तक अंतिम तिथि

वाराणसी। इसरो ने युवा वैज्ञानिक प्रोग्राम 2025 के लिए आवेदन शुरू किया है। कक्षा नौ में पढ़ने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। चयनित विद्यार्थियों को इसरो में जाने का मौका मिलेगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कक्षा नौवीं के छात्रों के लिए युवा वैज्ञानिक प्रोग्राम 2025 (युविका) की घोषणा कर दी है।

इसरो जाने के इच्छुक विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट पर 23 मार्च 2025 तक आवेदन कर सकते हैं। इसरो की पहल का उद्देश्य युवा छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी से परिचित कराना है। कार्यक्रम इसरो के सात केंद्रों पर दो सप्ताह के आवासीय पाठ्यक्रम के रूप में होगा।

सात अप्रैल को जारी होगी लिस्ट

आवेदन के बाद जिन विद्यार्थियों का चयन होगा, उसकी सूची सात अप्रैल को जारी की जाएगी। चयनित छात्रों को 18 मई या अधिसूचित तिथि पर निर्धारित केंद्रों पर रिपोर्ट करना होगा। यह कार्यक्रम 19 से 30 मई तक चलेगा, इसमें छात्र 31 मई को केंद्रों से प्रस्थान करेंगे, नौवीं में पढ़ाने वाले विद्यार्थी पंजीकरण कर सकते हैं।

चयन की यह होगी प्रक्रिया

युवा वैज्ञानिक प्रोग्राम 2025 के लिए आवेदन करने वाले छात्रों का चयन 8वीं में शैक्षणिक प्रदर्शन के जरिये किया जाएगा। न्यूनतम 50 फीसदी नंबर 8वीं में होने चाहिए। छात्रों को एक ऑनलाइन क्विज में भी शामिल होना होगा, जो उनके समग्र मूल्यांकन में 10 प्रतिशत योगदान देगा। पिछले तीन वर्षों में स्कूल (दो प्रतिशत), जिला (पांच प्रतिशत) या राज्य और उससे ऊपर के स्तर (10 प्रतिशत) पर विज्ञान मेलों और प्रतियोगिताओं में भागीदारी को भी ध्यान में रखा जाएगा।

वाराणसी में बिक रहा अवैध पटाखा पुलिस की नाक के नीचे चल रहा खेल

घोर लापरवाही

'जनसंदेश टाइम्स' की पड़ताल में खुली पोल

मनीष चौरसिया

वाराणसी। एक ओर जहां शहर में होली और रमजान शांतिपूर्वक मनाने की तैयारी चल रही है। वहीं दूसरी ओर शहर में बड़े स्तर पर अवैध पटाखों का कारोबार चल रहा है। बड़ी बात यह है कि शहर के बीचो बीच चौक थाने से चंद दूरी पर पटाखों का कारोबार फल फूल रहा है। इसमें बड़ा सवाल यह है कि त्योहारों के मद्देनजर पुलिस लगातार क्षेत्रों में गश्त कर रही है, बावजूद इसके पुलिस की नाक के नीचे पटाखों का कारोबार फैला हुआ है। सूत्रों के मुताबिक, यहां एक दिन में 50 लाख रुपए से अधिक का पटाखों का कारोबार हो रहा है। ऐसे में इस पर कई तरह के प्रश्नचिन्ह खड़े हो रहे हैं।

काशी की तंग गली दालमंडी और उससे लगायत इलाकों में तेजी से पटाखों का व्यापार चल रहा है। यहां सबसे बड़ी बात कि इसके लिए भी दुकानदारों ने एजेंट तैनात कर रखे हैं। होली के मद्देनजर अबीर गुलाल और पिचकारी खरीदने के लिए जब कोई ग्राहक दुकानों पर जाता है, तो एजेंट बकायदा उससे पटाखे के लिए पूछते हैं, इसके बाद ग्राहक की रजामंदी होने पर उसे किसी कटरे के भीतर ले जाया जाता है, जहां पटाखों का भंडार लगा हुआ है और खरीददारी होती है।

अब सवाल यह है कि काशी विश्वनाथ धाम से महज एक किलोमीटर के दायरे में जहां परिंदा भी पर नहीं मार सकता, ऐसे में यहां इस तरह का व्यापार पुलिस की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां दीपावली पर ही पुलिस का अभियान चलता है, जबकि पटाखों की बिक्री पूरे साल होती है। होली के अवसर पर ग्रामीण क्षेत्रों में होलिका दहन के समय पटाखे जलाने की परम्परा है, ऐसे में यहां होली के समय पटाखों की सेल बढ़ जाती है, लेकिन पुलिस इन पर लगाम लगाने में पूरी तरह से विफल नजर आती है।

सीएम ने इंजीनियरों, श्रमिकों से जाना ग्राउंड स्टेटस

गंजारी स्टेडियम

सीएम योगी ने निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का किया निरीक्षण

अफसरों को तय समय सीमा में सभी काम पूरा कराने का दिया निर्देश

वाराणसी। होली से ठीक पहले काशी के दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंजारी में निर्माणाधीन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने स्टेडियम में चल रहे कार्यों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर निर्माण कार्य को पूरा कराने का निर्देश दिया। सीएम योगी ने स्टेडियम के निर्माण में लगे इंजीनियरों, श्रमिकों से बातचीत कर काम में बारे में वस्तु स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी को पूरी जिम्मेदारी से स्टेडियम निर्माण का काम योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से स्टेडियम के ड्रेनेज, रोड कनेक्विटी, पब्लिक यूटीलिटी समेत कई बिंदुओं पर सवाल- जवाब किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंजारी में निर्माणाधीन स्टेडियम का मॉडल देखकर अफसरों से प्रगति का हाल जाना। उन्होंने अब तक पूरे हुए कार्यों और शेष बचे निर्माण कार्य के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बता दें कि गंजारी में 451 करोड़ की लागत से 30.66 एकड़ क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। इस क्रिकेट स्टेडियम में 30 हजार लोग बैठकर मैच देख सकेंगे। गंजारी क्रिकेट स्टेडियम बनने से यूपी के अलावा बिहार, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के युवा खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर प्राप्त होगा।

इस स्टेडियम में क्रिकेट के राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय मैचों के साथ ही बैडमिंटन, टेबल टेनिस, तैराकी की भी सुविधा उपलब्ध होगी। उप्र में कानपुर व लखनऊ के बाद यह तीसरा क्रिकेट स्टेडियम होगा, जहां अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 23 सितंबर को राजातालाब के गंजारी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का शिलान्यास किया था। निरीक्षण के दौरान प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर, आयुष एवं खाद्य सुरक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या, महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह, विधायक सुनील पटेल, कमिश्नर कौशल राज शर्मा, जिलाधिकारी एस राजलिंगम आदि उपस्थित रहे।

विश्व जल दिवस : रन फॉर क्लीन गंगा

अभियान

मैराथन के लिए पोस्टर का लोकार्पण

22 मार्च को सुबह राजघाट से तुलसीघाट छह किमी दौड़ेंगे हजारों लोग : प्रो. विश्वम्भरनाथ

रन फॉर क्लीन गंगा : मैराथन के लिए पोस्टर का लोकार्पण करते खिलाड़ी निशांत सिंह,प्रो. महंत विश्वम्भरनाथ मिश्र, अंतरराष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्र, फुट बॉलर फरमान हैदर क्रमशः बाएं से दाएं।

वाराणसी। संकट मोचन फाउंडेशन के तत्वावधान में इस वर्ष विश्व जल दिवस 22 मार्च को आयोजित रन फॉर क्लीन गंगा - मैराथन - के लिए पोस्टर का लोकार्पण मंगलवार को तुलसीघाट पर किया गया। रन फार क्लीन गंगा में हजारों लोग दौड़ेंगे। सादगीपूर्ण व गरिमायुक्त समारोह में फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रो. विश्वम्भरनाथ मिश्र, मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय एथलीट नीलू मिश्र, विशिष्ट अतिथि द्वय अंतर्राष्ट्रीय नेट बॉल खिलाड़ी निशांत सिंह व फुटबॉलर फरमान हैदर ने विधिवत पोस्टर को मां गंगा की निर्मलता के संदेश के साथ लोकार्पित किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष महंत प्रो विश्वम्भरनाथ मिश्र ने कहा कि हर वर्ष से अलग हटकर पूरे शहर को जोड़ने के लिए राजघाट से तुलसीघाट छह किमी तक रन फार क्लीन गंगा : मैराथन का आयोजन 22 मार्च को किया गया है। इस क्रम में राजघाट से प्रातःकाल 6.30 बजे से हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरूआत की जाएगी। छह किमी के मैराथन के लिए राजघाट समेत मछोदरी, मैदागिन, चौक, जंगमबाड़ी, शिवाला व तुलसीघाट सात स्थान बनाए गए हैं। तुलसीघाट पर समापन समारोह होगा जिसमें मैराथन में भाग लेने वालों को प्रथम, द्वितीत तृतीय व सांत्वना पुरस्कार दिए जाएंगे। फुटबाल खिलाड़ी फरमान हैदर ने कहा कि नगर के मुसलमान मुबारक रमजान के महीने में इस नेक काम में भागीदार बनकर मां गंगा की निर्मलता का संकल्प लें क्योंकि मां गंगा हम सबकी हैं। वे जितनी दूर चल सकते हैं, उतना ही चलें लेकिन इस मैराथन में अवश्य शामिल हों। इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रो. एनके दुबे, कार्यक्रम समन्वयक अशोक पांडेय, राजेश मिश्र, गोपाल पांडेय ,शैलेश त्रिपाठी, अमित मणि त्रिपाठी, अनिल शर्मा, निशांत सिंह,अभिषेक मिश्र विकल्प दुबे, रवि मिश्र, हृदय नारायण मिश्र आदि उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 45 जोड़े हुए एक दूजे के

आयोजन

पंडितों के मंत्रोचार के बीच 34 लड़कियों ने रचाया विवाह

मौलवी ने पढ़ा कलमा, 11 जोड़ों का हुआ निकाह

नगर निगम के आयोजित अनोखे समारोह में साक्षी बना परिवार

महापौर ने बिखेरी गुलाब की पंखुड़ी नव वर- वधुओं को दिया आशीर्वाद

वाराणसी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत बुधवार को आयोजित अनोखे भव्य समारोह में कुल 45 जोड़े विवाह बंधन में बध गए। अनेक जोड़ो ने हिन्दू रिति रिवाज से जहां अपने जीवन साथी के गले में माला डाला,वही कई मुस्लिम लड़कियो ने भी एक दूजे के लिए अपने शौहर का चयन भी कर लिया। पंडितो के मंत्रोचार के बीच 34 हिन्दू लडकियों ने जहां विवाह रचाई,वही कलमा की पढाई के नगर निगम की ओर से शहीद उद्यान में हुए इस वैवाहिक समारोह में महापौर सहित नगर निगम के अधिकारी तथा अनेक पार्षद उपस्थित थे जबकि विवाहोत्सव में वर-वधुओ के परिवारजन साक्षी रहे। इस अवसर पर महापौर ने गुलाब की पंखुड़ी विखेरी और नव वर- वधुओं को आर्शीवाद दिया। कार्यक्रम में महापौर अशोक कुमार तिवारी ने सभी को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सर्वसमाज के विकास हेतु कार्य किया जा रहा है। जिसमें जाति सम्प्रदाय नही देखा जाता है। जिसका प्रत्यक्ष उदाहरण मुख्यमंत्री सामुहिक विकास योजना है। जिसमें सभी जाती धर्म को बराबर का दर्जा दिया जा रहा है। महापौर अशोक तिवारी ने नये सभी युगल जोड़ो का स्वागत किया और मिलजुल कर रहने अपने वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाए रखने की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कार्यक्रम की आयोजक नगर निगम की अपर नगर आयुक्त सविता यादव की देखरेख और जिला समाज कल्याण अधिकारी के उपस्थिति में जहां शासन स्तर से दी जाने वाले उपहार को नए जोड़ो को प्रदान किया गया,वही सभी वर-वधुओ को भोजन भी कराया गया। जिसमें उपहार स्वरूप कपड़े साड़ी,बरतन,ट्राली बैग,अनार्मेन्ट आदि सभी वर-वधुओं को वितरित किया गया। इसके पूर्व मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना के अन्तर्गत नगर निगम द्वारा सभी जोनल अधिकारियों के माध्यम से वैवाहिक जोड़ों को चिंह्ति किया गया था। योजना के अन्तर्गत 51 जोड़ो ने अपना पंजीकरण कराया था, जबकि वैवाहिक कार्यक्रम में 45 जोड़े ही शमिल हुए। कार्यक्रम की आयोजक नगर निगम की अपर नगर आयुक्त सविता यादव की देखरेख और जिला समाज कल्याण अधिकारी के उपस्थिति में जहां नए जोड़ो को उपहार प्रदान किया गया,वही सभी वर-वधुओ को भोजन भी कराया गया ।

इस अवसर पर पार्षद सुरेश कुमार चौरसिया, अमरदेव यादव, श्यामआसरे मौर्य, सुरेश कुमार, सिन्धु सोनकर, प्रमोद राय, संदीप सिंह रधुवंशी,कुसुम पटेल,समस्त जोनल अधिकारी, एस.बी.एम. के डाकुमेन्ट मैनेजर प्रीति सिंह आदि लोग शमिल रहे। कार्यक्रम का संचालन पीआरओ संदीप श्रीवास्तव ने किया।

होलिका दहन आज, रंगोत्सव 14 को

होली

भद्रा बीतने के पश्चात होगा होलिका दहन

रंग बिरंगे रंगों के साथ होली को और भी बनाये खुशनुमा

राधेश्याम कमल

वाराणसी। इस बार पूर्णिमा तिथि के दिन प्रातः 10.36 मिनट से रात्रि 11.30 बजे तक भद्रा रहेगा। भद्रा बीतने के पश्चात होलिका दहन किया जायेगा। जैसा कि मान्यता है कि होलिका दहन भद्रा रहने नहीं किया गया। होलिका दहन 13 मार्च को होगा। जबकि रंग बिरंगे रंगों का पर्व 14 मार्च को होगा। ज्योतिषी विमल जैन के मुताबिक भद्रा के पश्चात शुभ मुहुर्त में होलिका दहन करना मंगलकारी माना गया है। पूर्व स्थापित की होलिका की विधि विधान पूर्वक अपने परम्परा के मुताबिक उक्त पूजा की जाती है। होलिका पूजन के पूर्व में श्रीगणेश पूजन किया गया। होलिका पूजन के पश्चात ताम्रपात्र से गंगा जल व शुद्ध जल अर्पित किया जाता है।

होलिका में क्या क्या रहती है सामग्री

होलिका पूजन के उपक्रम में रोली, अक्षत, पुष्प साबूत हल्दी की गांठ, नारियल, बतासा, कच्चा सूत, गोबर के बने उपले आदि पूजन की सामग्री रहती है। होलिका के चारों ओर तीन या सात परिक्रमा करते हुए कच्चे सूत को लपेटा जाता है।

होलिका दहन के समय होलिका की परिक्रमा की जाती है। ऐसी मान्यता है कि होलिका दहन के पश्चात होलिका की भस्म मस्तक पर लगाने से सुख समृद्धि बनी रहती है।

चमत्कारिक होती है होलिका की भस्म

होलिका की भस्म अत्यन्त चमत्कारिक मानी गई है। इसको शरीर में लगा कर स्नान करने से आरोग्य सुख का लाभ मिलता है। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि पर चैतन्य महाप्रभु जयंती मनायी जायेगी। इस बार पूर्णिमा तिथि के दिन प्रातः 10.36 से रात्रि 11.30 बजे तक भद्रा रहेगा। भद्रा में होलिका नहीं किया जाता है। भद्रा बीतने के पश्चात होलिका दहन होगा।

कौन सा रंग आपको बनायेगा भाग्यशाली

होली पर राशियों के अनुसार किस रंग खेलने से होली खेलने पर आपको शीघ्र ही सफलता मिलेगी।

1-मेष- लाल, गुलाबी,नारंगी
2- वृषभ- क्रीम,
3- मिथुन-हरा
4- कर्क- सफेद व क्रीम
5- सिंह- केशरिया, लाल गुलाबी
6- कन्या- फिरोजी हरा
7- तुला- सफेद, हल्का नीला
8- वृश्चिक- लाल, गुलाबी, नारंगी
9- धनु- सुनहरा पीला
10-मकर- ब्राउन, सिलेटी
11-कुंभ- हरा
12- मीन- पीला

निर्धारित तिरंगों का प्रयोग कतरने से होली में स्नेह आनंद से सराबोर होना चाहिए। इन रंगों का प्रयोग करने वाले को परिधान व अन्य वस्तुओं का प्रयोग करना चाहिए।

होली का अवकाश अब तीन दिन सोमवार को खुलेंगे स्कूल

वाराणसी। उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद ने होली पर तीन दिनों के अवकाश की घोषणा की है। शिक्षा विभाग ने 13 से 15 मार्च तक अवकाश घोषित कर दिया है। इससे पहले शासन ने 13 व 14 मार्च को सार्वजनिक अवकाश का आदेश दिया था। नए आदेश के बाद स्कूल अब सीधे सोमवार 17 मार्च को खुलेंगे। बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी इस आदेश के अनुसार प्रदेश के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में होली के पहले व दूसरे दिन 13 व 14 मार्च को होली की छुट्टी घोषित थी। अब 15 मार्च (निर्बंधित अवकाश) को भी स्कूल बंद रहेंगे। जिससे विद्यार्थियों और शिक्षकों को कुल तीन दिन का अवकाश मिलेगा। वहीं 16 मार्च को रविवार है। ऐसे में देखा जाए तो अगले चार दिन तक स्कूल बंद रहेंगे। विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी के अनुरोध पर बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी ने पत्र जारी कर यह आदेश दिया है।

2.49 लाख उज्ज्वला लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी ट्रांसफर

फायदा

जिले के लाभार्थियों को जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने दिया प्रतीकात्मक चेक

लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम को कमिश्नरी सभागार में देखा गया लाइव

वाराणसी। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत लखनऊ में उप्र के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी वितरण के कार्यक्रम को बुधवार को कमिश्नरी सभागार में लाइव देखा गया। सभागार में जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी ने जिले के उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निशुल्क सिलिंडर रीफिल की सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक वितरित किया।

जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य ने कहा कि 10 साल पहले गैस कनेक्शन और गैस सिलेंडर बहुत कम घरों में होता था। पहले गैस सिलेंडर लेने के लिए बहुत परेशानी होती थी, लेकिन अब प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के प्रयास से गैस कनेक्शन और गैस सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हो रहा है।

एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री प्रदेश की महिलाओं के सम्मान व प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सीडीओ हिमांशु नागपाल ने कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जनपद में दो लाख 49 हजार से अधिक उज्ज्वला कनेक्शन के लाभार्थी है जिनके खातों में सब्सिडी ट्रांसफर की जा रही है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों के खाते में डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर यानी डीबीटी के तहत सब्सिडी की धनराशि ट्रांसफर की जा रही है।